सूर्योदय 5:54 सूर्यास्त 6:48

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9.6 न्यू | 24.2 अधि |
| धर्मशाला | 11.6 न्यू | 30.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78553.20 |
| निफ्टी | 23851.65 |
| सोना 97,310 | चांदी 97,953 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in



स्मृति मंधाना बनी रत्नागिरी जेट्स की आइकन खिलाड़ी

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025 | 6 बैशाख, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 109, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

### आज का मैच

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु vs पंजाब किंग्स

समयः रात 7:30 बजे (बेंगलुरु)

## न्यूज शॉर्ट्स

### चुनाव नियम विवादः ईसी को जवाब देने को मिले 3 हफ्ते

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 1961 के चुनाव नियमों में हुए हालिया संशोधनों को चुनौती देने वाली कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश और अन्य पक्षों की याचिकाओं पर जवाब देने के लिए निर्वाचन आयोग (ईसी) को तीन सप्ताह का समय और दिया। सीजेआई संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने रमेश की याचिका पर 15 जनवरी को केंद्र सरकार और आयोग को नोटिस जारी करके जवाब मांगा था। निर्वाचन आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने जवाब दाखिल करने के लिए तीन और सप्ताह का जवाब मांगा। पीठ ने सिंह का अनुरोध स्वीकार करते हुए सुनवाई के लिए 21 जुलाई की तारीख तय की।

### 'आप' नेता दुर्गेश पाठक के घर सीबीआई का छापा

**नई दिल्ली।** विदेशी फंडिंग से जुड़े मामले में वीरवार को सीबीआई ने आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक दुर्गेश पाठक के घर छापेमारी की है। सीबीआई ने बुधवार को 'आप' के खिलाफ फॉरेन कंट्रीब्यूशन रेगुलेशन एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। सीबीआई के मुताबिक, विदेशों में रहने वाले 155 लोगों ने 55 पासपोर्ट नंबरों का इस्तेमाल कर 404 बार में पार्टी को कुल 1.02 करोड़ का डोनेशन दिया। कई डोनर्स ने एक ही पासपोर्ट नंबर का इस्तेमाल किया, जिससे फर्जीवाड़े का संदेह है।

### गूगल की गोपनीय जानकारी हटाने का आदेश

**नई दिल्ली।** गूगल को अपने प्ले स्टोर पॉलिसी मामले में एक और झटका लगा है। नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल (एनसीएलएटी) ने अपने पिछले महीने के फैसले से गूगल की गोपनीय आय संबंधी जानकारी वाले अंश हटाने का आदेश दिया है। यह आदेश उस दस्तावेज से जुड़ा है, जो गूगल ने 6 अक्तूबर 2022 को ट्राइब्यूनल को सौंपा था और जिसमें कंपनी की राजस्व जानकारी शामिल थी। इससे पहले 28 मार्च को, एनसीएलएटी ने भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के उस फैसले को बरकरार रखा था।

### गुजरात में भीषण सड़क हादसा, छह की मौत

**पाटन (गुजरात)।** गुजरात के पाटन जिले में वीरवार को ऑटोरिक्शा और राज्य परिवहन निगम की बस के बीच टक्कर में ऑटोरिक्शा सवार छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना सामी-राधनपुर राजमार्ग पर सामी गांव के पास हुई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो के क्षतिग्रस्त हिस्से बस के नीचे फंस गए। अधिकारी ने बताया कि यह हादसा ओवरटेक करने के दौरान हुआ।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- सेब पौधरोपण घोटाले में तीसा का बीडीओ निलंबित -पेज 3
- कांग्रेस जांच एजेंसियों को डराना धमकाना चाहती हैः राजेंद्र गर्ग -पेज 6
- अमरीश और साथियों के घरों पर पुलिस की रेड, घरों में नहीं मिले -पेज 10
- बंगाल के 26 हजार शिक्षकों को सुप्रीम कोर्ट से राहत -पेज 13

### सुप्रीम कोर्ट में दूसरे दिन भी हुई सुनवाई, यथास्थिति बनी रहेगी

# वक्फ में फिलहाल नियुक्ति नहीं केंद्र से हफ्ते में मांगा जवाब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**वक्फ** संशोधन कानून पर वीरवार को सुप्रीम कोर्ट में दूसरे दिन करीब 1 घंटे सुनवाई हुई। कोर्ट ने केंद्र सरकार को कानून पर जवाब देने के लिए 7 दिन का समय दिया है। सरकार के जवाब के बाद याचिकाकर्ताओं को 5 दिन में जवाब देना होगा।

अगली सुनवाई 5 मई को दोपहर 2 बजे होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून के खिलाफ दायर 70 याचिकाओं की जगह सिर्फ 5 याचिकाएं ही दायर की जाएं, उन्हीं पर सुनवाई होगी। तब तक सरकार को तीन निर्देश मानने होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 110 से 120 फाइलें पढ़ना संभव नहीं हैं। ऐसे में 5 प्वॉइंट तय करने होंगे। सिर्फ 5 मुख्य आपत्तियों पर ही सुनवाई होगी। सभी याचिकाकर्ता मुख्य बिंदुओं पर सहमति बनाएं। नोडल काउंसिल के जरिए इन आपत्तियों को तय करें।

**5 मुख्य आपत्तियों पर ही सुनवाई करेगी शीर्ष अदालत**

### अब पांच मई को सुनवाई



सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस पीवी संजय कुमार, जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच इस मामले पर सुनवाई कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मौजूदा स्थिति में कोई बदलाव हो।

सरकार के जवाब तक यथास्थिति बनी रहेगी। कोर्ट ने कहा कि फिलहाल वक्फ बोर्ड और काउंसिल में कोई नियुक्ति न हो। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार अभी नियुक्ति नहीं करने वाली है। मेहता ने कहा कि प्रतिवादी 7 दिन के भीतर एक संक्षिप्त जवाब दाखिल करना चाहते हैं और आश्वासन दिया है कि अगली तारीख तक 2025 अधिनियम के तहत बोर्ड और परिषदों में कोई नियुक्ति नहीं होगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि अधिसूचना या राजपत्रित की ओर से पहले से घोषित उपयोगकर्ता की ओर से वक्फ सहित वक्फ की स्थिति में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।

सीजेआई ने कहा कि अगर 1995 के अधिनियम के तहत पंजीकरण हुआ है, तो उन संपत्तियों को नुकसान नहीं पहुंचाया जा सकता। हम कह रहे हैं कि कार्यपालिका निर्णय लेती है और न्यायपालिका निर्णय लेती है।

### याचिकाकर्ताओं को विशेष मामले में जवाब दाखिल करने की स्वतंत्रता

**सीजेआई** ने कहा कि अगली सुनवाई केवल निर्देशों और अंतरिम आदेशों के लिए होगी, यदि कोई हो। एसजी मेहता ने कहा कि आपके द्वारा लिए गए किसी निर्णय के परिणाम का आकलन करने के लिए भी आपको कुछ दस्तावेजों की आवश्यकता होती है। मुझे रिकॉर्ड पर सामग्री रखने की अनुमति दें। एक सप्ताह के भीतर कुछ भी नहीं बदल सकता। सीजेआई ने कहा कि 1995 के वक्फ अधिनियम और 2013 में किए गए संशोधनों को चुनौती देने वाली रिट याचिकाओं को इस सूची से अलग से दिखाया जाएगा। 2025 के मामले में रिट दायर करने वाले याचिकाकर्ताओं को विशेष मामले के रूप में जवाब दाखिल करने की स्वतंत्रता है। संघ और राज्य तथा वक्फ बोर्ड भी 7 दिन के भीतर जवाब दाखिल करे। इस बात पर सहमति है कि पक्षकार उन याचिकाओं की पहचान करेंगे, जिन्हें लीड केस माना जाएगा। लीड मामलों में अन्य याचिकाओं को आवेदन के रूप में माना जाना चाहिए।

# हिमाचल में आंधी-तूफान ने किया भयंकर नुकसान

### 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं तेज हवाएं, कई जगह उखड़े पेड़



शिमला में तेज हवाओं से छत विहीन हुई एक इमारत तथा (इनसेट) तूफान से उड़कर गिरी टीन।

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में बुधवार रात को आए तेज तूफान और मूसलधार बारिश ने खूब कहर बरपाया। 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने से कई पेड़ उखड़ गए और कई घरों की छतें उड़ गईं। तूफान से शिमला, सिरमौर, कुल्लू, कांगड़ा, हमीरपुर, मंडी, ऊना सहित अन्य जिलों में भी भारी नुकसान हुआ है।

हमीरपुर जिले के बड़सर के मिनी सचिवालय के निकट एक झुग्गी बस्ती पर पेड़ गिरने से एक आठ वर्षीय बच्चे और मंडी जिले के बल्द्वाड़ा में घर की छत गिरने से महिला की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हुआ है। वहीं, कई जगह बिजली के खंभे गिर गए और कई स्थानों पर यातायात पूरी तरह से पटरी से उतर गया। मैदानी इलाकों में गेहूं व अन्य फसलों व ऊंचाई वाले इलाकों में सेब की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। राजधानी शिमला में जगह-जगह पर पेड़ गिरने से कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हुई हैं। ठियोग की देवरीघाट पंचायत के शिरगुल गांव में घर की छत उड़ गई। कोटखाई क्षेत्र में भी कई घरों को नुकसान पहुंचा है। कांगड़ा शहर में भी कई होर्डिंग्स गिर गए। वहीं, दो कारों को क्षति पहुंची है। कांगड़ा के पास कछियारी में तीन पेड़ सड़क पर गिर गए, जिससे यातायात करीब डेढ़ घंटे तक बंद रहा। (अनंत ज्ञान)

**बड़सर में बच्चे और मंडी के बल्द्वाड़ा में महिला की मौत**

### आज और कल को ऑरेंज अलर्ट

**मौसम** विभाग ने 18 से 22 अप्रैल तक बारिश और तेज तूफान की संभावना जताई है। 18 और 19 अप्रैल को बारिश, तेज तूफान और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

# रॉबर्ट वाड्रा से तीसरे दिन ईडी ने की साढ़े 7 घंटे पूछताछ

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**गुरुग्राम** लैंड स्कैम केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तीसरे दिन भी रॉबर्ट वाड्रा से साढ़े सात घंटे पूछताछ की। ईडी ऑफिस से बाहर निकलने के बाद वाड्रा ने कहा कि मैं निडर हूं और खुद बता रहा हूं कि यदि मैं भाजपा में जाता हूं तो सारी कार्रवाई खत्म हो जाएगी। इनके वॉशरूम में साफ हो जाता है सब कुछ। मैं 2019 में भी इसी मामले में ईडी के सवालों के जवाब दे चुका हूं। करीब 15 बार जा चुका हूं, 10-10 घंटे मैंने सवालों के जवाब दिए हैं। वही सवाल इस बार भी पूछे जा रहे हैं। कोई नए सवाल नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि हर चीज क्लीयर है, सारे जवाब दिए जा रहे हैं। वाड्रा ने कहा कि शुक्रवार को हॉलिडे नहीं होता है, तो मेरा जो जन्मदिन है, वह मैं ईडी के ऑफिस में ही सेलिब्रेट कर रहा होता। भगवान का शुक्र है, गुड फ्राइडे है, तो मैं अपना जन्मदिन परिवार के साथ सेलिब्रेट करूंगा।

**वाड्रा बोले- आज हॉलिडे न होता तो ईडी ऑफिस में मनाता बर्थडे**

### उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जताई चिंता, बोले-

# अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने वीरवार को सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश पर चिंता जताई, जिसमें राष्ट्रपति और राज्यपालों को बिलों को मंजूरी देने की समयसीमा तय की थी। उन्होंने कहा कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं।

उन्होंने कहा कि संविधान का अनुच्छेद-142 के तहत कोर्ट को मिला विशेष अधिकार लोकतांत्रिक शक्तियों के खिलाफ 24×7 उपलब्ध न्यूक्लियर मिसाइल बन गया है। जज सुपर पार्लियामेंट की तरह काम कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल को तमिलनाडु गवर्नर और राज्य सरकार के केस में गवर्नर के अधिकार की 'सीमा' तय कर दी थी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा था कि 'राज्यपाल के पास कोई वीटो पावर नहीं है।' सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के 10 जरूरी बिलों को राज्यपाल की ओर से रोके जाने को अवैध भी बताया था।

**पूछा- जस्टिस वर्मा केस में एफआईआर क्यों नहीं हुई**



**राज्यसभा** के प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमारे पास ऐसे न्यायाधीश हैं जो कानून बनाएंगे, जो कार्यकारी कार्य करेंगे, जो 'सुपर संसद' के रूप में भी कार्य करेंगे। उनकी कोई जवाबदेही नहीं होगी, क्योंकि देश का कानून उन पर लागू नहीं होता है। लोकतंत्र में चुनी हुई सरकार सबसे अहम होती है और सभी संस्थाओं को अपनी-अपनी सीमाओं में रहकर काम करना चाहिए। कोई भी संस्था संविधान से ऊपर नहीं है।

- **जज 'सुपर संसद' की तरह काम कर रहे**
- **अनुच्छेद 142 न्यूक्लियर मिसाइल बन गया**

# भारत मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण के लिए बेल्जियम के संपर्क में : विदेश मंत्रालय

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**भगोड़े** मेहुल चोकसी की गिरफ्तारी पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमारे प्रत्यर्पण अनुरोध के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया। हम उसके प्रत्यर्पण पर बेल्जियम पक्ष के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। 13,500 करोड़ रुपए के बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में भारतीय जांच एजेंसियों को मेहुल चोकसी की तलाश है।

वहीं, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा पर रणधीर ने कहा कि अपनी यात्रा के दौरान वे प्रधानमंत्री से मिलेंगे और भारत और अमेरिका के बीच सभी द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। अमेरिकी टैरिफ पर कहा कि हम अमेरिकी पक्ष से बातचीत कर रहे हैं, ताकि द्विपक्षीय व्यापार समझौता किया जा सके।

### वैश्विक आतंकवाद के केंद्र के रूप में पाक की पहचान

26/11 मुंबई हमलों के आरोपी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण पर रणधीर ने कहा कि पाकिस्तान लाख कोशिश कर ले, लेकिन वैश्विक आतंकवाद के केंद्र के रूप में उसकी प्रतिष्ठा कम नहीं होगी। राणा का प्रत्यर्पण पाकिस्तान को याद दिलाता है कि उसे मुंबई हमलों के अन्य अपराधियों को भी न्याय के कटघरे में लाना होगा, जिन्हें वह अभी भी बचा रहा है।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति के नए शिखर पर पहुंचाः अनुराग

**अनंत ज्ञान, सराहां**

**पूर्व** केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर ने वीरवार को सराहां मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ विशेष बैठक की। अनुराग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेतृत्व में आज देश प्रगति के नए शिखर पर पहुंच रहा है।

उन्होंने कहा कि अनुच्छेद-370 व 35ए को खत्म किया गया। वहीं, तीन तलाक में संशोधन, राम मंदिर बनाया गया, वक्फ वक्फ बोर्ड में संशोधन व अब देश में एक और कानून बनाया जाएगा, उसका नाम वन नेशन, वन इलेक्शन होगा। यह कानून भी शीघ्र ही केंद्र सरकार बनाएगी, जिससे जहां देश का लाखों रुपए जो अतिरिक्त रूप में खर्च होता है, उस पर भी लगाम लगेगी और समय भी बचेगा।



### कांग्रेस सरकार ने 10 में से एक भी गारंटी पूरी नहीं की

**अनुराग** ठाकुर ने कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार की 10 गारंटियों में से कोई भी गारंटी पूरी नहीं हुई है। सुक्खू सरकार 1 लाख करोड़ के कर्ज में दबी हुई है, जो कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों का नतीजा है। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड के सहारे लोगों की भूमि को हड़पा जा रहा है, परंतु अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार करना तो दूर परंतु भ्रष्टाचार करने की सोच भी नहीं सकता।

### एचआरटीसी के पंजाब में रात्रि ठहराव वाले 20 रूट आज से बहाल

**शिमला।** हिमाचल पथ परिवहन निगम ने पड़ोसी राज्य पंजाब में रात्रि ठहराव वाले 20 रूट बहाल कर दिए हैं। यह व्यवस्था शुक्रवार से ही लागू हो जाएगी।

यह फैसला निगम के प्रबंध निदेशक निपुण जिंदल की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। इस संदर्भ में पंजाब पुलिस ने एचआरटीसी को सुरक्षा का आश्वासन दिया है। गौरतलब है कि उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने प्रबंध निदेशक को व्यवस्था का आकलन कर रूट बहाल करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद हिमाचल पथ परिवहन निगम ने बैठक कर ये निर्देश जारी किए हैं।

# बिलासपुर में अब हर दिन एक शिक्षक संभालेगा स्कूल की कमान

### मास्टर ऑफ द डे कार्ययोजना शुरू करने वाला सूबे का पहला जिला

**शुभम राही, बिलासपुर**

**हिमाचल** प्रदेश का बिलासपुर जिला एक नई और अनूठी पहल के लिए सुर्खियों में है। शिक्षा विभाग बिलासपुर ने एक अभिनव योजना की शुरुआत की है, जिसके तहत जिले के सभी उच्च शिक्षा स्तर के स्कूलों में अब हर दिन एक अलग शिक्षक को स्कूल का प्रबंधन संभालने का मौका दिया जाएगा। इस पहल को मास्टर ऑफ द डे नाम दिया है। इस कार्ययोजना के तहत प्रतिदिन एक शिक्षक को स्कूल का अस्थायी मुखिया नियुक्त किया जाएगा, जो उस दिन स्कूल की सभी शिक्षण एवं गैर-शैक्षणिक गतिविधियों की जिम्मेदारी अपने हाथों में लेगा।

शिक्षक को अधिकार होगा कि वह अपनी समझ और दृष्टिकोण के अनुसार, बच्चों की लर्निंग, अनुशासन, क्रियात्मक गतिविधियों और स्कूल का संचालन करे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों में नेतृत्व कौशल को विकसित करना है। इससे स्कूलों में शिक्षण-प्रशिक्षण की पारंपरिक प्रणाली में विविधता आएगी और शिक्षकों को नई जिम्मेदारियां निभाने का अवसर मिलेगा। यह प्रयोग सफल होता है, तो हिमाचल प्रदेश के अन्य जिलों में भी यह योजना सरकार लागू कर सकती है। इससे न केवल शिक्षकों का सर्वांगीण विकास होगा, बल्कि स्कूलों में रचनात्मकता और प्रेरणा का नया वातावरण तैयार होगा। (अनंत ज्ञान)

**अनंत ज्ञान स्पैशल**




### 175 हाई स्कूलों में शुरू की योजना

**यह** योजना बिलासपुर जिले के 175 हाई स्कूलों में शुरू की गई है। हालांकि, जवाहर नवोदय विद्यालय और केंद्रीय विद्यालय संगठन में इस तरह की व्यवस्थाएं पहले से ही हैं, जहां छात्रों या शिक्षकों को समय-समय पर नेतृत्व की जिम्मेदारी दी जाती है, लेकिन राज्य सरकार की ओर से संचालित उच्च शिक्षा स्कूलों में यह पहली बार देखने को मिलेगा।

### छात्रों को हर दिन होगा नया अनुभव

**मास्टर** ऑफ द डे योजना से जहां शिक्षकों का मनोबल बढ़ेगा, वहीं छात्रों के लिए भी हर दिन एक नया अनुभव होगा। हर शिक्षक अपनी अलग शैली में बच्चों के साथ संवाद करेगा, जिससे छात्रों की रुचि और सीखने की प्रवृत्ति में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। गौरतलब है कि यह योजना हिमाचल प्रदेश में पहली बार किसी जिले में लागू की जा रही है। इससे पहले राज्य के किसी भी जिले में शिक्षा विभाग की ओर से ऐसी कोई पहल नहीं की गई थी।

### शिक्षकों में बढ़ेगी जिम्मेदारी की भावना: रेणू कौशल



**बिलासपुर** की उच्च शिक्षा उपनिदेशक रेणू कौशल की दूरदर्शी सोच के चलते ही यह सब संभव हो पाया है। रेणू कौशल ने बताया कि इस पहल को एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है और इसकी सफलता के आधार पर इसे पूरे प्रदेश में लागू करने की दिशा में विचार किया जाएगा। इस योजना से शिक्षकों में जिम्मेदारी की भावना बढ़ेगी और वे बेहतर नेतृत्व कौशल के साथ शिक्षा में नवाचार ला सकेंगे। जिले के उच्च शिक्षा के 175 स्कूलों में मास्टर ऑफ द डे योजना को शुरू किया है। अध्यापकों सहित विद्यार्थियों को प्रतिदिन नया सीखने और सिखाने को मिलेगा।

**मुसीबत** जल शक्ति विभाग में करोड़ों की देनदारी पेंडिंग, गिने-चुने ठेकेदार ही करते हैं पंपिंग मशीनरी ठीक

# बिना पेमेंट पंपिंग मशीनरी की रिपेयर नहीं करेंगे ठेकेदार

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

**गर्मियों** के मौसम में पानी की किल्लत अमूमन हो जाती है। जरा सोचिए अगर सप्लाई करने वाली मशीनरी ही दगा दे जाए, तो लोगों को पानी मिलेगा कैसे? खराब मशीनों को ठीक करे कौन? यह हालत है जल शक्ति विभाग की, जो यह सोचकर परेशान है कि उसे अब ठेकेदारों ने खराब पड़ी पंपिंग मशीनरी को यह कहकर ठीक करने से मना कर दिया है कि उन्हें पुराने किए काम की पेमेंट नहीं मिल रही है।

लिहाजा, अब वह रिपेयरिंग का नया काम नहीं करेंगे। ऐसे में जल शक्ति विभाग में पंपिंग मशीनरी की रिपेयर अब अधिकारियों के लिए मुसीबत बन रही है। जिन ठेकेदारों की मार्फत मशीनरी की रिपेयर विभाग करवा रहा है, उनकी लाखों की पुरानी पेमेंट लंबे अर्से से फंसी हुई है। पैसा न मिलने पर अब ठेकेदार बिफर गए हैं। उन्होंने विभाग की पंपिंग मशीनरियों की रिपेयर करने से इनकार कर दिया है। विभाग अब अपना काम निकालने के लिए हिमाचल से बाहर के ठेकेदारों से मशीनरी ठीक करवा रहा है। हमीरपुर और इसके आसपास के कई इलाकों में जहां-जहां मशीनरी खराब हुई या जल गई, उसकी रिपेयर अब बाहर के ठेकेदार कर रहे हैं। अकेले हमीरपुर जिले में ही मशीनरी की रिपेयर करने वाले तकरीबन आधा दर्जन प्रमुख ठेकेदार हैं, जो पिछले कई सालों से मशीनरी की रिपेयर का ही काम करते हैं। यह पहली बार हुआ है कि अब ठेकेदारों ने पेमेंट नहीं होने से मशीनरी की रिपेयर रोकी है। हमीरपुर डिवीजन में पिछले 15 दिनों से ठेकेदारों ने रिपेयर का सिलसिला बंद कर दिया है। यही स्थिति अन्य डिविजनों में भी है। नाम न छापने की शर्त पर ठेकेदारों ने बताया कि उनका 50-50 लाख से ज्यादा का बकाया लंबित है, इसीलिए अब रिपेयर रोकी गई है। (अनंत ज्ञान)

**अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव**



### एक्सईएन बोले- हो जाएगी पेमेंट

**इस** मसले पर सीधे तौर पर तो कोई भी अधिकारी बात करने से गुरेज कर रहा है, लेकिन एक्सईएन राजेश धीमान ने बताया कि ठेकेदारों की पेमेंट तो शुरू से ही लंबित चलती हैं। पेमेंट हो जाएगी, यह रूटीन में होती रहती है।

# तूफान से भारी क्षति, पेड़ गिरने से बच्चे की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

जिले भर में बुधवार रात को चली तेज हवाओं के कारण सरकारी और निजी संपत्ति का भारी नुकसान हुआ है। जगह-जगह पेड़ गिरने के कारण बिजली लाइनों, मकानों और अन्य संपत्तियों को काफी क्षति पहुंची है।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के जिला एमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर में प्राप्त सूचना के अनुसार बड़सर के मिनी सचिवालय के निकट स्थित एक झुग्गी बस्ती पर पेड़ गिरने से एक आठ वर्षीय बच्चे की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। डीसी अमरजीत सिंह ने बताया कि इस घटना में एक प्रवासी श्रमिक के बच्चे अभिषेक कुमार की मौत हुई है। इस बच्चे के पिता सरवाग सैहनी को भी गंभीर चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि जगह-जगह पेड़ गिरने के कारण बिजली लाइनों और खंभों को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि जिले भर में लगभग 1347 डीटीआर प्रभावित हुई थीं। इनमें से अधिकांश की बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है। पेड़ गिरने के कारण कुछ जगह यातायात भी बाधित हुआ था, लेकिन सड़कों को तुरंत बहाल कर दिया गया। आंधी-तूफान के कारण एक कच्चा मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुआ है, जिससे लगभग 60 हजार रुपए के नुकसान का अनुमान है। दो पक्के मकानों को भी लगभग 90 हजार रुपए और दो गोशालाओं को करीब 23 हजार रुपए की क्षति पहुंची है। डीसी ने बताया कि कृषि, उद्यान और राजस्व विभाग के अधिकारियों को फील्ड में जाकर विभिन्न फसलों तथा अन्य संपत्तियों के नुकसान का आकलन कर तुरंत रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## बड़सर में तूफान का कहर, दर्जनों सड़कें बंद





**एसके ठाकुर, बड़सर**

बड़सर उपमंडल में बीती रात आए तेज तूफान के चलते करीब एक दर्जन से अधिक सड़कें बंद हो गई हैं। इससे सलोनी, दियोटसिद्ध, बिझड़ी, गारंटी मैहरे सहित कई रूटों पर एचआरटीसी व निजी बसें अपने-अपने समय पर गंतव्य तक नहीं पहुंच सकीं।

रोड बंद होने के चलते सभी सरकारी व निजी बसों को बाय रोपड़ी होकर हमीरपुर की ओर भेजा गया, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। तूफान के कारण कई जगहों पर सड़क पर पेड़ गिर गए हैं, लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग का कोई भी कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। ऐसे में स्थानीय लोग, वाहन चालक व बसों में सफर कर रहे यात्री खुद ही सड़क से पेड़ और मलबा हटाकर रास्ता बनाने लगे।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि विभाग को कई बार सूचित किया गया, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। यदि सड़कों को जल्द न खोला गया, तो क्षेत्र में जनजीवन पूरी तरह से ठप हो सकता है। वहीं, सोहारी गांव में बुधवार देर रात आए तेज आंधी-तूफान के कारण एक रिहायशी मकान की पूरी छत उड़ गई। हादसा रात के समय हुआ, जब परिवार के सदस्य घर के अंदर ही मौजूद थे। गनीमत रही कि किसी को कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।

तेज हवाओं और बारिश ने गांव में अन्य जगहों पर भी नुकसान पहुंचाया, लेकिन सबसे बड़ा हादसा इसी मकान में देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर परिवार की मदद की। एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम ने कहा कि अभी तक नुकसान का आकलन किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# बिजली के 50 पोल टूटे, 328 ट्रांसफार्मर ठप

## मकानों की उड़ी छतें, उखड़े पेड़, फसलों को हुआ नुकसान

**शशि सोनल, नादौन**

बुधवार रात को आए तूफान से नादौन क्षेत्र में काफी नुकसान हुआ है। सबसे ज्यादा नुकसान बिजली बोर्ड को हुआ है।

बिजली बोर्ड के डिविजन नादौन में करीब 15 लाख का नुकसान हुआ है। कांगू, बटराण, रंगस, धनेटा आदि क्षेत्रों में पेड़ गिरने से करीब बिजली के 50 पोल टूट गए हैं, 328 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए हैं। करीब 15 बिजली की लाइनें टूट गई हैं, जिससे कई ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली गुल रही। बिजली गुल होने के कारण पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हुई। बिजली बोर्ड के कर्मचारी युद्धस्तर पर बिजली व्यवस्था को ठीक करने में जुटे हैं। कर्मचारी व अधिकारी रात को ही बिजली व्यवस्था को सही करने में डटे रहे। इस तूफान से हालांकि कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन कई कच्चे मकानों की छतें उड़ गई हैं। तूफान इतना भयंकर था कि अनेक बड़े पेड़ ढह गए, जिनमें से कई पेड़ तो जड़ों से ही उखड़ गए हैं। तूफान के कारण किसानों व बागवानों को काफी क्षति पहुंची है। फलदार पौधों को काफी नुकसान हुआ है। पौध ढह गए हैं और जो बचे हैं, उनमें आया अंकुर भी तूफान के कारण झड़ गया है, जिससे किसानों व बागवानों को काफी नुकसान हुआ है। तूफान के कारण किसानों की गेहूं की फसल भी ढह गई है। (अनंत ज्ञान)



### 15 लाख का नुकसान हुआ : कर्णवीर

**बिजली** बोर्ड के नादौन डिविजन के एक्सइएन कर्णवीर सिंह ठाकुर ने बताया कि तूफान से बिजली बोर्ड को नादौन डिविजन में करीब 15 लाख का नुकसान हुआ है। 40-45 बिजली के पोल टूट गए हैं। करीब 15 एलटी व एसटी लाइनों पर पेड़ गिरे हैं, जिससे लाइनें टूट गई हैं। बिजली को रिस्टोर करने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। आज शाम तक बिजली की लाइनें ठीक कर बिजली सुचारू रूप से चालू कर दी जाएगी। 328 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिनमें 248 को ठीक कर दिया गया है। प्रयास रहेगा कि शेष 80 ट्रांसफार्मर भी शाम तक ठीक कर दिए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### डीएवी भड़ोली के स्टूडेंट्स ने जीते 46 पदक

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी भड़ोली के 9 छात्रों ने स्वर्ण, 17 ने सिल्वर और 20 छात्रों ने ब्रांज मेडल हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने बताया कि यह प्रतियोगिता अंतर राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन 2024 के सौजन्य से विद्यालय स्तर पर तथा राष्ट्रीय स्तर पर कक्षा तीसरी से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए करवाई गई थी। इस प्रतियोगिता में स्कूल के 9 छात्रों ने स्वर्ण, 17 ने सिल्वर और 20 छात्रों ने ब्रांज मेडल हासिल किए। कक्षा सातवीं से 8 छात्रों ने, आठवीं से 5 छात्रों ने, नौवीं से 5 छात्रों ने, दसवीं से 5 छात्रों ने, छठी से 5 छात्रों ने, पांचवीं से 5 छात्रों ने, चौथी से 8 छात्रों ने, तीसरी से 4 छात्रों ने मेडल हासिल किए। बच्चों की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य ने बच्चों व अध्यापकों को बधाई दी एवं बच्चों को भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### मैड़ में राकेश कुमार की टैक्सी पर गिरा पेड़

**अनंत ज्ञान, गलोड।** गलोड तहसील के तहत आने वाली ग्राम पंचायत मैड़ से संबंध रखने वाले राकेश कुमार की टैक्सी तूफान की बजह से गिरे पेड़ की चपेट में आकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। रोजाना की तरह राकेश कुमार ने अपनी टैक्सी को मैड़ क्षेत्र में रात के समय पार्क किया था। बुधवार रात को चले तूफान से पेड़ टैक्सी पर जाकर गिरा, जिस कारण वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ है। टैक्सी मालिक को हजारों का नुकसान उठाना पड़ा है। टैक्सी मालिक राकेश कुमार मध्यमवर्गीय परिवार से संबंध रखते हैं तथा टैक्सी चलाकर ही परिवार का भरण-पोषण करते हैं। ग्राम पंचायत मैड़ के उपप्रधान केसर चंद ने बताया कि बुधवार की रात को चले भीषण तूफान से एक पेड़ राकेश कुमार की टैक्सी पर गिर गया। इससे वाहन को काफी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि राकेश कुमार मध्यमवर्गीय परिवार से संबंध रखते हैं तथा टैक्सी का क्षतिग्रस्त हो जाना उनके लिए बहुत ही दुखदाई है। उन्होंने प्रशासन से गुहार लगाई कि पीड़ित की यथासंभव सहायता की जाए।

### माकपा ने पीएम को डीसी के माध्यम से भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की जिला इकाई ने रसोई गैस, डीजल व पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि के विरोध में डीसी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा। पार्टी का कहना है कि हालही के दिनों में मोदी सरकार ने रसोई गैस की कीमतों में 50 रुपए और डीजल व पेट्रोल की कीमतों में 2-2 रुपए की बढ़ोतरी की है। हमारे देश में कच्चा तेल विदेशों से आयात किया जाता है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें न्यूनतम स्तर पर हैं। इसके बावजूद हमारे देश में कीमतों में वृद्धि लगातार जारी है, जबकि कीमतों में कमी की जा सकती है, लेकिन मोदी सरकार लगातार भारतीयों पर टैक्स लगाकर लूटने में लगी हुई है। पार्टी के राज्य कमेटी सदस्य जोगिंद्र कुमार ने कहा कि भारत नेपाल, भूटान और कई देशों को कच्चा तेल रिफाइन कर बेचता है उन देशों में भी डीजल और पेट्रोल के दाम 60- 65 रुपए प्रति लीटर हैं और भारत में दाम आसमान छू रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी मांग करती है कि पेट्रोलियम उत्पादों को भी जीएसटी के दायरे में लाया जाए। प्रतिनिधिमंडल में जोगिंद्र कुमार, रंजन शर्मा, उर्मिला, ब्रह्मदास, कमल अनिल, सरवन और पूर्ण शामिल हुए।

### पूजा बनी स्विमिंग एसोसिएशन की अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** स्विमिंग एसोसिएशन ऑफ जिला हमीरपुर की आम सभा का आयोजन अणु स्थित निजी स्कूल में किया गया। आम सभा का आयोजन हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के राज्य महासचिव इशान अख्तर की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में जिला हमीरपुर की स्विमिंग गतिविधियों को ग्रामीण स्तर पर पहुंचाने के बारे में चर्चा की गई। पूजा मिन्हास को स्विमिंग एसोसिएशन ऑफ जिला हमीरपुर का जिला अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा जिला उपाध्यक्ष ईशा कपिल, जिला महासचिव सोनिया मल्होत्रा, जिला सहसचिव मुनीष ठाकुर, कोषाध्यक्ष किरण चौहान एवं मुख्य सलाहकार पिंकी देवी एवं डॉ. सुशील कुमार शर्मा तथा कार्यकारी सदस्यों में नीलम कुमारी एवं रोहिणी अरोड़ा को चुना गया।

## मुख्यमंत्री का बड़सर दौरा इसी सप्ताह करेंगे कई उद्घाटन और शिलान्यास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इसी सप्ताह बड़सर के दौरे पर आ सकते हैं। वे इस दौरान कई उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे।

उनके इस दौरे की सबसे बड़ी सौगात बड़सर मैहरे में मिनी सचिवालय के उद्घाटन की रहेगी। इसमें एक ही छत के नीचे तमाम कार्यालय इकट्ठे होंगे। अभी तक बहुत सारे कार्यालय यहां किराये के भवनों में चल रहे हैं। इसका इंतजार भी काफी समय से हो रहा है। 6 मंजिला इमारत बनकर तैयार हो चुकी है। इसकी भीतरी व्यवस्था को अब सजाने का काम शुरू होने वाला है। कांग्रेस नेता पवन कल्याण ने बताया कि बड़सर से पिछले विधानसभा चुनावों में पार्टी प्रत्याशी रहे सुभाष ढटवालिया ने इस बाबत मुख्यमंत्री से जब बात की, तो उन्होंने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को इसकी तैयारी में जुट जाने के लिए भी कहा। जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव पवन कालिया ने बताया कि बड़सर उपमंडल में करोड़ों से तैयार हुए प्रोजेक्ट जल्द ही मुख्यमंत्री द्वारा जनता को समर्पित किए जाएंगे। उद्घाटन के बाद सभी किराये के भवनों में चल रहे सरकारी



विभागों के कार्यलय भी इसी भवन में आ जाएंगे। 132 केवी सब स्टेशन कोटला के आरंभ होने से भी क्षेत्र के अधिकतर लोगों को लाभ पहुंचेगा। अग्निसमन केंद्र बिझड़ी का भवन भी बनकर तैयार है। ढटवालिया ने कुछ नए कार्यों के शिलान्यास करने को लेकर भी मुख्यमंत्री से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने इसी सप्ताह आने का आश्वासन दिया है। वे पूरा दिन बड़सर में ही रहकर क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का निपटारा करेंगे।

## बारीं मंदिर में शिव पुराण भागवत कथा शुरू

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** टौणी देवी के नजदीक ऐतिहासिक शिव मंदिर बारीं में शिव पुराणभागवत कथा प्रारंभ हो गई है। यह 25 अप्रैल तक चलेगी। कथा का व्याख्यान पंडित अंकुश शर्मा पलासना वाले कर रहे हैं। वीरवार को एक भव्य कलश यात्रा का आयोजन कर पंडित अंकुश शर्मा का अभिनंदन किया गया। इस दौरान शोभायात्रा में मुरली मनोहर तथा पावन ग्रंथ को सनातन पद्धति से शिव मंदिर बारीं में 7 दिनों के लिए पावन स्थान दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन शिव मंदिर महिला कमेटी बारीं मंदिर द्वारा किया जा रहा है। इसमें शिव मंदिर कमेटी एवं समस्त ग्रामीण सहयोग कर रहे हैं। वीरवार को कथा का शुभारंभ करने से पूर्व कई अनुष्ठान पूर्ण किए गए। पंडित ने कहा कि आज के भौतिक युग में हमारे सनातन ग्रंथ एवं पुराण हमारा मार्गदर्शन करने में सक्षम हैं।

## भोटा में राधा स्वामी चौक पर लोहे के एंगल से भरा ट्रक पलटा



**अनंत ज्ञान, भोटा**

नेशनल हाईवे-103 पर भोटा के राधा स्वामी चौक पर एक लोहे के एंगल से भरा हुआ ट्रक बुधवार देर रात को अचानक पलट गया। इस हादसे में वाहन को काफी अधिक नुकसान पहुंचा है। हादसे में चालक बाल-बाल बच गया है। हादसे में ट्रक के पिछले टायर भी खुल गए हैं। हो सकता है कि टायर खुल जाने के बाद यह हादसा पेश आया हो। जानकारी के मुताबिक लोहे के एंगल से भरा हुआ ट्रक दाड़लाघाट से हमीरपुर की तरफ आ रहा था। राधा स्वामी चौक पर देर रात अचानक ट्रक पलट गया। गनीमत यह रही कि हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। वहीं, हादसे के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन कर रही है।

### हादसे में वाहन को हुआ नुकसान ट्रक के टायर भी खुले

## सुजानपुर-संधोल रोड 6 मई तक वाहनों के लिए बंद

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर संधोल रोड 6 मई तक प्रात: सुबह 9:30 से शाम 6:30 बजे तक सभी प्रकार के यातायात के लिए बंद रहेगा। पीडब्ल्यूडी एसडीओ संसार चंद ठाकुर ने बताया कि रोड का निर्माण कार्य चला हुआ है।

उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए रात के समय शाम 6:30 से सुबह 9:30 बजे तक मौजूदा सड़क पर यातायात सामान्य रूप से चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी दुर्घटना से बचने के लिए और इस अवधि के दौरान दिन के समय में काम को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए सभी ट्रैफिक को डायवर्ट कर व पुराने सुजानपुर संधोल रोड पर चलाया जा रहा है, जो बाजहर ब्रिज और बाक्कर ब्रिज स्थानों से जुड़ता है। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

## वर्ल्ड वाइड में भाग लेंगी सावी

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज के तहत पंचायत कंज्याण की बेटी सावी त्यागी उर्फ संतोष चौहान हॉट मॉडे मिसेज इंडिया वर्ल्ड वाइड सीजन 14 में हिस्सा लेंगी।



सावी त्यागी पुत्री मानद कैप्टन किशन सिंह चौहान गांव घुमारली, तहसील भोरंज, जिला हमीरपुर अपनी कड़ी मेहनत और लगन से जून 2025 में दुबई में सात दिनों के लिए हॉट मॉडे मिसेज इंडिया वर्ल्ड वाइड सीजन 14 में भाग ले रही हैं। सावी एक होनहार महिला है। उन्होंने 5 साल तक केबिन क्रू के तौर पर काम किया और अपने जीवन/करियर में वॉलीबाल खेल में दो बार राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी रही हैं। हॉट मॉडे मिसेज इंडिया वर्ल्ड वाइड सीजन-14 के निदेशक भरत भारमार इस प्रतियोगिता के पीछे प्रेरक शक्ति हैं, जिसका उद्देश्य विश्व भर में विवाहित महिलाओं को सशक्त बनाना और प्रेरित करना है।

## एंट्रेंस टेस्ट के लिए अभ्यर्थी अब 23 तक कर सकते हैं आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो हमीरपुर**

हिमाचल तकनीकी विश्वविद्यालय ने हिमाचल प्रदेश कॉमन एंट्रेंस टेस्ट-2025 (एचपीसीईटी) के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि 23 अप्रैल तक बढ़ा दी है, अब पात्र अभ्यर्थी 23 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव ने कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र में प्रवेश के लिए कॉमन एंट्रेंस टेस्ट के लिए अभी तक 8570 आवेदन आए हैं। अभी तक बी-फार्मेसी के 3000 और बीटेक के लगभग 4400 आवेदन आ चुके हैं। तकनीकी विवि व संबंधित शिक्षण संस्थानों में दाखिला के लिए कॉमन एंट्रेंस टेस्ट आयोजित किया जाता है। इसमें बीटेक (डायरेक्ट एंट्री), बी-फार्मेसी (डायरेक्ट एंट्री), एमबीए, एमबीए पर्यटन, एमसीए, बीएससी (एचएम एंड सीटी), बीएचएमसीटी, एमएससी पर्यावरण विज्ञान और भौतिक विज्ञान विषय शामिल है। प्रवेश परीक्षा 10 और 11 मई को आयोजित की जाएगी। 10 मई को सुबह के सत्र में बीटेक (डायरेक्ट एंट्री), बी-फार्मेसी (डायरेक्ट एंट्री) व एमएससी भौतिक विज्ञान और सायं के सत्र में एमबीए, एमबीए पर्यटन, एमसीए, बीएससी (एचएम एंड सीटी) व बीएचएमसीटी की प्रवेश परीक्षा होंगी। वहीं, 11 मई को सुबह के सत्र में एमएससी पर्यावरण विज्ञान की प्रवेश परीक्षा प्रस्तावित है। प्रवेश परीक्षा से संबंधित ब्यौरा अभ्यर्थी तकनीकी विवि की वेबसाइट पर देख सकते हैं। उन्होंने कहा कि एमएससी भौतिक विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, बीएससी (एचएम एंड सीटी) व बीएचएमसीटी की प्रवेश परीक्षा पहली बार तकनीकी विवि द्वारा आयोजित की जा रही है।

### 10 व 11 को होगा तकनीकी विवि का कॉमन एंट्रेंस टेस्ट

## स्टूडेंट्स को बताए आग से बचने के उपाए

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

अग्निशमन विभाग द्वारा अपने फायर बीक अभियान के तहत कस्बा बड़ा के मदर प्राइड पब्लिक स्कूल मलोटी एवं एसडीएम स्कूल बड़ा में आग से बचने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

विभाग के सबफायर अधिकारी देवेंद्र सिंह भाटिया के अतिरिक्त इस कार्यक्रम में अग्निशमन विभाग के लिडिंग फायर मैन योगराज, फायर मैन राकेश कुमार, दलीप चंद, अंगद कुमार, गुरुध्यान सिंह आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान विभाग के द्वारा स्कूल के विधार्थियों को आग की घटनाओं से कैसे बचाव करना है एवं स्कूलों में भी आग बुझाने के लिए लगाए गए यंत्रों को समय पर कैसे ओर किस प्रकार से प्रयोग करना है इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान विभाग के अधिकारी देवेंद्र सिंह भाटिया ने अनंत ज्ञान से विचार साझा करते हुए बताया कि 14 अप्रैल, 1944 को मुंबई में एक शिप में विस्फोट होने से उसमें लगी आग को बुझाने के दौरान अग्निशमन विभाग के 66 कर्मचारी शहीद हो गए थे। अत: उनकी यादगार में पूरे भारत में 14 से 20 अप्रैल तक उस दु:खद दुर्घटना में शहादत को प्राप्त हुए उन 66 कर्मचारियों को प्रति वर्ष अग्निशमन विभाग द्वारा श्रद्धांजलि देते हुए फायर बीक का आयोजन किया जाता है, जिससे स्कूलों, अस्पतालों, कॉलेज एवं सार्वजनिक स्थानों में अग्निशमन विभाग लोगों को आग की घटनाओं से कैसे बचाव करना है एवं आग बुझाने के बारे में उन्हें जागरूक किया जाता है, ताकि प्रति वर्ष आग की घटित घटनाओं पर अंकुश लग सके।



### 20 अप्रैल तक मनाया जा रहा अग्निशमन सप्ताह

## बस्सी-तताहर सड़क पर 25 के बाद शुरू होगा टारिंग का कार्य



**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज में लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने बस्सी से तताहर सड़क मार्ग का निरीक्षण किया। बस्सी-तताहर सड़क का निर्माण कार्य आधुनिक तकनीक फुल डेप्थ रेक्मेलेशल एफडीआर मशीन से किया जा रहा है।

बस्सी से तताहर वाया भरेड़ी करीब 11 किलोमीटर लंबी सड़क का विस्तारीकरण का कार्य आधुनिक तकनीक एफडीआर से हो रहा है। इसके निर्माण पर करीब 9 करोड़ 26 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इस दौरान सड़क की वर्तमान स्थिति, आवश्यक सुधारों और आगामी टारिंग (पुनर्निर्माण/मरम्मत) कार्यों की समीक्षा की गई। पीडब्ल्यूडी विभाग के निरीक्षण दल में इंजीनियर-इन-चीफ एनपी सिंह, चीफ इंजीनियर विजय चौधरी, अधिशाषी अभियंता केके भारद्वाज, सहायक अभियंता भोरंज राजेश, कनिष्ठ अभियंता प्रवीण, सुनील व अन्य अधिकारी मौजूद थे। कनिष्ठ अभियंता प्रवीण कुमार ने बताया कि इस निरीक्षण में कंपनी के अधिकारियों को जल्द से जल्द काम पूरा करने के दिशा-निर्देश दिए और इसके अलावा इन्होंने स्थानीय जनता की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए जल्द टारिंग का कार्य शुरू करने को कहा। उन्होंने बताया कि टारिंग का कार्य 25 अप्रैल के बाद प्रारंभ किया जाएगा, जिससे यातायात सुविधा और सड़क सुरक्षा में सुधार होगा। पीडब्ल्यूडी विभाग ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि निर्माण कार्य के दौरान सहयोग बनाएं रखें।

**दिक्कत** लंबे रूट की बसें नहीं आने से, यात्री हो रहे परेशान

## उहल चौक पर बसों की अव्यवस्था

**संजीव चौहान, टौणी देवी**

टौणी देवी में उहल चौक से पहले तहसील भवन के नीचे से नया बाइपास बनाया गया है, जिससे लंबे रूट की बसें, अब उहल चौक पर नहीं आ रही हैं, इसका खामियाजा अब यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है।

यात्रियों में कमल चंदेल, बिहारी लाल, मनोज, कमलेश, कमला, सुरेंद्र, बनवारी लाल के मुताबिक पुराने उहल चौक से होकर ही कक्कड़, आवाहदेवी और हमीरपुर के लिए सभी बसें गुजरनी चाहिए। यात्रियों के मुताबिक हमीरपुर, आवाहदेवी, दिल्ली, जंगलबेरी शिमला, जंगलबेरी हरिद्वार, आवाहदेवी दिल्ली सहित कुछ प्राइवेट बसें पुराने उहल चौक न आकर सीधे नए बाइपास से निकल रही हैं। इससे यात्री परेशान हैं। हालांकि, शिमला जंगलबेरी और जंगलबेरी हरिद्वार बसें कुछ देर नए बाइपास पर रुक यात्रियों का इंतजार कर अपने गंतव्य की ओर जा रही हैं। इन बसों को भी पुराने उहल चौक पर आकर मोड़ने की मांग यात्रियों द्वारा की गई है।



यात्रियों को सबसे ज्यादा दिक्कत इस बात की हो रही है कि अब बस किस साइड से आएगी और कहां रुकेगी, इसकी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है। वहीं, नए बाईपास पर रेन शेल्टर जैसी कोई सुविधा मौजूद नहीं है, जिससे यात्रियों को घंटों सड़क किनारे खड़ा रहना पड़ता है। बारिश हो या धूप, लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। बस कभी भी कहीं भी रुक जाती है। टौणी देवी के पुराने उहल चौक स्थित व्यापारियों का कहना है कि इस संपर्क मार्ग की दशा भी सुधारी जाए।

सड़क को खुला कर टारिंग की जाए और सभी आने-जाने वाली लोकल और लांग रूट की बसों को पुराने उहल चौक तक आने के आदेश दिए जाएं। इस बारे में हाइवे इंजीनियर अंकित सिंह ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए नया रेन शेल्टर टौणी देवी बाइपास पर 15 दिन में तैयार हो जाएगा। इससे यात्रियों को आ रही दिक्कत दूर हो जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## अटल टिंकरिंग कम्युनिटी-डे उत्साह के साथ मनाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकास नगर हमीरपुर में अटल टिंकरिंग कम्युनिटी-डे बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम अटल टिंकरिंग लैब पहल के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों में नवाचार, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और प्रयोगात्मक सीखने की भावना को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर रोबोटिक्स कार्यशाला में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और लाइन फॉलोवर रोबोट तथा एंटी फॉलिंग रोबोट जैसे रोचक प्रोजेक्ट्स का निर्माण किया। इन गतिविधियों ने छात्रों को रोबोटिक्स और स्मृचालन की वास्मिवक दुनिया से जुड़ने का अवसर प्रदान किया, जिससे उनकी रचनात्मकता, तकनीकी समझ और समस्या समाधान क्षमता में उल्लेखनीय विकास हुआ। इस कार्यक्रम की शोभा विद्यालय के चेयरपर्सन आरसी लखनपाल की गरिमामयी उपस्थिति से और भी बढ़ गई। कार्यशाला को सफल बनाने में विद्यालय प्रधानाचार्या इंजीनियर नैना लखनपाल, उपप्रधानाचार्य अश्वनी कुमार, समन्व्यक कंचन आदि मौजूद रहे।

## रसीद ने जीता जोल दंगल



**अनंत ज्ञान, भोरंज**

धमरोल पंचायत के गांव जोल, कोहटा, सरसोली, दर व गजरेड़ा गांव में दगल का आयोजन हुआ।

कमेटी प्रधान सेवानिवृत्त अधिशाषी अभियंता सुरेंद्र कुमार ने बताया कि जोल के दंगल में पहलवानों के बीच कड़े मुकाबले देखने को मिले। इसमें छोटी माली का मुकाबला प्रिंस व लक्की लखनपुर में हुआ। इसमें लक्की लखनपुर ने मुकाबला अपने नाम किया। विजेता को 6100 व उपविजेता को 5100 रुपए देकर सम्मानित किया। बड़ी माली का मुकाबला पीटी कैथल व रसीद मनीर कोटला के बीच हुआ। इसमें विजेता रसीद मनिर कोटला को 13000 रुपए नकद व गुर्ज और उपविजेता को 12000 रुपए देकर सम्मानित किया। इस मौके पर ग्राम सभा जोल के प्रधान कुलदीप चंद, धर्म चंद शर्मा, देश राज, रमेश चन डोगरा, सूबेदार बलवंत सिंह, पवन कुमार, दीप चंद, गोपाल दास, लेख राज शर्मा, आदि समस्त ग्रामीण मौजूद थे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सठवीं विकास खण्ड बिझड़ी जिला हमीरपुर हि.प्र.**

ग्राम पंचायत सठवीं द्वारा हैंडपंप स्थापित करने हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक फर्म का जीएसटी नंबर होना अनिवार्य है। हैण्डपंप स्थापना के लिए लोहे की पाइपों का उपयोग किया जाएगा। निवेदक प्रति फुट के हिसाब से आवेदन करें व रेट कम्पलीट मैटिरियल व हैण्डपंप के साथ होगा। निविदा मोहर बंद लिफाफे में दिनांक 24/04/2025 सायं 5 बजे तक पंजीकृत डाक द्वारा पंचायत कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। सभी निविदाएं दिनांक 25/04/2025 को प्रात: 11 बजे खोली जाएंगी।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत सठवीं

# हिमाचल सचिवालय व डीसी ऑफिस मंडी में चला सर्च अभियान

## प्रदेश के दोनों संस्थानों को बम से उड़ाने की ई-मेल के जरिए दी गई थी धमकी

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के शिमला स्थित राज्य सचिवालय में मौजूद मुख्य सचिव कार्यालय सहित पूरे सचिवालय परिसर को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस ने सचिवालय में सुरक्षा बढ़ा दी है। बम निरोधक दस्ते ने खोजी कुत्तों के साथ गुरुवार को मुख्य सचिवालय कार्यालय की जांच की, मगर जांच में कुछ भी नहीं मिला है। धमकी की सत्यता का पता लगाया जा रहा है और इसके विभिन्न सुरक्षात्मक पहलुओं की पड़ताल की जा रही है, जिसके लिए सुरक्षा विशेषज्ञ की टीम मौके पर जांच-पड़ताल करने में जुटी है।

सरकार धमकी भरे ईमेल के बाद पूरी तरह से सतर्क हो गई है। प्रदेश सरकार में मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने कहा है कि उन्हें दो ई-मेल प्राप्त हुई हैं। एक ई-मेल मुख्य



सचिव कार्यालय और दूसरी ई-मेल डीसी मंडी को मिली है। दोनों की भाषा एक समान है। ई-मेल में तमिलनाडु की किसी घटना का जिक्र करते हुए उड़ाने की बात कही गई है। इस तरह के ई-मेल उत्तर प्रदेश में भी कई जिलों के डीसी को मिले हैं। उनके मुताबिक जांच में अभी कुछ नहीं मिला है, फिर भी सतर्कता बरती जा रही है।

मुख्य सचिव ने बताया कि ईमेल मिलने के बाद मुख्य सचिवालय कार्यालय की जांच करवाई गई है। इसमें कोई संदिग्ध चीज तो नहीं मिली है, फिर भी जांच की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि ई-मेल कहां से आई है। उन्होंने बताया कि इसका पता लगाने के लिए अगर जरूरत पड़ेगी, तो केंद्रीय एजेंसियों का भी सहयोग लिया जाएगा। शिमला को भेजी गई ई-मेल की अभी जांच चल रही है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि ईमेल फर्जी आईडी से प्रॉक्सी सर्वर के माध्यम से भेजी गई है। (अनंत ज्ञान)

### सचिवालय में जांच के बाद ही प्रवेश

**सचिवालय** में अब पूरी जांच-पड़ताल के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा। आवश्यक दस्तावेजों की छानबीन की जाएगी और पूरी प्रक्रिया होने के बाद ही सचिवालय में जाने की अनुमति मिलेगी। सचिवालय प्रशासन की तरफ से बताया गया है कि यह सब कार्रवाई धमकी मिलने के बाद ही सुरक्षा के तहत की जा रही है।

### प्रोक्सी सर्वर का किया गया उपयोग

**प्रॉक्सी** सर्वर एक कंप्यूटर या राउटर होता है, जो उपयोगकर्ता और इंटरनेट के बीच गेटवे की तरह काम करता है। यह यूजर की असली लोकेशन और पहचान को छुपाता है तथा कारपोरेट नेटवर्क की आंतरिक संरचना को सुरक्षित बनाए रखने में मदद करता है। इसका प्रयोग अपराधी अपनी पहचान छुपाने के लिए करते हैं। इसी का प्रयोग करके ही सचिवालय प्रशासन को धमकी भरी ईमेल मिली। जो प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव की ईमेल में मिली।

### डीसी ऑफिस मंडी फिर करवाया गया खाली

**अनिल शर्मा, मंडी**

डीसी ऑफिस मंडी की अधिकारिक ई-मेल आईडी पर प्राप्त हुई थ्रेट मेल के बाद वीरवार को डीसी ऑफिस खाली करवाया गया और शाम तक सर्च ऑपरेशन जारी रहा। दूसरे दिन वीरवार दोपहर डेढ़ बजे बम को डेटोनेट करने की धमकी थ्रेट मेल में मौजूद होने पर वीरवार को भी सर्च ऑपरेशन के दौरान एंटी सबोटेज टीम को बम या किसी प्रकार का कोई संदिग्ध सामान बरामद नहीं हुआ है। सर्च ऑपरेशन के बाद डीसी, एसपी और जिला कोर्ट परिसर को सैनिटाइज कर दिया गया है। जनता को किसी भी प्रकार से घबराने की जरूरत नहीं है, शुक्रवार से इन सभी परिसरों में सामान्य रूप से सभी काम संचालित होंगे, लेकिन परिसर में कुछ दिन तक निजी वाहनों का प्रवेश पर बंद रहेगा। यह जानकारी एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने सर्च ऑपरेशन संपन्न होने के बाद दी।

साक्षी वर्मा ने बताया कि बुधवार को ही तस्वीर साफ हो गई थी कि यहां किसी तरह कोई संदिग्ध सामान नहीं है, लेकिन थ्रेट मेल में दी गई धमकी के मुताबिक सुरक्षा की दृष्टि से वीरवार को भी परिसर को जनता के लिए बंद रखा गया था। शुक्रवार से परिसर में सभी कार्य फिर से सुचारु रूप से किए जाएंगे। एसपी मंडी ने बताया कि इस पूरे सर्च ऑपरेशन में एंटी सबोटाज टीम के 50 जवान शामिल रहें, इसके अलावा परिसर की सुरक्षा के लिए 50 अन्य जवानों की तैनाती कर दी गई है। उन्होंने जनता से किसी भी तरह ही अफवाह से बचने की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

#### मेल में आतंकी तहव्वुर राणा के नाम का किया इस्तेमाल

**एसपी** मंडी ने बताया कि थ्रेट मेल आने के बाद पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए बीते रोज ही विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। थ्रेट मेल से संबंधित जानकारी जुटाने के लिए साइबर क्राइम थाना सहित शिमला पुलिस से भी इस केस में मदद मांगी गई है। जिस तरह से इस मेल में मुंबई हमले के मास्टरमाइंड आतंकी तहव्वुर राणा का नाम का इस्तेमाल किया गया है, उसकी की जांच पड़ताल जारी है। साथ ही जिस सर्वर से यह मेल प्राप्त हुई है, इसकी भी जांच की जा रही है।

बता दें कि बीते रोज बुधवार को डीसी मंडी की अधिकारिक ई-मेल आईडी पर धमकी भरी यह मेल प्राप्त हुई है, जिसमें डीसी ऑफिस परिसर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। बुधवार को सुबह ऑफिस खुलते ही पूरे परिसर को खाली कर, सील कर दिया गया है। करीब दो दिन सर्च ऑपरेशन चलाया गया है, जिसमें यहां किसी भी तरह का बम या कोई संदिग्ध सामान बरामद नहीं हुआ है। वहीं अब सर्च अभियान पूरा होने के बाद कोई भी खतरा सामने नहीं आने पर प्रशासन पुलिस और लोगों ने राहत की सांस ली है।

### चुराह का सबसे बड़ा पंचायत घोटाला

# सेब पौधरोपण घोटाले में तीसा का बीडीओ निलंबित

**हाशु शेख, चुराह**

चंबा जिले के तीसा विकास खंड की सनवाल पंचायत में सामने आए करोड़ों रुपए के सेब पौधरोपण घोटाले में बड़ी कार्रवाई हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्कालीन बीडीओ तीसा मनीष कुमार को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के सचिव द्वारा की गई है। मनीष कुमार वर्तमान में विकास खंड भटियात में तैनात थे। निलंबन के बाद उनका हैड क्वार्टर अब शिमला कर दिया गया है और आगामी आदेशों तक उन्हें मुख्यालय न छोड़ने के निर्देश दिए गए हैं।

गौरतलब है कि सनवाल पंचायत में करीब 1.25 करोड़ रुपए की लागत से 48,000 सेब के पौधे लगाए जाने थे, लेकिन मौके पर सिर्फ 19,000 पौधे ही मिले। इतना ही नहीं, इन पौधों की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं, जिससे पूरे विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लग गया है। इस मामले में पहले ही पंचायत प्रधान को निलंबित किया जा चुका है, जिन्होंने बाद में स्टे लिया था। पुलिस जांच भी इस मामले में तेजी से चल रही है। करीब 200 लाभार्थियों से तीसा थाने में पूछताछ की जा रही है और पौधों की वास्तविकता जानने के लिए जमीन की पैमाइश भी की जाएगी।



### पहले ही हो चुकी है करीब डेढ़ करोड़ के लेन-देन की पुष्टि

चौंकाने वाली बात यह है कि पूर्व पंचायत प्रतिनिधि के परिवार के बैंक खाते में करीब डेढ़ करोड़ रुपए के लेन-देन की पुष्टि भी पुलिस पहले ही कर चुकी है, जो इस घोटाले की गंभीरता को उजागर करता है। पुलिस व विभागीय जांच से यह साफ हो रहा है कि यह मामला सिर्फ कागजों तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि इसमें बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार और मिलीभगत की बू आ रही है। आने वाले दिनों में इस मामले में और भी बड़े खुलासे होने की संभावना है, जिससे पंचायत प्रणाली में पारदर्शिता को लेकर फिर बहस छिड़ सकती है।

जांच का मकसद यह जानना है कि जिन लोगों ने पौधे लिए, क्या उन्होंने वास्तव में उन्हें लगाया भी है या नहीं। (अनंत ज्ञान)

# 23 माह से लटकी टीजीटी से प्रवक्ता प्रमोशन सूची

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

प्रदेश में 800 टीजीटी शिक्षकों की प्रवक्ता पदोन्नति सूची पिछले 22 माह से जारी नहीं हो सकी है। सत्ता और व्यवस्था परिवर्तन के बाद 401 टीजीटी को प्रवक्ता पदोन्नति करते हुए 18 मई, 2023 को प्रमोशन सूची जारी हुई थी। जून 2023 में फिर से तत्काल प्रमोशन प्रक्रिया शुरू की गई थी जो कि केवल कागज इकट्ठा करने की प्रक्रिया बनकर रह गई।

हैरानी इस बात की है कि उसके बाद 3 नवंबर, 2023 तक इस सूची के निकलने का इंतजार कर रहे शिक्षकों को नए सिरे से आवेदन 31 दिसंबर, 2023 तक भेजने के आदेश जारी हुए। वर्ष 2024 में भी पदोन्नति के लिए आवेदन 31 मार्च, 2024 तक मांगे गए थे और नए

**प्रमोशन में आनाकानी से खफा हैं टीजीटी**

सिरे से एसीआर और प्रपत्र मांगे गए, मगर इस बार भी पूरा साल कागज ही लिए जाते रहे और कोई प्रमोशन नहीं की गई।

फिर लोकसभा और विधानसभा उप-चुनावों के चलते इसको रोक दिया गया और वर्ष 2024 में भी शिक्षकों से आवेदन ही लिए जाते रहे। इसके बाद 21 फरवरी, 2025 को नए सिरे से आवेदन मांगे गए। जिसमें 10 मार्च, 2025 तक प्रपत्र और दस्तावेज, एसीआर आदि मांगे गए।

23 माह में 5 बार आवेदन तिथियां आगे सरकाते हुए कोई भी प्रमोशन नहीं की गई। पहले सत्र के बीच में प्रमोशन नहीं करते हुए तर्क दिया गया कि सत्र के शुरू में प्रमोशन करेंगे और अब सत्र के शुरू होने पर भी प्रमोशन सूची का कोई अता-पता नहीं है। पिछले 23 माह में भी पदोन्नति की राह देखते सैंकड़ों टीजीटी रिटायर हो चुके हैं।

अगर 4 से 5 बार आवेदन लेकर 2 साल में भी प्रमोशन नहीं की गई, तो इसका दोषी कौन है। यह यक्ष प्रश्न राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश सरकार से किया है।

संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल और महासचिव विजय हीर का कहना है कि अगर प्रमोशन सूचियां जारी नहीं करनी हैं, तो बार-बार आवेदन मांगने की भी कोई जरूरत नहीं है। शिक्षकों को आश्वासन के झुनझुने नहीं चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की है कि इस दिशा में कारगर कदम उठाएं, ताकि इस वर्ग को राहत मिल सके। (अनंत ज्ञान)

# पिंजौर-बद्दी-नालागढ़ राष्ट्रीय उच्च मार्ग के कार्य में तेजी लाने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के सचिव (लोक निर्माण, वित्त, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी, 20-सूत्री कार्यक्रम) डॉ. अभिषेक जैन ने संबंधित अधिकारियों को पिंजौर-बद्दी-नालागढ़ राष्ट्रीय उच्च मार्ग-105 के फोरलेन के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। जैन ने वीरवार को नालागढ़ उपमंडल में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।



उन्होंने कहा कि पिंजौर-बद्दी-नालागढ़ राष्ट्रीय उच्च माग 31.195 किलोमीटर लंबे फोरलेन का निर्माण लगभग 469 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। इस सड़क में 96 पुलिया, 15 छोटे और 04 बड़े पुल होंगे। उन्होंने कहा कि फ्लाई-ओवर और पुल जैसी बड़ी संरचनाओं के निर्माण का काम विभिन्न चरणों में है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को फोरलेन के निर्माण कार्य में तेजी लाने के साथ-साथ निर्माण कार्य में गुणवत्तायुक्त सामग्री का उपयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने 30 अप्रैल, 2025 तक फोरलेन में गड्डों के पैच वर्क को पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

सचिव ने राष्ट्रीय उच्च मार्ग में दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्र, आबादी वाले क्षेत्रों व निर्धारित मापदंडों के अनुरूप चिन्हित स्थानों कर संकेत पट्ट लगाने के निर्देश दिए ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने अधिकारियों को फोरलेन निर्माण कार्य की गुणवत्ता व कार्य की प्रगति का समय-समय पर निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि फोरलेन कार्य के निर्माण के साथ-साथ पहले बने मार्ग के रखरखाव पर भी विशेष ध्यान दें, ताकि लोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को फोरलेन निर्माण कार्य में जहां भूमि विवाद है, उसका शीघ्र समाधान निकालने के निर्देश दिए, ताकि निर्माण कार्य में तेजी लाई जा सके।

### फोरलेन निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**उन्होंने** बैठक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा मैसर्ज पटेल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटिड के परियोजना प्रबंधन से पिंजौर से नालागढ़ तक फोरलेन निर्माण कार्य की धीमी गति से चल रहे कारणों के बारे में विचार-विमर्श कर उचित निर्देश दिए। उन्होंने इससे पूर्व राष्ट्रीय उच्च मार्ग-105 के फोरलेन निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया।

### निर्माण कार्य में आ रहीं कई तरह की दिक्कतें

**उन्होंने** कहा कि फोरलेन के निर्माण कार्य में देरी के कारण बीबीएन में स्थापित उद्योगों को कच्चे माल की आपूर्ति और उत्पादों को बाहर भेजने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण हिमाचल की आर्थिकी पर भी विपरीत असर पड़ता है।

# कम्युनिस्ट पार्टी ने वन विभाग के मुख्यालय में दिया धरना



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश वन विभाग द्वारा 11 और 17 अप्रैल को जारी किए किए गए आस्थगन पत्र ने राज्य में वनाधिकार कानून के क्रियान्वयन को लेकर असमंजस की स्थिति पैदा कर दी थी।

वीरवार को जारी आस्थगन पत्र से सहमति न रखते हुए इस पत्र को निरस्त की मांग को लेकर हिमाचल प्रदेश, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा वन विभाग के मुख्यालय के अंदर 3 घंटे का धरना दिया गया, जिसमें 200 से अधिक पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इसके उपरांत प्रधान मुख्य अरण्यपाल तथा उनके साथ अन्य वन अधिकारीयों के साथ डेढ़ घंटे तक चली बैठक के बाद इसे तुरंत प्रभाव से वापस लिया गया।

इस धरने को पार्टी के वरिष्ठ नेता राकेश सिंघा, डॉ. कुलदीप तंवर, विजेंद्र मेहरा, जगत राम आदि नेताओं ने लीड किया तथा इस पत्र की वापसी प्रदेश की जनता की जीत करार दिया। इसे लेकर राकेश सिंघा तथा डॉ. तंवर द्वारा प्रदेश के लघु एवं सीमांत किसानों के पक्ष में की गई वकालत के चलते विभाग को अपने जारी किए पत्र को वापस लेना पड़ा, जिससे जिला स्तरीय कमेटीयों में पैदा हुए असमंजस को दूर करने में तथा जमीन की बेदखली को रोकने व वनाधिकार कानून को लागू करने के लिए शुरू हुई पहल को सकारात्मक तरीके से आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# टेंडर की अधिसूचना वापस लेने के विरोध में उतरे पंचायत प्रतिनिधि

**रविंद्र चौधरी, फतेहपुर**

जिला कांगडा के विकास खंड फतेहपुर के प्रधानों और उपप्रधानों की बैठक लोक निर्माण विश्राम गृह फतेहपुर में वीरवार को हुई। बैठक में सरकार की ओर से इस वित्त वर्ष पंचायतों में विकास कार्यों के लिए निकाले गए टेंडरों के ब्लॉक स्तर पर करवाने की अधिसूचना का विरोध किया गया। वहीं आईआरडीपी सर्वे पर भी सवाल उठाए।



**आईआरडीपी सर्वे में सरकार द्वारा तय नियमों पर उठाई उंगलियां**

नंगल और सुनहरा के वीडीसी जतिंद्र सिंह ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पंचायतों के विकास कार्यों के लिए रेत, बजरी, ईंट, पत्थर सहित स्टरिंग सभी प्रकार की सामग्री के टेंडर संबंधी सभी शक्तियां पंचायत अधिनियम के अनुसार केवल पंचायतों की हैं। लेकिन, सरकार द्वारा यह प्रक्रिया ब्लॉक स्तर पर करना उचित नहीं हैं और जो शर्त सरकार ने लगाई है कि वेंडर की वार्षिक टर्नओवर एक करोड़ की होनी चाहिए। ये ग्रामीण क्षेत्र हैं, जिनमें एक करोड़ की टर्नओवर की शर्त न्यायसंगत नहीं है। वहीं, मिनता के प्रधान सुशील ने आरोप लगाए कि तकरीबन दो साल पहले ब्लॉक स्तर पर पंचायतों में सोलर लाइटें लगाने के लिए ई टेंडर के माध्यम से टेंडर हुए थे जिसमें 18-19 लाख रुपए एक हिम ऊर्जा नामक कंपनी को दिया गया था वे लाइटें अभी तक नहीं लगी तो पंचायत में ये वेंडर कैसे मैटीरियल पहुंचाएंगे। वहीं, हाड़ा पंचायत प्रधान सुशील कालिया ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि आईआरडीपी का सर्वे कमेटी द्वारा किया जाना है तो ग्रामसभा की बैठकों प्रधानों की अध्यक्षता में न करवाई जाएं।

बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों का कहना है कि पहले विज्ञापन के माध्यम से पंचायत में टेंडर लगाए जाते थे अब सरकार ब्लॉक स्तर पर यह कार्य कर रही है। सभी पंचायत प्रतिनिधियों ने सरकार से मांग की है कि नोटिफिकेशन को शीघ्र रद्द किया जाना चाहिए, जिससे लोगों के विकास कार्य पहले की तरह चल सकें। इस मौके पर विभिन्न पंचायतों के प्रधान गुरुनेश ग्राम पंचायत झुंब, संजीव ग्राम पंचायत गोलवां, कुलवीर सिंह ग्रामपंचायत टटवाली, सुरजीत धीमान ग्राम पंचायत छतर आदि शामिल हुए। (अनंत ज्ञान)

# होली के बहाने लुटाया सरकारी खजाना : बिक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा के विधायक बिक्रम ठाकुर ने शिमला स्थित सरकारी गेस्ट हाउस 'हॉलिडे होम' में आयोजित मुख्य सचिव प्रभोध सक्सेना की होली पार्टी को लेकर राज्य सरकार पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। सरकारी खर्च पर आयोजित इस पार्टी में वरिष्ठ अधिकारियों और उनके परिवारों की उपस्थिति और उसमें किए गए व्यय को देखते हुए यह साफ है कि यह लोकतांत्रिक भावना, नैतिक आचरण और प्रशासनिक मर्यादा का घोर उल्लंघन है।



**मुख्य सचिव पर बिक्रम ठाकुर ने साधा निशाना**

जब प्रदेश एक लाख करोड़ रुपए के कर्ज में डूबा है, तब इस तरह के आयोजन यह दर्शाते हैं कि सरकार और नौकरशाही को आम जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं। यह कार्यभार और वित्तीय अनुशासन की उपेक्षा है, जो केंद्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियम 1964 के तहत भी उल्लंघन की श्रेणी में आता है, जिसमें अधिकारियों से निष्ठा, ईमानदारी और निष्पक्षता की अपेक्षा की जाती है।




**आरोप** मुख्यमंत्री सुक्खू ने नियमों के विपरीत दिया दो करोड़ से अधिक का विज्ञापन : जयराम ठाकुर

# कांग्रेस के भ्रष्टाचार का अग्रदूत है नेशनल हेराल्ड अखबार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस और क्रप्शन दोनों एक दूसरे के पर्यायवाची हैं। जब भी राष्ट्रीय जांच एजेंसियों ने इनके किए घोटालों की परतें खोलनी शुरू की हैं तो कांग्रेस दबाब की राजनीति कर इन एजेंसियों को डराने-धमकाने का प्रयास करती है।

मंडी में प्रेसवार्ता के दौरान जयराम ने कहा कि कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड अखबार की नींव आजादी से पूर्व वर्ष 1938 में ही रख दी थी। जिसके पहले संपादक पंडित जवाहर लाल नेहरू थे। इसके बाद एसोसिएट जनरल लिमिटेड के प्रकाशन समूह की ओर से नेशनल हेराल्ड के अलावा हिंदी में नवजीवन और उर्दू में कौमी आवाज नामक अखबार निकाले जाते थे।

उन्होंने कहा कि भारत का अग्रदूत माने जाने वाला यह अखबार नेहरू परिवार और कांग्रेस की अगुवाई में भ्रष्टाचार का अग्रदूत बनकर रह गया। उन्होंने कहा कि नेहरू के बाद इंदिरा और फिरोज गांधी ने नेशनल हेराल्ड अखबार की कमान संभाली। तत्पश्चात राजीव



गांधी, सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने करीब दो हजार करोड़ की यह संपति हासिल की। जिसको लेकर यूपीए की सरकार के दौरान सुब्रम्णयम स्वामी की ओर से 2012 में पटियाला हाउस कोर्ट में मामला दर्ज किया गया था, जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी को आरोपी बनाया गया था। उन्होंने कहा कि 15 अप्रैल 2021 में ईडी ने इस बारे मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। उस दौरान भी कांग्रेस की ओर से ईडी के दफ्तर के बाहर धरना प्रदर्शन किया गया।

**कहा, ईडी के खिलाफ धरना-प्रदर्शन में संवैधानिक पदों पर बैठे लोग हो रहे हैं शामिल**

उन्होंने कहा कि संवैधानिक पदों पर बैठे लोग, जिनमें मंत्री और मुख्यमंत्री आते हैं, भी ईडी के खिलाफ धरने-प्रदर्शन में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि नेशनल हेराल्ड हमारा अखबार है, हम चाहे जितना विज्ञापन दे सकते हैं। जयराम ने कहा कि प्रदेश का गरीब आदमी गहने बेच कर अपना इलाज करवा रहा है, हिमकेयर योजना के माध्यम से गरीबों का उपचार नहीं हो रहा है जबकि सरकार नेशनल हेराल्ड जैसी कांग्रेस और नेहरू परिवार की अखबार को करोड़ों रुपए के विज्ञापन दे रही है। उन्होंने कहा कि बीते दो सालों में नेशनल हेराल्ड और नवजीवन अखबार को दो करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि नियमों को ताक में रखकर दी गई है। यही नहीं एक दिन में दो-दो बार अदायगी की गई है। इस अवसर पर बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी और द्रंग के विधायक पूर्ण ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष पायल वैद्य, निहाल चंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

### डीएवीपी नियमों का उल्लंघन्न कर की अखबार को अदायगी

**जयराम** ने कहा कि प्रदेश सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा निर्धारित डीएवीपी नियमों का उल्लंघन्न कर इस अखबार को अदायगी की गई है। उन्होंने कहा कि हिमाचल के अपने राज्य के अखबारों और मीडिया संस्थानों का गला घोंटकर गांधी परिवार को खुश करने के लिए इस तरह से सरकारी खजाना लुटाया जा रहा है। अब जब जांच एजेंसी अपना काम कर रही है, तो कांग्रेस देश व्यापी धरना-प्रदर्शन करने में लगी हुई है।

## न्यूज ब्रीफ

### खैरा स्कूल में पूर्व छात्रों की बैठक आयोजित

**राकेश डोगरा, डरोह।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खैरा में पूर्व छात्रों की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें खैरा स्कूल से पढ़कर गए लगभग 70 पूर्व विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी आए हुए छात्र मेहमानों का विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय शर्मा व विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत किया गया। उन्होंने विद्यालय के विकास के लिए हर संभव प्रयास व मदद करने को कहा। इस अवसर पर सभी के लिए प्रीति भोज का आयोजन भी किया गया। पूर्व छात्रों में सुलह के पूर्व विधायक व सीपीएस रहे जगजीवन पॉल, कर्नल चंदन सिंह कटोच पूर्व डायरेक्टर एम्स गुजरात, डॉ. रवि दत्त शर्मा पूर्व जिला परिषद सदस्य, बीडीसी सदस्य मान सिंह, कर्नल शक्ति चंद कटोच, चतर सिंह रिटायर्ड सीनियर मैनेजर ओरिएंटल इंश्योरेंस, रघुबीर जरयाल रिटायर्ड एक्शन, कर्नल कुलदीप भंगालिया, कर्नल करतार चंद रनौत, रिटायर्ड प्रधानाचार्य जगदीश चौधरी, युद्धवीर कटोच, राजिंद्र जरयाल, राजिंद्र शर्मा, रिटायर्ड हेडमास्टर बलबीर धीमन, प्रताप चंद मेहरा रिटायर्ड अंडर सेक्रेटरी, दिलेर चौधरी रिटायर्ड एक्शन व अन्य गण्यमान्य पूर्व छात्र उपस्थित रहे। इनके साथ ही इस अवसर पर खैरा पंचायत प्रधान राजीव धीमन, खैरा बलूही की प्रधान सविता धीमन, छैंचरी की प्रधान सिमी चौधरी, लाहट के प्रधान प्रताप चंद, पपलाह की प्रधान सपना, वाहे दा पट्ट के उपप्रधान राजिंद्र कटोच, लाहट के उप प्रधान जगवीर उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### एसडीएम इशांत ने दिया विद्यार्थियों को अक्षर ज्ञान



**अनंत ज्ञान, गगल।** डीएवी पब्लिक स्कूल तियारा में आज अक्षर ज्ञान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में बतौर मुख्यातिथि एसडीएम कांगड़ा आईएएस इशांत जसवाल ने शिरकत की। जसवाल ने छोटे छोटे विद्यार्थियों का हाथ पकड़ हल्दी से ओम् बनवाया और उन्हें अक्षर ज्ञान दिया।तदोपरांत विद्यार्थियों के ऊपर फूल बरसाकर आशीर्वाद भी दिया। उपहार में विद्यार्थियों को पेंसिल भी भेंट की। प्रधानाचार्या एकता अत्तरी ने एसडीएम इशांत जस्वाल का स्कूल आने पर धन्यवाद किया और बताया कि स्कूल में इस प्रकार की गतिविधियां करवाने से विद्यार्थियों को प्रेरणा मिलती है कि वे उन जैसे बन सकें।

### तूफान से नुकसान पर आर्थिक मदद करे सरकार : कमल



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर से भाजपा नेता कमल शर्मा ने कहा कि शाहपुर के कई गांव में जहां सड़कें अवरूद्ध हुई, वहीं कई खड़े वाहनों व घरों पर पेड़ गिरने से भारी नुकसान हुआ है। लोगों के घरों की छत्ते उड़ गई है। लोग बाहर रहने को मजबूर हुए है। ऐसे परिवारों को चिन्हित करके जल्दी से आर्थिक मदद सहित घरों की रिपेयर की जाए। किसानों बागवानी को भी तूफान से भारी नुकसान हुआ है। फसलें जहां क्षति ग्रस्त हुई है। वहीं आम, लीची नींबू, संतरे का सारे फूल गिरकर तूफान की आगोश में समा गए। सरकार अधिकारी-कर्मचारियों को भेज कर मौके का जायजा लेकर हुए नुकसान का पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दे।

### छिंज मेले के विजेताओं को उपमुख्य सचेतक ने नवाजा

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर के हार चक्कियां में आयोजित छिंज मेले में बड़ी माली के लंबा नाला के अजु तथा ज्वाली के कृष्ण दूसरे स्थान पर रहे जबकि छोटी माली जोल के राजू विजेता तथा संजय देवा दूसरे स्थान पर रहे। विजेताओं को उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि मेले हमारी संस्कृति की पहचान होती है। विधानसभा सत्र में अपने राजोल वसियों की आवाज उठाई तथा मुख्यमंत्री ठाकुर सिंह सुक्खू के आशीर्वाद से लपियाना वन विश्राम गृह के सड़को पानी बिजली के लिए करोड़ों रुपए दिए। जिससे जनता को मूलभूत सुविधाएं घर द्वार पहुंचे। इस अवसर पर कमेटी के प्रधान सतिंदर शास्त्री,दलीप कुमार,कीकर सिंह,बुधि सिंह,हेमराज प्रधान,पवन कुमार,मंजीत सिंह प्रधान, तिलक राज प्रधान, अशोक भारती, विक्रम सिंह, विनय डोगरा, बलदेव राज आदि लोग मौजूद रहे।

# जनता के सामने होगी समीक्षा बैठकें : पठानिया

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि शाहपुर नगर पंचायत के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों की समीक्षा के लिए बैठकें आयोजित की जाएंगी इसमें वार्ड के सभी नागरिकों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी।

वीरवार को शाहपुर विश्राम गृह में लोगों की समस्याएं सुनने के उपरांत उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि समीक्षा बैठकों के लिए प्रत्येक वार्ड में प्रात: सात से नौ बजे तक का समय निर्धारित किया जाएगा ताकि सभी लोग इसमें भाग ले सकें। उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि लोगों की समस्याएं का उनके घर द्वार पर जाकर निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा ताकि शाहपुर विस क्षेत्र को एक आदर्श विस क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा सके। उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शाहपुर विस क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए करोड़ों की सौगात दी है। उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि शाहपुर अस्पताल में शीघ्र ही डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध करवा दी जाएगी।



**शाहपुर अस्पताल को दो व्हीलचेयर की भेंट**

उन्होंने कहा कि सिविल हॉस्पिटल शाहपुर में मरीजों की सुविधा के लिए ऑपरेशन थियेटर की सुविधा शुरू कर दी गई है। हड्डियों के विशेषज्ञ डॉक्टर की तैनाती भी करवा दी गयी है। कुछ समय बाद सिविल अस्पताल शाहपुर का नया भवन बन कर तैयार हो जाएगा। इससे शाहपुर ही नही बल्कि लगते जवाली, सिहुंता, एवं अन्य विधानसभा क्षेत्रों की जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। शाहपुर निवासी जगरूप नाग और उनकी धर्मपत्नी ने शाहपुर अस्पताल को दो व्हीलचेयर विधायक शाहपुर के माध्यम बीएमओ शाहपुर कविता ठाकुर को भेंट की वहीं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने अपनी ओर से अस्पताल को चार नेबुलाइजर मशीनें भेंट की इससे पहले भी उपमुख्य सचेतक डेंटल चेयर, शीतल पेयजल कूलर, हीटर व आक्सीनेटर अस्पताल को भेंट कर चुके हैं। वहीं विधायक केवल सिंह पठानिया से प्रेरित होकर दरगेला निवासी देवराज जम्बाल डिस्टिल्ड वाटर प्लांट व एक इलेक्ट्रोकोटरी मशीन (आपरेशन के दौरान टांका लगाने की मशीन) अस्पताल को भेंट कर चुके हैं।

इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक् कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत राणा, पेंशनर सेल अध्यक्ष प्रदीप बलोरिया, नगर पंचायत के सभी पार्षदों सहित शाहपुर के स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# प्रदेश की ठग कांग्रेस सरकार चंद दिनों की मेहमान : बिंदल

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने सुक्खू सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि ठग सरकार अब चंद दिनों की मेहमान है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार न केवल जनहित की योजनाओं को बंद कर रही है, बल्कि राज्य में महंगाई, भ्रष्टाचार और माफिया राज को भी खुली छूट दे रही है। डॉ. बिंदल ने कहा कि अगर समोसे और जंगली मुर्गे की जांच हो सकती है, तो चीफ इंजीनियर विमल नेगी की रहस्यमयी मौत की सीबीआई जांच से सरकार क्यों भाग रही है?

राजीव बिंदल को कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचने पर ओपचारिक रूप से पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सिर्फ खजाना खाली है, का राग अलापने से जनता को राहत नहीं मिलेगी। लोगों ने कांग्रेस को गारंटी के नाम पर वोट दिया था, लेकिन अब एक भी गारंटी पूरी नहीं की जा सकी। प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमरा चुकी है। हर जगह महंगाई, लूटपाट, भ्रष्टाचार, हत्या, डकैती और नशा माफिया का बोलबाला है। अधिकारी-कर्मचारी नशे की चपेट में आ रहे हैं।



# डॉ . जनमेजय का सिंगापुर की शैक्षणिक यात्रा में चयन

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

डॉ. जनमेजय गुलेरिया, मुख्याध्यापक, राजकीय उच्च विद्यालय सिद्धबाड़ी धर्मशाला को स्टार परियोजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग ने सिंगापुर की सात-दिवसीय शैक्षणिक यात्रा के लिए चयनित किया है। इस यात्रा में उन्हें ज्ञान और अनुभव का आदान-प्रदान करने का अवसर मिलेगा, जिसे वे अपने विद्यालय में क्रियान्वित कर सकेंगे।

मुख्याध्यापक के रूप में, डॉ. गुलेरिया ने शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक कार्यों से विद्यालय के लिए नई पहचान बनाई है। विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न स्तरों पर कई पुरस्कार प्राप्त किए हैं और विद्यालय ने आपदा प्रबंधन परियोजनाओं में जिला स्तर पर पुरस्कार जीते हैं। डॉ. गुलेरिया ने लोक संस्कृति पर चार पुस्तकें और लोक संगीत पर लगभग 40 शोध पत्र प्रकाशित किए हैं। उन्होंने जन्मगीत, झिंझोटी गायन, विवाह संस्कार गीत और बारहमासा पर पांच संगीतात्मक दस्तावेजीकरण प्रस्तुत किए हैं। डॉ. गुलेरिया ने पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ से संगीत में पीएचडी प्राप्त की है और संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार से वरिष्ठ फैलोशिप प्राप्त हुई है। वर्तमान में, वे राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत छात्रों को लोक संगीत में प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं।

डॉ. गुलेरिया को राज्य और राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार, इंडो-नेपाल समरसता सम्मान, भारत ज्योति सम्मान, और राष्ट्रीय अचीवर अवार्ड फॉर एजुकेशन एक्सीलेंस से सम्मानित किया गया है। उपशिक्षा निदेशक निरीक्षण कंचन ज्योति और उपशिक्षा निदेशक उच्चतर विकास महाजन सहित कई शिक्षाविदों ने डॉ. गुलेरिया को शुभकामनाएं दी हैं।

# 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर करवाई संगोष्ठी

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर एक विचारोत्तेजक एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम धौलाधार परिसर के सेमिनार हॉल में आयोजित हुआ। संगोष्ठी का उद्देश्य भारत में एक साथ चुनाव कराए जाने की संभावनाओं, चुनौतियों एवं प्रभावों पर विमर्श करना रहा।



कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कुलपति, प्रो. सत प्रकाश बंसल रहे, जिन्होंने विषय की महत्ता पर विचार प्रकट किए। संगोष्ठी की अध्यक्षता एवं संयोजन का दायित्व विधायक जेआर कटवाल ने निभाया, जिन्होंने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर सारगर्भित मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर प्रो. शशिकांत शर्मा, विभागाध्यक्ष, पत्रकारिता विभाग, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला ने विशिष्ट वक्ता के रूप में विषय के विभिन्न पहलुओं पर महत्वपूर्ण संबोधन दिया। प्रो. प्रदीप, अधिष्ठाता अध्ययन ने स्वागत भाषण में लोकतंत्र को सशक्त बनाने हेतु चुनावी सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया।

वहीं जेआर कटवाल, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एवं विधायक ने विषय की व्यापक रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि एक साथ चुनाव से चुनावी खर्च में भारी कटौती होगी और चुनावी हिंसा में भी कमी आएगी।

प्रो. शशिकांत शर्मा ने कानूनी और संवैधानिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने कहा कि वे जिम्मेदार नागरिकों के निर्माण और लोकतांत्रिक चेतना के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रो. सुमन शर्मा, कुलसचिव ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, आयोजकों और प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सरकार विज्ञापनों के नाम पर बांट रही करोड़ों रुपए : राकेश



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने आज प्रदेश कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री सुक्खू पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि हिमाचल में वित्तीय स्थिति बदहाल है, सरकार हर मंच पर रोती है कि पैसा नहीं है, लेकिन गांधी परिवार के बंद अखबार 'नेशनल हेराल्ड' को विज्ञापनों के नाम पर करोड़ों रुपए बांटने में कोई झिझक नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के समय शुरू किया गया 'एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड' और उससे जुड़ा 'नेशनल हेराल्ड' अखबार 2008 में आर्थिक घाटे के चलते बंद हो गया था।

इस कंपनी की संपत्तियों पर कब्जा करने के लिए कांग्रेस ने 'यंग इंडिया' नाम की कंपनी बनाई, जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी की 76 प्रतिशत हिस्सेदारी है। मात्र 50 लाख रुपए देकर 90 करोड़ का कर्ज माफ कर, हजारों करोड़ की संपत्ति पर कब्जा कर लिया गया। यह सीधा-सीधा आर्थिक अपराध और नैतिक भ्रष्टाचार है। जम्वाल ने कहा कि इस पूरे मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जांच करते हुए सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार उसी बंद पड़े नेशनल हेराल्ड अखबार को विज्ञापन देकर गांधी परिवार को लाभ पहुंचा रही है। यह अखबार न तो हिमाचल में छपता है, न बिकता है, न ही इसका कोई सकुंलेशन है, फिर भी उसे करोड़ों की राशि विज्ञापन के नाम पर दी जा रही है।



## अनंत पर्यटन

"झाड़ी रहित रास्तों से गुजरने का अनुभव, धान के खेतों में छाई खूबसूरत छटा, बागों में बिछी आकर्षक घटा, तेज बहती नदियों का रोमांच, देवदार के पेड़ों की सुंदरता, झीलों की भव्यता देखते ही बनती है। ट्रैकिंग के दौरान थकान का एहसास नहीं होता और नए-नए कौतूहल से भरे रास्तों में ट्रैकिंग जीवन पर्यंत सुखद यादें छोड़ जाती है। विश्व में सबसे उन्नत पर्वत हिमालय में महत्वपूर्ण साहसिक गतिविधियों के लिए सबसे बेहतर जगह है। यहां एक साहसिक खेल के रूप में ट्रैकिंग का रोमांच और उत्साह दोगुना हो जाता है। कम झाड़ियों वाली जमीन पर सैकड़ों रास्ते दिखते हैं। धान के खेतों और बागों के बीच से पहाड़ी रास्तों पर चढ़ते हुए, तेज बहती नदियों को पार करते हुए, घने जंगलों में एक देवदार या फूल वाले पेड़ों के नीचे ग्लेशियर झीलों तक, पहाड़ की चोटी पर तीर्थ यात्रा और अन्य हिमाचल ट्रैक्टर्स के लिए बेहद रोमांचित करने वाली जगह मौजूद है। जो ट्रैकिंग का अनुभव ताउम्र नहीं भुलाता। ऐसे ही रोमांचक ट्रैक में इंद्रहार दर्रा ट्रैक, ब्यास कुंड, चंद्रताल, किन्नर कैलाश, करेरी झील, पिन पर्वती, भावा दर्रा, फ्रेंडशिप पीक, हमटा दर्रा, चंद्र ताल-बारालाचा ट्रैक, साच दर्रा और बड़ा भंगाल ट्रैक बेहद चुनौतिपूर्ण मार्ग हैं, जो उच्च ऊंचाई वाले पहाड़ों और दर्रों से होकर गुजरते हैं।

### हिमालयन रेंज में अनगिनत पगडंडियों के बीच

# ट्रैकिंग का रोमांच

### ट्रैकिंग के लिए ढेरों विकल्प

**खूबसूरत** जिला चंबा की बात करें तो चंबा, पांगी घाटी, भरमौर, चुराह घाटी और मणिमहेश पर्वतमाला के आसपास से कई रास्ते निकलते हैं, जो इंसान की अद्भुत साहस की भावना को चुनौती देते हैं और संतुष्ट भी करते हैं । इसके अलावा सिरमौर में चूड़धार ट्रैक, जिला शिमला हाटू, कुपड, चांशल और डोडराक्वार सम्मिलित हैं। जिला किन्नौर में सांगला घाटी, नाको, कल्पा, बशलेओ, ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क कुल्लू, सोलंग, रोहतांग घाटी, बरोट, पराशर झील, मंडी में करसोग घाटी, कांगड़ा में त्रिउंड, बड़ा भंगाल, बीड़-बिलिंग, लाहौल-स्पीति में कई मार्ग इस भूमि पर ट्रैकिंग के लिए ढेरों विकल्प मौजूद हैं।

### विशेषज्ञ ऑपरेटर व गाइडेंड ट्रैक

**ट्रैकिंग** को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए ऐसे विशेषज्ञ ऑपरेटर हैं, जो गाइडेंड ट्रैक आयोजित करते हैं। इन ऑपरेटर्स के साथ-साथ सरकारी एजेंट के पास भी गाइड उपकरण पोर्टल और नक्शे उपलब्ध होते हैं। कुछ ट्रैक मार्गों पर घने जंगल में पुराने वन विभाग के डाक बंगले हमेशा एक घोर हैरानी की खोज होती हैं। कई मार्गों पर राज्य विद्युत बोर्ड, लोक निर्माण विभाग ,वन विभाग और अन्य एजेंसी के विश्राम स्थल मौजूद हैं, जिन्हें योजनाबद्ध ट्रैक के लिए पहले से बुक किया जा सकता है। ये वन विश्रामगृह क्षेत्र के प्रभागीय वन अधिकारी द्वारा बुक किए जाते हैं और पीडब्ल्यूडी और विद्युत बोर्ड के विश्राम स्थलों में संबंधित कार्यकारी अभियंता द्वारा बुक होते हैं।



### मणिमहेश ट्रैक

**5656** मीटर की ऊंचाई पर स्थित मणिमहेश कैलाश शिखर एक प्राकृतिक चमत्कार है, जब इसके तल पर स्थित झील के शांत और उपचारात्मक जल में प्रतिबिंबित होता है, तो वहां पहुंचने का प्रयास करने वाले तीर्थ यात्रियों और ट्रैक्टर्स में एक सहज प्रार्थना जागृत होती है। 4080 मीटर की ऊंचाई पर स्थित मणिमहेश झील एक महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है। हर साल अगस्त से सितंबर में हजारों तीर्थ यात्री मणिमहेश यात्रा के लिए इकट्ठे होते हैं। भक्ति गीत गाते हुए तीर्थ यात्री झील के बर्फीले पानी में स्नान करने और एक छोटी सी झील के किनारे स्थित मंदिर में पूजा करने के लिए कठिन रास्ते पर चलते हैं। मान्यता है कि भगवान शिव पवित्र शिखर पर निवास करते हैं। इसकी दूरी मणिमहेश व भरमौर से 34 किलोमीटर है।

### कुगती दर्रा ट्रैक

**लाहौल** की पट्टन घाटी में पीर पंजाल रेंज हुए जोबृंग तक 5040 मीटर ऊंचे कुगती दर्रे तक 5 दिन का कठिन ट्रैक एक चुनौतीपूर्ण यात्रा है। ट्रैक की शुरुआत धनोल से होती है, जो भरमौर से 19 किलोमीटर दूर है। घने शंकुधारी जंगलों से घिरे कुगती दर्रे तक पहुंचने से पहले आखिरी बसा हुआ गांव है। दर्रे तक पहुंचने के लिए खड़ी चढ़ाई से गुजरना पड़ता है। दर्रे से नजारा बेहद शानदार दिखता है।

### यहां से ले सकते हैं ट्रैकिंग की जानकारी

**यहां** पर अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं संबद्ध खेल संस्थान मनाली कुल्लू, धर्मशाला, कांगड़ा में क्षेत्रीय केंद्र, भरमौर, चंबा में क्षेत्रीय केंद्र, पर्वतारोहण उप केंद्र जिस्पा लाहौल और स्पीति शामिल हैं।



### ट्रैकिंग के लिए बेसिक चीजें

**ट्रैकिंग** के लिए बेसिक गियर, अच्छी पकड़ वाले आरामदायक चलने वाले जूते, वाटर प्रूफ गर्म जैकेट, ऊनी मोजे और स्टॉकिंग, धूप का चश्मा, हेडगियर रुकसाक। अन्य प्रकार के बैग तभी संभव हैं जब आप कुली और टट्टू को किराये पर लेने की योजना बनाते हैं, इसके अलावा पानी की बोतल, स्विच आर्मी चाकू, टेंट स्लीपिंग बैग और फॉर्म ग्राउंड शीट, दस्ताने, छाता चिकित्सा और प्राथमिक चिकित्सा उपकरण, फोटोग्राफी उपकरण, यदि आप जीवनभर की यादें लेकर लौटना चाहते हैं। बैटरी के साथ टॉर्च, कंपास, दूरबीन, खाना पकाने के उपकरण, भोजन और राशन, ताजा फल-सब्जियां मांस और दूध की कमी शायरी कभी उच्च पर्वतीय क्षेत्रों और ट्रांस हिमालय के कुछ हिस्सों को छोड़कर अन्य स्थानों पर होती है।

### शिमला जिले का घना जंगल ट्रैकिंग के लिए बेहतर


**हिमाचल** प्रदेश की भौगोलिक विविधता के साथ ही दुनिया में शिमला जैसी बहुत कम जगहें हैं। शिमला हिमालय की शिवालिक रेंज में विशाल पहाड़ एवं कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों के संयोजन के साथ स्थित है। शिमला जिला ज्यादा आबादी वाले देवदार पेड़ों और छोटे छतों, गहरे खड्ड, नदियां और खूबसूरत झीलों, बर्फ में लिपटी पहाड़ी और हरे अल्पाइन घास के मैदान से भरे हुए हैं। ये सभी इस विशाल स्पेक्ट्रम का हिस्सा हैं और साहसिक गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए संभावनाएं बहुत बड़ी हैं। ये आसान इलाकों में चलने की तुलना में भिन्न है, जो भयंकर अभियानों से भरा हुआ है जैसे-स्कीइंग, हेलिस्कीइंग और बर्फ-स्केटिंग। पैराग्लाडिंग का रोमांच और पहाड़-साइकिल चालन के साथ सहनशक्ति की परीक्षा है। आप डेरा डाले हुए और मछली पकड़ने जा सकते हैं और गोल्फ खेल सकते हैं या कार, जीप या मोटरसाइकिल से सफारी ले सकते हैं। आपको बस इतना करना होगा कि आप अपना मन बना लें और अपनी गतिविधि का चयन करें। ज्यादातर चीजों के लिए कोई विशेष प्रशिक्षण आवश्यक नहीं है, उम्र कोई विचार नहीं है और आपको बस फिटनेस के उचित स्तर की आवश्यकता है। उपकरण, प्रशिक्षण और प्रशिक्षक उपलब्ध हैं और फिर, यह सब दुनिया के अन्य हिस्सों पर खर्च की जाने वाली चीजां के एक अंश पर आता है।

### शिमला, सिरमौर, किन्नौर के कुछ चर्चित ट्रैकिंग स्थल

- जलाड़ी दर्रा (3300 मी) पर शिमला से कुल्लू तक
- शिमला से कुल्लू को बाशोलो पास (3250 मी)
- शिमला-रोहरो-सांगला
- साराण से सांगला
- शिमला से हादु पीक
- शिमला से शालीपीक
- शिमला से चूड़धार तक
- शिमला से चायल
- शिमला से जुन्गा
- शिमला से ततापानी

### हिमाचल प्रदेश में ट्रैकिंग के लिए 16 मार्ग

*हिमाचल प्रदेश में ट्रैकिंग के लिए 16 मार्गों को सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है,जो दुनिया के सबसे खूबसूरत नजारों से होकर गुजरते हैं। बस सावधानी रखने की जरूरत है। ये ट्रैक गंभीर पैदल यात्रियों के लिए हैं।*



### गंभीर पैदल यात्रियों के लिए ट्रैक

त्रिउंड ट्रैक, हम्प्टा दर्रा ट्रैक, भृगु झील ट्रैक, खीरगंगा ट्रैक, ब्यास कुंड ट्रैक, करेरी झील ट्रैक, पिन पार्वती दर्रा ट्रैक, इंद्रहार दर्रा ट्रैक, देव टिब्बा ट्रैक, चंद्रखानी दर्रा ट्रैक, मलाणा गांव ट्रैक, पराशर झील ट्रैक, डैनकुंड ट्रैक, फ्रेंडशिप पीक ट्रैक, भाभा दर्रा ट्रैक, सार दर्रा ट्रैक

प्रस्तुति
सत्यदेव भारद्वाज
शिमला



# नशा तस्करी का मुख्य आरोपी काबू, 1.15 करोड़ नकदी और 1 किलो सोना, चांदी बरामद

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**



पुलिस जिला नूरपुर द्वारा पुलिस थाना डमटाल के अंतर्गत मुकाम इंदौरा मोड़ एनएच-44 के पास नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई थी, जिसमें कंवलजीत सिंह पुत्र महिंद्र सिंह निवासी अर्जुन नगर डॉ. छयाटा, जिला अमृतसर के कब्जे से 262 ग्राम हेरोइन बरामद करने में सफलता प्राप्त की थी। पूछताछ में पाया गया कि इस अभियोग में अन्य लोग भी शामिल हैं, जिनकी तलाश जिला पुलिस नूरपुर द्वारा विभिन्न-2 स्थानों पर की जा रही थी।

जिला पुलिस नूरपुर द्वारा इस मामले में शामिल एक अन्य आरोपी राजेश कुमार पुत्र लक्ष्मण दास निवासी अर्जुन नगर जिला अमृतसर को धर्मशाला से गिरफतार करने में सफलता प्राप्त की थी। गिरफ्तार आरोपी राजेश कुमार पुत्र लक्ष्मण दास से पूछताछ अमल में लाई गई, जिसने जाहिर किया की अवैध चिट्टे की तस्करी का सारा कारोबार दुबई से चल रहा है। जिला पुलिस नूरपुर द्वारा गुप्त रूप से इस मामले की आगामी जांच जारी रखी गई तथा जांच में पाए गए तथ्यों के आधार पर नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी में शामिल एक अन्य आरोपी राज कुमार पुत्र दौलत राम निवासी भदरोया तहसील इंदौरा जिला कांगड़ा को गिरफ्तार करने में सफतला प्राप्त की गई। जांच के दौरान यह भी पाया गया है कि गिरफ्तार आरोपी राज कुमार एक कुख्यात चिट्टा तस्कर है।

इस मामले में एक अन्य आरोपी लखविंद्र कोहली पुत्र हरबस लाल निवासी भदरोया तहसील इंदौरा जिला कांगड़ा को भदरोया से गिरफ्तार करने सफलता प्राप्त की। जो गिरफ्तार आरोपी लखविंद्र कोहली से की गई पूछताछ के आधार पर एक अन्य आरोपी मोहित सिंह पुत्र गुरपाल सिंह निवासी सुंदरनगर पठानकोट के रिहायशी मकान की छापेमारी अमल में लाई गई। छापेमारी में मोहित सिंह के घर से 4,90,000 की नकदी व 67.93 ग्रांम सोने के गहने, 95.45 ग्रांम चांदी के गहने, 02 मोबाइल फोन व 2 लाइफ इन्श्योरेंस बांड जिनका वार्षिक प्रमियम 4,50,000 बरामद हुए है।

आरोपी लखविंद्र कोहली पुत्र हरबंस लाल द्वारा चिट्टे को बेचकर अर्जित की गई संपति जिसमें जेवरात व नकदी शामिल है को पुलिस के पकड़े जाने के डर से पठानकोट निवासी एक सुनार के पास रखी है। जिस पर जिला पुलिस नूरपुर द्वारा पेशेवर ढ़ग के कार्य करते हुए उक्त सुनार के निवास स्थान पठानकोट में छापेमारी करके भारी मात्रा मे नकदी व जेवरात जिनमें 1 किलो 25 ग्रांम सोना 04 ग्रांम चांदी व 1,15,00,000 (एक करोड़ पंद्रह लाख) की नकदी बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। आज मोहित सिंह उर्फ टोनी पुत्र गुरपाल सिंह निवासी सुंदरनगर पठानकोट को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। (अनंत ज्ञान)

### अब तक मामले में 6 आरोपी गिरफ्तार

**इस** समय अब तक इस मामले में कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस दौरान उक्त आरोपियों से 262 ग्रांम चिट्टा 1 किलो 92.93 ग्राम सोने के गहने व 99.45 ग्राम चादी के गहने व कुल 1,19,90,000 नकदी 2 मोबाइल फोन व 2 लाइफ इंश्योरेंस बांड की बरामदगी की जा चुकी है। इसके अलावा इन आरोपियों और इनके रिश्तेदारों के नाम विभिन्न बैंक खातों जिनका विवरण इस प्रकार से है को भी फ्रीज किया गया है। आज अभियोग की जांच के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि आरोपी लखविंद्र ने पुलिस के पकड़े जाने के डर से नशीले पदार्थ को बेचकर अवैध रूप से संपत्ति अर्जित की। यह संपत्ति आरोपी मोहित उर्फ टोनी के रिहायशी मकान से बरामद की गई, जिसमें विभिन्न स्थानों की भूमि के दस्तावेज, 6 वाहनों के कागजात व 3 वाहन चाबियां, 6 एटीएम कार्ड, 12 चेकबुक, 10 बैंक पासबुक, 10 लाख की दो जीवन बीमा पॉलिसियां, 2 कार। अब तक इस अभियोग की तफ्तीश के दौरान करीब 3 करोड़ की चल व अचल संपत्तियों को नियमानुसार जब्त किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### कृष्ण नगर स्कूल में किया सरस्वती पूजन

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** उपमंडल बैजनाथ की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कृष्ण नगर में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा आराधना के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रातःकालीन सत्र में प्रिंसिपल नीलम राणा, समस्त अध्यापकों और विद्यार्थियों ने लेखराज शास्त्री द्वारा विधि विधान से करवाए गए हवन यज्ञ में आहुतियां दीं और मां सरस्वती की स्तुति एवं पूजा अर्चना के साथ उनके आशीर्वाद हेतु याचना की। स्थानापन्न प्रिंसिपल नीलम राणा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को हिंदू शास्त्रों में वर्णित संस्कारों एवं ईश्वरीय अनुकंपा के विधान की चर्चा करते हुए उनसे अपनी शिक्षा सिरज़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए परिश्रम द्वारा सफलता हासिल करने का आह्वान किया। नीलम राणा ने शिक्षार्थियों से अपने एवं अपने माता-पिता के सपनों को साकार करने के निरंतर गुरुओं के सानिध्य में नवीन ज्ञान की अनवरत साधना करते हुए समाज का उपयोगी अंग बनने की सीख दी।

### कृषि सेवा सहकारी सभा समिति का आम जलास 20 को

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** दी दरगया सकरी कृषि सेवा सहकारी सभा समिति का आम जलास 20 तारीख को सुबह 11 बजे समिति के प्रांगण में रखा गया है। जानकारी देते हुए सभा के सचिव अनिल राणा ने बताया कि रविवार 20 तारीख को आम जलास रखा गया है तथा सभी सदस्य सभा के सभी हिस्सेदारों से अनुरोध किया है कि वह अपनी उस्थिति दर्ज करवाएंगे। उन्होंने बताया कि इस आम जलास में सभा पिछले वित्तीय वर्ष के आय व व्यय का लेखाजोखा पेश किया जाएगा।

### पुलिस ने आरोपी से 7.56 ग्राम चिट्टा किया बरामद

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पुलिस थाना पालमपुर के तहत मैंझा चैक बुझा मल मैरिज पैलेस के पास गाड़ी नंबर एचपी 01डी-9678 से 7.56 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ है। इस संदर्भ गाड़ी चालक निखिल कुमार निवासी राख, साथ बैठे राहुल निवासी लाहला तहसील पालमपुर व विशाल कुमार निवासी लाहला के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### हिमानी चामुंडा मंदिर तक कई सुविधाएं बाकी : प्रवीन



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पहाड़ी पर स्थित सिद्ध शक्ति पीठ मां आदि हिमानी चामुंडा का मंदिर भी माता वैष्णो देवी की तरह बने अर्थात विकसित हो। इस सोच एवं ड्रीम प्रोजेक्ट को लेकर तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रो प्रेम कुमार धूमल के कुशल नेतृत्व में बतौर विधायक प्रयास किए । दो-दो कमेटियों के आपसी विवाद के चलते, एक-दूसरे के ऊपर आरोपों व प्रत्यारोपों के दृष्टिगत इस मंदिर का चामुंडा नंदिकेश्वर मंदिर ट्रस्ट के साथ विलेय करवाया। पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीन कुमार ने कहा परिणामस्वरूप उसके उपरांत ही मंदिर के नए स्वरुप का प्राकलन बना, हैलिकाप्टर सेवा शुरू करवाई, तत्कालीन राज्यसभा सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार की सांसद निधि से लगभग चार किलोमीटर रास्ते का निर्माण हुआ, आदि हिमानी चामुण्डा तक रज्जू मार्ग का सर्वे करवाया। नतीजतन रज्जू मार्ग का जिस कम्पनी के नाम टेंडर हुआ काफी कसरत के बाद उसने हाथ खड़े कर दिए। हैलिकॉप्टर सेवा बंद हो गई। निर्माण कार्य इतने लंबे समय से कछुए की चाल की तरह चला हुआ है। पूर्व विधायक ने कहा आजकल भारी संख्या में श्रद्धालु मन्दिर में माथा टेकने जा रहे हैं, लेकिन पानी के विना त्राहि त्राहि मच रही है। लगभग 9-10 किलोमीटर लम्बे इस मंदिर के पैदल पथ पर न कोई वर्षालय ओर न ही शौचालय है। अब इंसाफ संस्था के आग्रह पर राज्य सभा सांसद इन्दु गोस्वामी ने वर्षाश्रालय के लिए 10 लाख रुपए मंजूर किए हैं। पूर्व विधायक ने कहा असुविधाओं को लेकर वह पिछले दिनों मंदिर आयुक्त एवं जिलाधीश कांगड़ा हेम राज बैरवा से मिले थे।

### योल में 150 लोगों ने करवाया फ्री चेकअप

**अनंत ज्ञान, योल।** हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर योल, अंडर पीएचसी चामुंडा ने गुरुद्वारा योल में निक्षय शिविर मनाया, जिसमें 150 लोगों का फ्री में में एक्स-रे और 100 लोगों का सीवाई टीबी टेस्ट किया गया। सभी लोगों को उनके एक्स-रे के रिजल्ट उसी समय उनके साथ साझा किए गए और जिन लोगों को टीबी के कोई भी लक्षण थे उनके बलगम की जांच भी करवाई गई। इस शिविर में ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रुबी भारद्वाज, डॉक्टर जगदीश, एसटीएस संजीव कुमार और कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स एवं आशा वर्कर्स ने मुख्य भूमिका निभाई।

# भारी बारिश-ओलावृष्टि और तेज हवाओं ने मचाया कहर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा में बुधवार रात 9:30 बजे के करीब भारी बारिश-ओलावृष्टि व तेज हवाओं ने ऐसा कहर मचाया कि लोगों में दहशत का माहौल पैदा हो गया। 80 किलो मीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चले आंधी तूफान के आगे सब कुछ तहश-नहश होता चला गया।

जिले के कई इलाकों में अंधड़ चलने से भारी नुकसान हुआ है, जिससे लोग सहम गए। मौसम विभाग के अनुसार 80 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से अंधड़ चला। इससे कई जगह एनएच पर ही पेड़ उखड़ गए, घरों के शीशे टूट गए। बिजली के तारों पर पेड़ गिरने से जिला कांगड़ा में कई जगह ब्लैकआउट हो गया। बुधवार देर रात कई जगह शादी-समारोह के पंडाल उड़ गए।

अंधड़ के साथ झमाझम बारिश और ओलावृष्टि भी हुई। खेतों में गेहूं बिछ गई है। कटी फसल भीग गई है। विशेष रूप से धर्मशाला, नूरपुर, कोटला और नगरोटा सूरियां क्षेत्र प्रभावित रहे। धर्मशाला में ओले भी गिरे। इन क्षेत्रों में दोपहर तक मौसम सामान्य रहा और धूप खिली रही लेकिन शाम होते ही तेज हवाओं के साथ अंधड़ ने दस्तक दी।

कांगड़ा में 18 घंटे बीत जाने के बाद भी विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है। बुधवार की शाम कई क्षेत्रों में शादी का भी जश्न था तथा तेज आंधी के कारण शादी समारोह में लगाए गए टेंट उखड़ कर दूर जा गिरे।

वहीं बारिश और अंधड़ कारण इस सीजन आम की फसल को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। जानकारी के अनुसार कांगड़ा में 40 फीसदी फसल को नुकसान पहुंचा है। कांगड़ा में 24 हजार मीट्रिक टन आम की फसल का अनुमान था। नूरपुर और इंदौरा के क्षेत्र में फसल को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। मार्च और अप्रैल माह में आम के पेड़ों पर अंकुर आने शुरू हुए थे लेकिन वे भी झड़ गए।

**कई जगहों पर रहा ब्लैकआउट**

### शादी के पंडाल उड़े, पेड़ सड़कों पर गिरे





कांगड़ा में गाड़ी पर गिरे पेड़।

### कुठमां में तीसरी मंजिल पर डाली ट्रेंस उड़ी

**अनंत ज्ञान, गगल।** गांव कुठमां के समाजसेवी रिशु वत्स उर्फ कुक्के की तीसरी मंजिल की ट्रेंस तूफान की भेंट चढ़ गई, जिससे लाखों रुपए का नुकसान हो गया। जानकारी देते हुए कुठमां पंचायत के प्रधान रवि चौधरी ने बताया कि समाज सेवी रिशु वत्स उर्फ कुक्के की तीसरी मंजिल की ट्रेंस उस समय उड़ गई जब भयंकर तूफान ने पूरे ट्रेंस को नहस तहस करके उड़ा कर रख दिया। तीसरी मंजिल के भीतर रखा हुआ कीमती सामान लैपटॉप एलईडी, कंप्यूटर और अन्य कई कीमत का फर्नीचर सब तूफान की भेंट चढ़ गया। वहीं रात को एक निजी पैलेस में शादी के लिए गेट लगाया था लेकिन वह भी तूफान तहस-नहस हो गया।



### नंगल चौक में विद्युत बोर्ड के 2 खंभे टूटे

**कमल, डाडासीबा।** डाडा सीबा में नंगल चौक व आसपास के क्षेत्रों में भारी भरकम पेड़ गिरने से विद्युत बोर्ड की तारें व 2 खंभे सहित एलटी लाइने टूटकर जमीन पर गिर गई। इस कारण डाडासीबा व नंगल चौक के आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति भी ठप है। डाडासीबा विद्युत विभाग के सहायक अभियंता दिनेश कुमार का कहना है मुझे सूचना मिली थी कि पेड़ बिजली की तारों पर गिरे है। बिजली के 2 खंभे भी टूट गए है, शीघ्र बिजली बहाल की जाएगी।

### गाड़ी पर गिरा टावर हुआ हजारों का नुकसान

**डाडासीबा।** डाडा सीबा में तूफान से लोक निर्माण विभाग ऑफिस कैंपस के साथ हिम स्वान के तहत एयरटेल का टावर लगाया है। तूफान से एसडीओ की गाड़ी के ऊपर टावर टूट कर गिरा है । यह टाबर हवा का झौंका नहीं सह पाया। डाडा सीबा लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता नीतेश कौंडल ने बताया ऑफिस कैंपस में गाड़ी खड़ी की थी एयरटेल का टावर तूफान से गाड़ी पर गिरा है गाड़ी का काफी नुकसान हुआ है।

### घर पर गिरा पेड़

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** सिहुंता तहसील के तहत आती थुलेल पंचायत के वार्ड नं. 3 निवासी निर्मला देवी पत्नी स्व. प्रकाश चंद राणा के मकान की छत पर बीते बुधवार की रात आए तूफान से साथ लगता पेड़ उखड़ कर गिर गया। पेड़ गिरने से मकान क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे मकान के लेंटर का छज्जा टूट गया है। दीवारों पर भी दरारें आ गईं हैं। पंचायत प्रधान कुलदीप, उप प्रधान रंजीत सिंह और वार्ड पंच संतोष देवी के साथ मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। पंचायत प्रधान ने तहसीलदार और पटवारी को भी सूचना दे दी है।

### बलाहरा स्कूल की दीवार गिरी

**राकेश डोगरा, डरोह।** शहीद लक्खा सिंह राजकीय उच्च विद्यालय बलाहरा में वीरवार रात को आए तूफान से बची हुई स्कूल से पीछे वाली चारदीवारी का काफी बड़ा हिस्सा भी गिर गया, जिससे लाखों का नुकसान हुआ है। स्कूल के मुख्य अध्यापक संजीव कुमार ने कहा कि इस घटना की जानकारी 17 अप्रैल को शिक्षा विभाग को ईमेल के जरिए दे दी गई है। स्कूल प्रबंधन कमेटी की प्रधान सीमा देवी और अभिभावकों ने शिक्षा विभाग और सरकार से नई चारदीवारी लगाने का अनुरोध किया है। (अनंत ज्ञान)

# नुकसान की एपीएमसी चेयरमैन निशु ने ली फीडबैक

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



वेस्टर्न डिस्टर्बेंस से आए तूफान से कांगड़ा उपमंडल व विधानसभा क्षेत्र कांगड़ा में भारी नुकसान हुआ है। अभी मेरे पास 11 पक्के मकानों और 10 गोशालाओं समेत अन्य शैड आदि को नुकसान हुआ है। यह नुकसान 12 लाख से ज्यादा बन रहा है। यह बात निशु मोंगरा ने कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के तहत विभिन्न गांवों में तूफान से हुए नुकसान का जायजा लेने के दौरान कही।

निशु मोंगरा ने बताया कि कांगड़ा शहर में गुप्त गंगा के पास मत्स्य विभाग के आफिस को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। प्रारंभिक तौर पर चार लाख 94 हजार रुपए की संपति अकेले इसी आफिस की खराब हुई है। इसके अलावा जलाड़ी, खोली तीन जगह , वीरता, उज्जैन, जोगीपुर, गाहलियां, लंज खास, घड़ूं, इच्छी, पुराना कांगड़ा, जमानाबाद, बल्ला मटौर, कोटक्काला, अब्दुल्लापुर, सहौड़ा आदि क्षेत्रों में मकानों व गोशालाओं को नुकसान हुआ है। नुकसान का आकलन किया जा रहा है। कांगड़ा उपमंडल प्रशासन को जल्द राहत देने के लिए कहा गया है। निशु मोंगरा ने बताया कि उन्होंने नुकसान का जायजा लिया है।

### इन इलाकों से ली फीडबैक

**निशु** मोंगरा ने बताया कि जलाड़ी, खोली तीन जगह, वीरता, उज्जैन,जोगीपुर, गाहलियां, लंज खास, घड़ूं, इच्छी, पुराना कांगड़ा, जमानाबाद, बल्ला मटौर, कोटक्काला, अब्दुल्लापुर, सहौड़ा आदि क्षेत्रों में मकानों व गोशालाओं को नुकसान हुआ है। नुकसान का आकलन किया जा रहा है। सूची तैयार कर ली गई है। इसमें कांगड़ा उपमंडल प्रशासन को जल्द राहत देने के लिए कहा गया है। निशु मोंगरा ने कहा कि कांगड़ा में 25 से ज्यादा जगहों में मकानों, गोशालाओं व एक आफिस को ज्यादा नुकसान हुआ है। नुकसान की सूची तैयार कर ली गई है। पटवारी की रिपोर्ट के बाद इन्हें मुआवजा दिया जाएगा।

# अमनी स्कूल की गिरी चारदीवारी



**शिबू ठाकुर, कोटला**

उपमंडल जवाली के तहत आने वाले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अमनी स्कूल की चारदीवारी भारी बारिश और तूफान के कारण बुधवार रात ढह गई।

विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय कुमार ने बताया कि वीरवार सुबह स्कूल खुलने पर स्कूल की चारदीवारी गिरी मिली, इससे विद्यालय को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। प्रधानाचार्य विजय कुमार ने बताया कि स्कूल प्रशासन ने इस घटना की जानकारी शिक्षा विभाग को पत्राचार के माध्यम से एवं एसएमसी कमेटी को दे दी है।

एसएमसी प्रधान जगरूप सिंह ने कहा कि इस का निर्माण 2020 में लोक निर्माण विभाग द्वारा इसका काम ठेकेदार द्वारा करवाया था लेकिन अब ठेकेदार पर भी निशान चिन्ह खड़े हो रहे हैं की एक ही तूफान से यह दीवार कैसे गिर गई । वहीं सरकार ओर प्रशासन से शीघ्र नई चारदीवारी निर्माण के लिए धनराशि उपलब्ध कराने की मांग की, ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## हैप्पी बर्थडे



सुंदरनगर के द्वारदू निवासी शिवांशी को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# बैजनाथ मंदिर में शौचालयों पर लटके ताले

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**



ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ में श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए लाखों रुपए खर्च करके बनाए गए शौचालय में लगे ताले अब श्रद्धालुओं की परेशानी सबब बनते जा रहे हैं।

पुरातत्व विभाग ने बैजनाथ मंदिर के साथ लगते पार्क में कुछ समय पहले शौचालय का निर्माण किया था परंतु यह शौचालय अधिकतर समय बंद ही रहते हैं जिससे यहां पर देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

आजकल पर्यटन सीजन आराम हो चुका है इस वजह से मंदिर में आने वाले भक्त जनों की तादाद भु काफी बढ़ गई है, पर मंदिर के आसपास कोई भी शौचालय सुविधा उपलब्ध न होने की वजह से जहां लोगों को परेशानी तो हो ही रही है वहीं पर कुछ लोग खुले में भी शोच कर रहे हैं जिसकी वजह से काफी गंदगी फैल रही है। शिव मंदिर से खीर गंगा घाट की ओर जाने वाले रास्ते में तो गंदगी की वजह से बदबू का आलम इस कदर है कि वहां से निकालना ही नामुमकिन है। अक्सर सुबह शाम खीर गंगा घाट में स्नान करने वाले इसी रास्ते से होकर आते जाते हैं ।

वहीं पर पुरातत्व विभाग की कर्मचारियों की माने तो उनका कहना है कि यहां पर सफाई करने वाले कर्मचारी का सालाना टेंडर खत्म हो गया है इसकी वजह से कोई भी कर्मचारी सफाई के लिए उपलब्ध नहीं है । (अनंत ज्ञान)

# पालमपुर के विकास को ग्रहण लगा : त्रिलोक

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने आज पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार जी से उनके निवास स्थान पर एक शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर अवसर पर आधे घंटे की बातचित में प्रदेश में चल रही संगठनात्मक गतिविधियों, कांग्रेस के अढ़ाई वर्ष के कुशासन के दौरान पालमपुर के विकास में ग्रहण लगा है उसको लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि शांता कुमार जी ने इस बात पर जोर दिया कि संगठन और पार्टी में अनुशासनहीनता के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए, जो ऐसे लोग हैं उनको वर्तमान भाजपा के स्वर्ण काल को अध्ययन करते हुए पार्टी की मुख्य धारा में जुड़कर पार्टी के लिए निस्वार्थ भावना के साथ काम करने का प्रयास करना चाहिए।

उन्होंने इस अवसर पर पालमपुर के पर्यटन को लेकर रज्जू मार्ग और सौरभ वन विहार में पर्यटकों के आकर्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी चर्चा की।

उन्होंने कहा कि पालमपुर में लगती धौलाधार की पहाड़ियां पर्यटकों के लिए एक बहुत बड़ा रमणीक स्थल है, पर्यटक आराम से धौलाधार पहाड़ियों का आनंद लें इसके लिए रज्जू मार्ग बनाने के लिए सभी लोगों को मिलकर प्रयास करने चाहिए।

# मैक्लोडगंज में होंगे दलाईलामा के लिए दीर्घायु अर्पण समारोह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मैक्लोडगंज**

बौद्ध धर्मगुरु दलाईलामा मैक्लोडगंज स्थित मुख्य तिब्बती मंदिर में 7 मई को शांग गादेन चोखोरलिंग मठ नेपाल, चत्रिंग समुदाय और फारी सोसाइटी धर्मशाला द्वारा दीर्घायु प्रार्थना में शामिल होंगे। 4 जून को मुख्य तिब्बती मंदिर में सुबह सीएसटी दार्जिलिंग के पूर्व छात्रों, न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी के तिब्बती समुदाय (टीसीएनवाईएनजे) और मिनेसोटा के तिब्बती अमेरिकी फाउंडेशन (टीएएफएम) द्वारा उनके लिए की जाने वाली दीर्घायु प्रार्थना में शामिल होंगे। 30 जून को एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे। 5 जुलाई मुख्य तिब्बती मंदिर में सभी तिब्बती लोगों की ओर से केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के काशाग द्वारा उनके लिए की जाने वाली दीर्घायु प्रार्थना में भाग लेंगे। 6 जुलाई को मुख्य तिब्बती मंदिर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे।

# फोरलेन निर्माण से परेशान लोगों ने एसडीएम को बताई समस्याएं



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

विकास खंड नगरोटा बगवां की ग्राम पंचायत मुहालकड़, चाहड़ी तथा कबाड़ी के लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल वीरवार को नगरोटा बगवां के पूर्व विधायक अरुण कुमार कुका के नेतृत्व में एसडीएम नगरोटा बगवां मुनीश शर्मा से मिला तथा फोरलेन निर्माण कार्य के चलते ग्रामीणों को आ रही दिक्कतों से अवगत करवाया।

ग्रामीणों का कहना है कि एनएचएआई द्वारा फोरलेन के दोनों ओर सर्विस लेन के निर्माण के लिए फिर से जमीन का अधिग्रहण का कार्य शुरू कर दिया है जिसका वे कड़ा विरोध करते हैं।

उनका कहना है कि पहले ही अधिग्रहण के बाद उनके पास बहुत कम गुजारे लायक जमीन बची है। उन्होंने कहा कि सर्विस लेन को दूसरी तरफ बढ़ाया जाए जहां बहुत सी सरकारी भूमि उपलब्ध है।

**आदेश** स्कूल शिक्षा बोर्ड ने निजी शिक्षण संस्थानों का किया निरीक्षण, कहा-

# किसी भी विद्यार्थी को डम्मी एडमिशन न दें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने संबद्धता प्राप्त निजी शिक्षण संस्थानों का औचक निरीक्षण करने का निर्णय लिया है।

औचक निरीक्षण में यदि किसी निजी संस्थान में डम्मी एडमिशन पाई जाती है तो संबद्धता रेगुलेशन के निर्धारित नियमों के तहत संस्थान को प्रदान की गई संबद्धता को सक्षम अधिकारी द्वारा तुरंत वापिस ले लिया जाएगा।

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने यह निर्णय बोर्ड से संबद्धता प्राप्त निजी शिक्षण संस्थानों बारे बोर्ड कार्यालय में दूरभाष व अन्य माध्यम से मिल रही शिकायतों के मद्देनजर लिया है। शिकायतों में कहा जा रहा है कि कुछ संस्थानों द्वारा अपने विद्यालय में डम्मी एडमिशन करवाई जाती है अर्थात छात्र/छात्रा द्वारा दाखिला किसी शिक्षण संस्थान में लिया होता है, जबकि वह उसी समय अन्य स्थान पर कोचिंग सेंटर में कोचिंग ले रहा होता है।

ऐसे मामलों में सीबीएसई बोर्ड द्वारा उनसे संबद्धता प्राप्त शिक्षण संस्थानों की इस सन्दर्भ में जांच की जा रही है और जांच में यदि यह पाया गया कि संस्थानों द्वारा डम्मी एडमिशन करवाई गई है तो ऐसे संस्थानों की संबद्धत रद्द करने पर भी विचार किया जा रहा है।

### नियमानुसार संस्थान का करें संचालन

**बोर्ड** सचिव डा. मेजर विशाल शर्मा ने बोर्ड से संबद्धता प्राप्त समस्त निजी शिक्षण संस्थानों से आग्रह किया है कि वह अपने संस्थान में किसी भी विद्यार्थी को डम्मी एडमिशन न दें तथा संबद्धता रेगुलेशन में निर्धारित नियमानुसार ही संस्थान का संचालन करें। बोर्ड द्वारा निर्णय लिया है कि वह भी निजी शिक्षण संस्थानों का औचक निरीक्षण करेगा, यदि औचक निरीक्षण के दौरान किसी संस्थान में डम्मी एडमिशन पाई जाती है, तो संबद्धता रेगुलेशन में इस बारे पहले से ही निर्धारित नियम के अंतर्गत संस्थान को प्रदान की गई ।

# पूर्व सैनिकों के भवन में बनेगा फ्लैग पोस्ट : सुधीर

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



धर्मशाला में स्मार्ट सिटी का हिस्सा बनाकर देश के 100 शहरों में शुमार करने वाले सुधीर शर्मा ने विकास का नया मील पत्थर रख दिया है। गुरुवार को धर्मशाला से विधायक व दिग्गज भाजपा नेता सुधीर शर्मा ने धर्मशाला शहर के निकट नरवाणा खास पंचायत में भूतपूर्व सैनिक संगठन की मांग पर उनके लिए सामुदायिक भवन की नींव रख दी।

इस भवन पर 25 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। जिला में अपने अनूठे डिजाइन से अपनी तरह का यह पहला आधुनिक सामुदायिक भवन होगा। सुधीर शर्मा ने कहा कि इस भवन में बड़ा हाल बनाया जाएगा। साथ ही रेस्ट हाउस, किचन,आफिस के अलावा फ्लैग पोस्ट बनाई जाएगी। इस भवन का आधुनिक डिजाइन बनाया गया है। पैसा कम पडने पर इसके लिए और बजट मुहैया करवाया जाएगा। इसी मंच से सुधीर शर्मा ने यह भी ऐलान किया कि पंचायत में आधुनिक सुविधाओं से लैस एक खेल मैदान भी बनाया जाएगा। इससे युवा प्रतिभाओं को आगे बढने का मौका मिलेगा। इस दौरान सुधीर शर्मा ने नरवाणा खास पंचायत के लिए साढ़े चार लाख रुपए का और बजट मंजूर किया। इस पंचायत को अब तक सुधीर शर्मा साढ़े 46 लाख दे चुके हैं।

सुधीर शर्मा द्वारा भूतपूर्व सैनिक संगठन व पंचायत की मांगें पूरी होने पर स्थानीय पंचायत प्रधान सरिता देवी, संगठन अध्यक्ष कै राम सिंह राणा, बीडीसी के वाइस चेयरमैन विपन डोगरा, बहादुर सिंह कपूर आदि गणमान्यों ने सुधीर शर्मा का धन्यवाद किया। वहीं आईपीएल के लिए अभी धर्मशाला, सकोह रोड, धर्मशाला-पालमपुर रोड व धर्मशाला-घरोह रोड पर साफ-सफाई करवाई जानी है।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम को कबड्डी चैंपियनशिप का निमंत्रण



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** 46वीं अखिल भारतीय विद्युत खेल नियंत्रण बोर्ड की कबड्डी (पुरुष एवं महिला) चैंपियनशिप 2024-25 के एक प्रतिनिधिमंडल ने महासचिव इंजीनियर राकेश ठाकुर के नेतृत्व में वीरवार को मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री को कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए निमंत्रण दिया। प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड द्वारा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, भट्टाकुफर, शिमला में 27 से 29 अप्रैल, 2025 तक आयोजित इस चैंपियनशिप में विभिन्न राज्यों की टीमें भाग लेंगी।

### दलाईलामा के बर्थडे में शामिल होने का दिया न्योता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** निर्वासित तिब्बत सरकार के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री पेनपा त्सेरिंग के नेतृत्व में वीरवार को प्रदेश सचिवालय में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि धर्मगुरू दलाईलामा के 90वें जन्मदिवस के अवसर पर वैश्विक समारोह इस वर्ष जुलाई माह में शुरू होगा। यह समारोह एक वर्ष तक चलेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री को इस पावन अवसर पर शामिल होने का निमंत्रण दिया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के साथ तिब्बत समुदाय से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव सुभाष कुमार तथा तिब्बत सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री को भेंट किया लाभांश चेक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड के निदेशक कार्मिक अजय कुमार शर्मा और कन्सलटेंट डॉ. एमपी सूद ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम लाभांश के रूप में 1,21,32,67,020 (121.33 करोड़) रुपये का चेक भेंट किया। हिमाचल प्रदेश का सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड में 26.85 प्रतिशत शेयर है। इस अवसर पर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह भी उपस्थित थे।

### बागा-सराहन क्षेत्र होगा विकसितः सुक्खू

**आनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मिल्कफेड के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर के नेतृत्व में कुल्लू जिला के आनी और बंजार क्षेत्र के एक प्रतिनिधिमंडल ने यहां मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को विभिन्न मांगों से अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला के बागा-सराहन क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा। प्रदेश सरकार की यह पहल स्थानीय युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर प्रदान करने में सहायक साबित होगी। एपीएमसी कुल्लू के अध्यक्ष राम सिंह और निरमंड व आनी क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों के प्रधान भी प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे।

### सीएम सुक्खू को बताई समस्याएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** एसएमसी अध्यापक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की। एसएमसी अध्यापक संघ के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने संघ की विभिन्न मांगों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि राज्य सरकार उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी।

# जुन्गा में तेज हवा से उड़ी घरों की छतें

## बारिश से पीरन पंचायत में विधवा पुन्नी के घर का सारा सामान हुआ खराब

**अनंत ज्ञान, जुन्गा**



**बीती** रात तेज हवाओं और अंधड़ से जुन्गा तहसील में पांच परिवारों की छतों के उड़ने का मामला सामने में आया है। तहसीलदार जुन्गा नरायण सिंह वर्मा ने बताया कि तेज हवाओं के कारण सबसे ज्यादा नुकसान पीरन पंचायत के धाली बागड़ा गांव की पुन्नी देवी के घर का हुआ है। जिनकी छत उड़ गई थी और उन्हें छत गिरने के दौरान चोटें भी आई है।

इस परिवार को इलाज के लिए फौरी राहत के रूप में पांच हजार रुपए की राशि व छत को अस्थाई रूप से ढकने के लिए तिरपाल प्रदान कर दी गई है। इसके अतिरिक्त शिल्ली गांव में वीरेंद्र, भरांडी तालाब के अमर सिंह की गौशाला, डुब्लु गांव के तरसेम और डुब्लु जोट गांव के विद्यादत घर की छत आंशिक रूप से उड़ गई। जिनके नुकसान का जायजा लिया जा रहा है।

पीरन पंचायत की प्रधान किरण शर्मा ने बताया कि धाली बागड़ा में विधवा पुन्नी देवी के गरीब परिवार पर आधी रात को छत उड़ने से कहर बरपा है। प्रधान और स्थानीय लोगों ने आधी रात में इस परिवार का ठहरने का ज्ञान सिंह के घर में प्रबंध किया गया। पुन्नी देवी के परिवार सदस्यों की कुल संख्या 12 है जोकि केवल छोटे-छोटे दो कमरे में बसर कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि तेज हवाओं के कारण इनके घर का करीब 60 हजार का नुकसान हुआ है। बारिश के कारण घर का सारा सामान भी खराब हो गया है। यह परिवार बीपीएल की श्रेणी में आता है और ग्राम पंचायत ने नया मकान स्वीकृत करने के लिए मामला खंड विकास अधिकारी और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के साथ उठाया गया है। तहसील कल्याण अधिकारी शिमला ग्रामीण द्वारा मौके पर आकर स्वयं इनके कच्चे मकान का निरीक्षण भी किया गया है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भी इनके मकान का मौका दिखाया गया है, परंतु बीते कुछ वर्षों से इस परिवार को मकान बनाने के नाम पर फूटी कौड़ी भी नहीं मिली है।

**प्रशासन ने फौरी राहत के तौर पर दिए 5 हजार रुपए व तिरपाल**

# रामपुर के नए बस अड्डे का वाटर कूलर बंद, सीसीटीवी कैमरे खराब

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर**

**आधुनिक** सुविधाओं से लैस रामपुर का अंतर राज्ययीय बस टर्मिनल आज बदहाल नजर आता है। बस अड्डे पर लगा एकमात्र वॉटर कूलर लंबे समय से बंद पड़ा है। लोगों को भीषण गर्मी में आम नलके का पानी पीना पड़ रहा है। कुछ स्थानीय लोगों ने अपना नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि कुछ पानी की बोतल बेचने वालों की साजिश से वाटर कूलर का कनेक्शन जानबूझकर कटवाया गया है, ताकि मजबूरी में लोग बोतल का पानी इस्तेमाल करें। इसी तरह शॉपिंग कांप्लेक्स में लगी एटीएम मशीन मात्र शोपीस बन कर रह गई है, लंबे समय से मशीन बंद पड़ी है। इससे भी यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है। आम जनता की मांग है कि इस मशीन को उपयोग के लिए किया जाए।

बस अड्डा परिसर में सुरक्षा के दृष्टिगत 4 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। करीब ढाई साल तक कैमरे काम करते रहे, लेकिन अब दो कैमरे मात्र शोपीस बने हैं जबकि दो कैमरे गायब हैं। (अनंत ज्ञान)

**क्या कहते हैं एचआरटीसी रामपुर के क्षेत्रीय प्रबंधक**

**इस** बारे जब एचआरटीसी रामपुर के क्षेत्रीय प्रबंधक अतुल गुप्ता से बात की गई तो उन्होंने अपना पल्ला झाड़ते हुए कहा कि वाटर कूलर और सीसीटीवी एसडीएम व प्रशासन के सहयोग से लगाए गए थे जहां तक सीसीटीवी कैमरे की बात है पुलिस व प्रशासन को इस बारे में बताया गया है। इसके अलावा एचआरटीसी हेड ऑफिस को भी रिपेयर बजट के लिए लिखा गया है। इसके अलावा एटीएम जो परिसर में लगी है उसके बारे संबंधित बैंक अधिकारी को नोटिस दिया गया है उन्हें बताया गया है कि या तो इस मशीन को उपयोग लायक करें, या उसे वहां से हटा दें। लेकिन अभी तक उनकी ओर से कोई जवाब नहीं आया है।

# फूलों से लदे कचनार के वृक्ष बढ़ा रहे जुन्गा क्षेत्र के जंगलों की शोभा

**अनंत ज्ञान, जुन्गा**



**जुन्गा** क्षेत्र के जंगलों में इन दिनों फूलों से लदे कचनार के वृक्ष जंगलों की शोभा बढ़ा रहे हैं। कचनार की सब्जी स्वादिष्ट होने के साथ-साथ औषधीय गुणों से भरपूर है। आयुर्वेद में कचनार का उपयोग विभिन्न रोगों की दवाई बनाने के लिए किया जाता है।

गौर रहे कि कचनार के वृक्ष जंगलों में स्वतः ही उगे होते हैं जिसमें बसंत ऋतु में लगने वाली पंखुड़ियां व फूल का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में सब्जियों के लिए किया जाता है । जोकि विषैले तत्व से रहित व जैविक गुणों से भरपूर है। कचनार, जिसे लोग स्थानीय भाषा में करयालटी भी कहते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इसका उपयोग सब्जी व रायता बनाने के लिए किया जाता है। कचनार की कलियों का आचार बहुत ही स्वादिष्ट होने के साथ-साथ औषधि का काम भी करता है।

आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. विश्वबंधु जोशी के अनुसार कचनार की सब्जी औषधीय गुणों से भरपूर है और कचनार की छाल का उपयोग आयुर्वेदिक दवाओं के बनाने में भी किया जाता है । इनका कहना है कि कचनार की छाल का शरीर के किसी भाग की गांठ को गलाने में सबसे उत्तम औषधि है। इसके अतिरिक्त रक्त विकार, त्वचा रोग जैसे खाज-खुजली, एक्जीमा, फोड़े-फूंसी के उपचार में इसकी छाल उपयोग में लाई जाती है।

पूर्व प्रधान अतर सिंह ठाकुर एवं प्रीतम ठाकुर का कहना है कि इन दिनों गांव में जंगली शुद्ध सब्जियों की बहार आई है जिनमें कचनार, काथी की कोपलें, रामबाण के गोव्वा, फेगड़े, खड़की के कोमल पत्ते, खड्डों में उगने वाली छूछ इत्यादि जंगली सब्जियां प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। इनका कहना है कि बाजार से मिलने वाली सब्जियां के संक्रमित होने की संभावना के चलते लोग कम खरीदतें हैं। इनका कहना है कि युवा पीढ़ी को जंगली सब्जियां ज्यादा पसंद नहीं करते हैं परंतु इनके उपयोग से अनेक रोगों से बचाव होता है।

# नितिन बने विद्युत तकनीकी कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष

## साधारण अधिवेशन का किया आयोजन, शेर सिंह को मिली वरिष्ठ उपाध्यक्ष की कमान

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**



**हिमाचल प्रदेश** राज्य विद्युत तकनीकी कर्मचारी महासंघ संबंधित अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ एवं भामसं से संबंधित आंध्रा व गुम्मा पावर हाउस फिल्ड एवं तकनीकी व सिविल कर्मचारियों ने वीरवार को विद्युत फिल्ड हास्टल में एकत्रित होकर साधारण अधिवेशन का आयोजन किया।

साधारण अधिवेशन में पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। इसमें नितिन कुमार को हिप्र विद्युत तकनीकी कर्मचारी महासंघ का अध्यक्ष, शेर सिंह नेगी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नवीन कुमार, संतोष कुमार व सुरेंद्र देव शर्मा को उपाध्यक्ष, रोहित डोलियान को सचिव, दिवान चंद चोपड़ा को सगंठन मंत्री, हरी दत्त शर्मा को कोषाध्यक्ष, महेश्वर सिंह को मुख्य सलाहाकार, सोमनाथ को प्रेस सचिव, निखिल शर्मा व पवन कुमार को सयुंक्त सचिव, महेंद्र सिंह को सलाहकार सर्वसम्मति से चुना गया। वहीं पांवटा साहिब में होने वाले प्रदेश अधिवेशन के लिए भाग लेने वाले प्रतिनिधियों का चयन भी किया गया।

आंध्रा पावर हाउस मंडल अध्यक्ष जवाहर नेगी के खोली पावर हाउस शाहपुर कांगड़ा को स्थानांतरण होने के कारण अधिवेशन की अध्यक्षता मंडल सचिव सुरेंद्र शर्मा ने की। अधिवेशन में विद्युत तकनीकी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन देने, लंबित पदोन्नतियां शीघ्र करवाने, डीए व संशोधित वेतनमान के बकाया एरियर शीघ्र भुगतान करवाने, मेडिकल बिलों का भुगतान करने, विद्युत बोर्ड में पदों को समाप्त न करने, कर्मचारियों को सरप्लस कर स्थानातंरित करने की कार्रवाई परनीकी कर्मियों के रिक्त पद शीघ्र भरने, नॉन आईटीआई कर्मियों की पदोन्नति में समय सीमा कम करने आदि मांगों पर चर्चा हुई। अधिवेशन में चमन लाल शर्मा प्रदेश सह संगठनमंत्री हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत तकनीकी कर्मचारी महासंघ, राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपन डोगरा, विद्युत तकनिकि कर्मचारी संघ आंध्रा मंडल के संगठन मंत्री दिवान चंद चोपड़ा विशेष रूप से मौजूद रहे।

# सड़क किनारे खड़ी निजी स्कूल बस में लगी आग, जलकर राख

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



घुमारवीं उपमंडल के अंतर्गत आने वाले गांव पटेर में बुधवार देर रात सड़क किनारे खड़ी एक निजी स्कूल की बस में अचानक आग लग गई। यह घटना देर रात करीब 3:00 बजे की है। बस में आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी भयानक थी कि पूरी बस जलकर खाक हो गई।

गनीमत रही कि बस उस समय खाली थी। जानकारी के अनुसार यह बस कुठेड़ा स्थित एक निजी स्कूल की थी। जो प्रतिदीन की तरह बुधवार को भी बच्चों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के बाद पटेर गांव में सड़क किनारे खड़ी की गई थी। देर रात अचानक बस से आग की लपटें उठने लगीं और कुछ ही क्षणों में पूरी बस आग की चपेट में आ गई। आग के साथ-साथ जोरदार धमाकों की आवाजें सुनकर स्थानीय लोग नींद से जागे और बाहर निकलकर देखा कि बस धू-धू कर जल रही है। आसपास के ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने के प्रयास आरंभ किए। कुछ लोगों ने पानी की बाल्टियों से आग पर काबू पाने की कोशिश की। काफी कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक बस पूरी तरह जल चुकी थी।

घटना की जानकारी मिलते ही भराड़ी थाना की पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए और जांच प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह ने बताया आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं लग पाया है मामले की जांच की जा रही।

# जिला रोजगार कार्यालय में होगा कैंपस इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिला रोजगार अधिकारी राजेश मेहता ने बताया कि वर्धमान टेक्सटाइल्स लिमिटेड, सोलन (हिमाचल प्रदेश) आने वाले मंगलवार को जिला रोजगार कार्यालय, बिलासपुर में कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। यह साक्षात्कार प्रातः 10:30 बजे से आरंभ होगा। इस भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से ऑपरेटर, विंडर ऑपरेटर एवं अन्य तकनीकी पदों पर लगभग 100 से 150 अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जाएगी। ।उन्होंने बताया कि रोजगार अवसर के लिए पात्रता शर्तों में न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं, 10वीं, 10+2, उत्तीर्ण अथवा स्नातक होना आवश्यक है।

चयनित अभ्यर्थियों को प्रतिमाह 12,000 मासिक मानदेय प्रदान किया जाएगा। यह साक्षात्कार पुरुषों एवं महिलाओं, दोनों भाग ले सकते हैं और इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ साक्षात्कार के दिन उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। साक्षात्कार में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी का रोजगार पोर्ट्ल पर पंजीकरण अनिवार्य है। बिना पंजीकरण के किसी भी अभ्यर्थी को साक्षात्कार में सम्मिलित नहीं किया जाएगा। अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी वर्धमान टेक्सटाइल्स लिमिटेड, सोलन के प्रतिनिधि से मोबाइल नंबर 93258 559487 पर संपर्क कर सकते हैं।

# नाटी किंग कुलदीप पहुंचे आशा किरण दिव्यांग संस्थान




**नीरज शर्मा, घुमारवी**

हिमाचल प्रदेश के सुप्रसिद्ध लोक गायक और 'नाटी किंग' के नाम से मशहूर कुलदीप शर्मा वीरवार को आशा किरण दिव्यांग संस्थान घुमारवीं पहुंचे। इस विशेष अवसर पर उन्होंने दिव्यांग बच्चों के साथ समय बिताया, उन्हें अपने हाथों से भोजन कराया और उन्हें गानों व बातचीत के माध्यम से मनोरंजन प्रदान किया।

संस्थान पहुंचने पर कुलदीप शर्मा का स्वागत किया गया। वे सीधे बच्चों के बीच पहुंचे और सबसे पहले उनके साथ खुलकर बातचीत की। उन्होंने बच्चों के उत्साह, मुस्कान और आत्मविश्वास को देखकर भावुक होते हुए कहा इन बच्चों के भीतर जो जीवटता और सकारात्मक सोच है वह हम सबके लिए एक प्रेरणा है। ये बच्चे भले ही शारीरिक रूप से कुछ चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, लेकिन मानसिक रूप से ये बेहद सशक्त और आत्मविश्वास से भरे हुए हैं।

कुलदीप ने बच्चों को हाथों से भोजन परोसा और फिर उनके साथ बैठकर भोजन किया। वहीं उनकी धर्मपत्नी और उनके दोस्त भी उनके साथ मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### भारत केसरी चैहड़ दंगल का शुभारंभ करेंगे राजेश

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक।** घुमारवीं की मिट्टी एक बार फिर दंगल की गूंज से गूंज उठेगी, जब भारत केसरी चैहड़ दंगल का आयोजन पूरे जोश और उल्लास के साथ होगा। इस प्रतिष्ठित दंगल का शुभारंभ इस बार डमैहर गाँव के प्रतिष्ठित समाजसेवी और हिम गुरुकुल शिक्षा समिति के चेयरमैन, पूर्व भाजपा महामंत्री एवं भाजपा जिला सचिव राजेश सिंह ठाकुर करेंगे। उनके मुख्य आतिथ्य में इस भव्य आयोजन का आगाज होगा। भारत केसरी चैहड़ दंगल अपनी विशेषता और भव्यता के कारण अब केवल एक स्थानीय कार्यक्रम नहीं रहा, बल्कि इसने राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी गहरी पहचान बनाई है। इस बार भी भारत और विदेशों से नामी-गिरामी पहलवान अखाड़े में उतरेंगे और अपने दांव-पेचों से दर्शकों को रोमांचित करेंगे। यह दंगल वर्ष 2010 में प्रारंभ हुआ था, लेकिन इसकी असली पहचान तब बनी जब 2011 में इसे 'भारत केसरी' के रूप में मान्यता मिली। तभी से यह आयोजन हर साल एक नई ऊंचाई छूता चला गया है और देशभर के पहलवानों के लिए एक गौरवपूर्ण मंच बन गया है।

### छात्रों के लिए करवाई एकदिवसीय कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की आईक्यूएसी इकाई के द्वारा विभिन्न संकायों के छात्रों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया ।इसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के उपप्राचार्य व इकाई के समन्वयक प्रोफेसर प्रेमजीत ने की । आईक्यूएसी के द्वारा बीसीए एवम पीजीडीसीए, बीबीए और बीवीओसी के छात्रों के लिए इन कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। बीसीए और पीजीडीसीए में रिसोर्स पर्सन के तौर पर प्रो प्रेमजीत ने 'चेंजिंग लाइफस्टाइल एंड वैल्यूज इन सोसायटी ' पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया । आज जीवनशैली में बदलाव के कारण कई प्रकार की समस्याएं पैदा हो रही हैं ।जैसे जैसे हम अपनी संस्कृति और जड़ो को भूलकर आगे जा रहे हैं वैसे वैसे हमे उसके दुष्परिणाम देखने को मिल रहे है ।आज के युवा वर्ग डिप्रेशन, मानसिक तनाव और नशे की लत के शिकार हो रहे है इसलिए हमे अपने ख़ान पान और लाइफस्टाइल में बदलाव करना चाहिए ।इसके बाद मैथमेटिक्स विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रितु शर्मा के द्वारा बीबीए के विद्यार्थियों के लिए व्याख्यान दिया गया । इस दौरान डॉ. सुरजीत, नोडल अफ़सर, बीसीए और पीजीडीसीए विभाग के समन्वयक प्रो. अश्विनी और विभागाध्यक्ष प्रो. तेज सिंह, बीबीए के समन्वयक डॉ. जसवाल और विभागाध्यक्ष प्रो. राजीव सहित आदि मौजूद रहे ।

### गांव भटेड़ में लाखों की नकदी चोरी

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** थाना झंडूता के अंतर्गत आने वाले गांव भटेड़ में एक बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। स्थानीय निवासी बिशनी देवी पत्नी नरेश कुमार ने पुलिस थाना झंडूता में दर्ज शिकायत में बताया कि 16 अप्रैल की रात वह अपने पड़ोसी नंद लाल के घर सोने गई थीं, क्योंकि नंद लाल का परिवार शादी समारोह में हरियाणा गया हुआ था। सुबह करीब 4:20 बजे उनके बेटे ने फोन कर बताया कि घर में चोरी हो गई है। जब वह तुरंत घर पहुंचीं तो देखा कि घर के बीच वाले कमरे का कुंडा खुला हुआ था और कमरा पूरी तरह से बिखरा पड़ा था। कमरे में रखे दोनों ट्रंकों के ताले टूटे हुए थे। पीड़िता के अनुसार, उन्होंने लगभग एक महीना पहले यूको बैंक बिलासपुर से एक लाख रुपए की नकदी निकाली थी, जो ट्रंक में रखी हुई थी। इसके अलावा ट्रंक में सोने-चांदी के आभूषण भी थे, जिनमें चक, कान के झुमके, गले की पैंडल, पायल चेन और चांदी की चूड़ियां शामिल थीं। बिशनी देवी का कहना है कि कोई अज्ञात व्यक्ति रात के अंधेरे में उनके घर में घुसकर यह सब चुरा ले गया है। वहीं वारदात से गांव में दहशत का माहौल है और लोगों ने पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग की है। मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस थाना प्रभारी झंडूता जगदीश कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### स्पेस लैब का लाभ उठाएं शिक्षक एवं विद्यार्थी : रेखा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** प्राथमिक पाठशाला डंगार के छात्र एवं छात्राओं ने अध्यापकों सहित 'रिसोर्स शेयरिंग' अभियान के अंतर्गत आर्यभट्ट स्पेस लैब व आईटी लैब का भ्रमण किया। इस दौरान राजकीय प्राथमिक पाठशाला डंगार के 22 छात्र एवं छात्राएं तथा केंद्रीय मुख्य शिक्षक हुक्म चंद, राजीव कुमार व पल्लवी विद्यार्थियों के साथ थे। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार की ओर से स्नातक अध्यापिका अनुराधा शर्मा ने बच्चों को स्पेस लैब का भ्रमण करवाया तथा वहां से संबंधित वहां से जुड़ी हुई विभिन्न जानकारियां दी । विभिन्न मॉडल जो की स्पेस लैब में थे उन्हें बच्चों को दिखाया गया और उनके कार्य प्रणाली उन्हें समझाई गई। इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पाठशाला प्रधानाचार्या रेखा शर्मा ने बताया कि अभी हाल ही पाठशाला परिसर में स्थापित स्पेस लैब का उद्घाटन वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू ने तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी तथा जिलाधीश बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक की उपस्थिति में किया गया था। उन्होंने कहा कि इस स्पेस लैब का लाभ आस-पास की पाठशालाओं के शिक्षक एवं विद्यार्थी भी उठा सकते हैं।

# कांग्रेस जांच एजेंसियों को डराना धमकाना चाहती है : राजेंद्र गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

नेशनल हेराल्ड केस में सीसीपी चेयरपर्सन सोनिया गांधी और सांसद राहुल गांधी के खिलाफ ईडी के दायर चार्जशीट के खिलाफ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कांग्रेस पर जमकर प्रहार किया।

गर्ग ने कहा कि कांग्रेस अब देश भर की जांच एजेंसियों को डराना धमकाना चाहती है। कांग्रेस चाहती है कि देश की जांच एजेंसियां कांग्रेस को किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार करने की खुली छूट दे दें और उनके खिलाफ कोई कार्रवाई न करें।

उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस द्वारा देशभर में ईडी कार्यालयों का घेराव किया जा रहा है। यह घेराव इसलिए किया जा रहा है, क्योंकि ईडी ने राहुल और सोनिया गांधी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में चार्जशीट दाखिल की है, जिसमें उनका नाम शामिल किया है। इस तरीके से जांच एजेंसियों के कार्यालय का घेराव करना किसी भी प्रकार से उचित नहीं ठहराया जा सकता।

**कहा- भ्रष्टाचार करना कांग्रेस की पुरानी रीति**

गर्ग ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार करना और उसके बाद भ्रष्टाचारी को शह देना कांग्रेस की पुरानी रीति रही है। 1937 में नेशनल हेराल्ड को शुरू किया गया था, शुरुआत में इसके 5 हजार शेयर होल्डर्स थे, यानी नेशनल हेराल्ड कभी नेहरू परिवार की जागीर नहीं रहा। इसमें उस समय के बड़े-बड़े क्रांतिकारियों का भी सहयोग था।

नेशनल हेराल्ड का प्रकाशन 2008 में बंद हो गया। इसके बाद नेशनल हेराल्ड की हजारों करोड़ों की प्रॉपर्टी को हथियाने के लिए नेहरू-गांधी परिवार द्वारा जो हथकंडे अपनाए गए, वह अपने आप में ऐतिहासिक है।

**संस्कृति** जय लखदाता छिंज कमेटी डंगार ने करवाया दंगल, देशराज ने कहा-

# मेले और दंगल हमारी संस्कृति का हिस्सा

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक**



जय लखदाता छिंज कमेटी डंगार द्वारा डंगार में दंगल का आयोजन किया गया। इस दंगल में भाजपा किसान मोर्चा घुमारवीं मंडल के अध्यक्ष देश राज शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मुख्यातिथि ने लखदाता पीर की विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके बाद दंगल स्थल तक शोभायात्रा निकाली गई। मुख्यातिथि देशराज शर्मा को कमेटी के सदस्यों ने स्मृति चिन्ह व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्यातिथि ने दंगल के सफल आयोजन के लिए 21 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की।

इस मौके देश राज शर्मा ने कहा कि यह उनके लिए गर्व की बात है कि उन्हें दंगल में आने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि मेले और दंगल हमारी संस्कृति का हिस्सा रहे हैं। इन्हें बढ़ाना हमारा कर्तव्य है। आने वाली पीढ़ी के लिए इसे संभाल कर रखना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने युवाओं और दंगल में पहुंचे सभी दर्शकों से आह्वान की किया वह युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए आगे आएं अन्यथा आने वाली पीढ़ी अपना अस्तित्व खो देगी।

उन्हें 51 हजार रुपए नगद इनाम व गुर्ज जबकि उपविजेता रहे दिल्ली के कपिला को 41 हजार नगद इनाम देकर सम्मानित किया गया। छोटी माली का खिताब भोजपुर के चमन को 31 हजार रुपए नगद व गुर्ज जबकि उपविजेता रहे दिल्ली के सूरज को 21 हजार रुपए का नगद इनाम दिया गया। वहीं हिमाचली कुश्ती का खिताब लदरौर के राहुल ने जीता। उन्हें 11 हजार रुपए नगद व उपविजेता रहे बरोटा के विशाल को 9 हजार रुपए का नगद इनाम देकर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त 15 सीधी कुश्तियां भी हुई।

इस अवसर पर कमेटी के सचिव चुनीलाल, लखनपाल, गुरचरण देव, मनोहर लाल, कैप्टन दीनानाथ, कैप्टन रूपलाल शर्मा, महिला मंडल प्रधान, पंचायत प्रधान अनिता धीमान व उपप्रधान दीप सिंह पटियाल आदि भी मौजूद रहे।

# शिक्षकों के तबादलों को रद्द करने की मांग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने प्रदेश सरकार पर युक्तिकरण के नाम पर प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों में किए गए शिक्षकों के तबादलों को रद्द करने की मांग की है। उन्होंने सरकार पर शिक्षकों के साथ भेदभावपूर्ण और तंग करने वाली नीति अपनाने का गंभीर आरोप लगाया है।

धर्माणी ने कहा कि पहले तो सरकार ने अचानक बिना किसी ठोस योजना, नियमों और मापदंडों का पालन किए बगैर आदेश जारी कर अनेक शिक्षकों को दुर्गम व सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्थानांतरित कर दिया, लेकिन महज पांच दिन के भीतर ही सरकार ने एक और आदेश निकाल कर स्थिति को और अधिक भ्रमित कर दिया। इन नए आदेश में कहा गया कि जिन शिक्षकों ने स्थानांतरण आदेश के अनुसार नई जगह पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है, उन्हें वहीं कार्य करना होगा। जिन शिक्षकों ने आदेश के बावजूद कार्यभार नहीं संभाला था, उन्हें पुराने स्थान पर ही तैनात रहने की अनुमति दे दी गई। धर्मानी ने निर्णय को भेदभावपूर्ण बताया।

# भटियात में तूफान से उड़ीं मकानों की छतें

## गाड़ियों को पहुंचा नुकसान, पेड़ और बिजली के खंभे गिरे, अंधेरे में डूबा पूरा इलाका



**अनंत ज्ञान, भटियात**

**भटियात** उपमंडल में बुधवार रात को आई तेज तूफान और मूसलाधार बारिश ने जमकर तांडव मचाया। आधी रात को आए इस प्राकृतिक कहर ने स्थानीय लोगों की नींद उड़ा दी और तबाही के कई दृश्य पीछे छोड़ दिए। तूफान की रफ्तार इतनी तेज थी कि कई घरों की टीन की चादरें उड़कर दूर जा गिरीं। कुछ स्थानों पर चादरें उखड़कर बिजली की लाइनों पर जा गिरीं, जिससे आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई। गाड़ियों पर पेड़ गिरने की घटनाओं से निजी वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा है।

भटियात क्षेत्र में जगह-जगह पेड़ों के गिरने से सड़कें अवरुद्ध हो गईं, जिससे यातायात भी प्रभावित हुआ। वहीं बिजली के खंभों के धराशायी होने और तारों के टूटने से पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब गया।

बिजली विभाग की टीमें राहत कार्य जुट गई हैं। प्रशासन की ओर से नुकसान का जायजा लेने के लिए राजस्व विभाग की टीमों को अलर्ट पर रखा गया है।

## बल्द्वाडा में तेज हवा के कारण छत से गिरी महिला, मौत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की तहसील बल्द्वाडा के अंतर्गत हटली क्षेत्र में बुधवार रात को आये भयंकर तूफान ने एक महिला की जान ले ली है। जानकारी के अनुसार कारनी गांव की सुमना देवी (36) अपने कमरे में सोने जा रही थी तो अचानक तूफान आने से वह अपने घर के छत के ऊपर रखे सामान को उठाने गई, तो तूफान की चपेट में आ गई और दो मंजिला छत से नीचे गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। छत से गिरने की आवाज सुनकर परिजन घटनास्थल की और दौड़े और सुमना देवी को घायल अवस्था में नागरिक अस्पताल बल्द्वाडा ले गए। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे एम्स बिलासपुर रेफर कर दिया। एम्स बिलासपुर में घायल महिला ने वीरवार को दम तोड़ दिया। एम्स बिलासपुर में महिला का पोस्टमार्टम करके शव परिजनों को सौंप दिया है। डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने मामले की पुष्टि की है।

## पुलिस ने एक घंटे के अंदर लापता नाबालिग को परिजनों को सौंपा

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** पुलिस चौकी घट्टा चौंतड़ा ने सक्रियता और तत्परता का परिचय देते हुए एक घंटे के भीतर लापता नाबालिग युवती को तलाश कर सकुशल परिजनों को सौंप दिया। गत देर शाम मोहन घाटी निवासी एक महिला ने पुलिस चौकी घट्टा में शिकायत दर्ज करवाई कि उसकी नाबालिग बेटी सुबह स्कूल के लिए निकली थी, लेकिन जब वह खुद मनरेगा कार्य से लौटकर आई तो बच्ची घर पर नहीं थी। आस-पास पूछताछ करने के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला तो उन्होंने पुलिस की सहायता ली।

शिकायत मिलते ही चौकी प्रभारी अतुल रैना और उनकी टीम हरकत में आ गई और तुरंत जांच शुरू की। महज एक घंटे के भीतर नाबालिग का पता लगाकर उसे बैजनाथ से बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। इस अभियान में चौकी प्रभारी अतुल रैना के साथ मुख्य आरक्षी विपिन कुमार, आरक्षी दुर्गा दत्त व एचएचसी धनीराम शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

# जनता के पैसों को कांग्रेस के अखबार पर लुटाना गलत : विधायक जनकराज

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

**भरमौर-पांगी** विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक डॉ. जनकराज ने मुख्यमंत्री सुखविंद5 सिंह सुक्खू पर तीखा हमला बोलते हुए फेसबुक पेज पर गुरुवार को एक पोस्ट साझा की, उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा नेशनल हेराल्ड अखबार को दो करोड़ रुपये से अधिक के विज्ञापन देने के निर्णय को हिमाचल की जनता के साथ अन्याय करार दिया है।

डॉ. जनकराज ने लिखा कि सीएम साब जिस हेकड़ी के साथ कह रहे हैं कि नेशनल हेराल्ड हमारा अपना अखबार है और हम उसे विज्ञापन देते रहेंगे, वह ठीक है। अखबार आपका अपना हो सकता है, पर जो पैसा आप उस पर खर्च कर रहे हैं वह आपका नहीं, हिमाचल की मेहनतकश जनता का है। उल्लेखनीय है कि नेशनल हेराल्ड एक अंग्रेज़ी समाचार-पत्र है, जिसका स्वामित्व यंग इंडिया कंपनी के पास है, जिसमें कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी की बड़ी भागीदारी है। यह समाचार-पत्र वर्षों पहले बंद हो चुका था, लेकिन अब उसे दोबारा सक्रिय करने की कोशिशों को सरकार के विज्ञापन के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा है।

### विकास कार्यों के लिए बताई जा रही फंड की कमी और बंद अखबार को दिए जा रहे करोड़ों



**विधायक** डॉ. जनकराज ने सरकार के इस निर्णय को नियमों के खिलाफ बताते हुए पूछा कि जब राज्य में विकास कार्यों के लिए फंड की कमी बताई जा रही है, तो ऐसे में एक बंद हो चुके अखबार को करोड़ों रुपये क्यों दिए जा रहे हैं? उन्होंने यह भी कहा कि यह केवल राजनीतिक लाभ पहुंचाने की मंशा है और इसका जनता से कोई सरोकार नहीं है। इस बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है और अब यह देखना दिलचस्प होगा कि सरकार इस आरोप पर क्या प्रतिक्रिया देती है।

**बोले- बंद समाचार पत्र को दोबारा सक्रिय करने की कोशिशों को सरकार के विज्ञापन के माध्यम से दिए जा रहा बढ़ावा**

# बीपीएल चयन में आय सीमा बढ़ाने के लिए उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, चंबा**



**जिला** परिषद करियां वार्ड चंबा के सदस्य मनोज कुमार ने आज बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) चयन प्रक्रिया में परिवार की वार्षिक आय सीमा बढ़ाने की मांग को लेकर डीसी चंबा मुकेश रेपसवाल को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सरकार द्वारा 30 अप्रैल तक निर्धारित नए बीपीएल सर्वे और आवेदन प्रक्रिया में लागू 50,000 रुपए की वार्षिक आय सीमा को गरीब परिवारों के लिए अव्यवहारिक बताते हुए इस सीमा को बढ़ाने या इसमें लचीलापन लाने की अपील की गई है।

मनोज कुमार ने ज्ञापन में स्पष्ट किया कि वर्तमान शर्तों के चलते कई वास्तव में गरीब परिवार सूची में शामिल नहीं हो पाएंगे, क्योंकि उनके पास पहले से बीपीएल कार्ड नहीं है और तहसील स्तर पर 50,000 रुपये से कम आय का प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जाता। उन्होंने यह भी बताया कि जिन परिवारों के पास पहले से बीपीएल कार्ड है, उनके लिए यह प्रक्रिया आसान है, लेकिन नए पात्र परिवारों के साथ यह नीति भेदभावपूर्ण साबित हो रही है। ज्ञापन में मांग की गई है कि या तो सरकार बीपीएल चयन के लिए आय सीमा को व्यवहारिक बनाए, अथवा तहसील अधिकारियों को निर्देशित करे कि वे जरूरतमंद परिवारों को 50,000 रुपये या उससे कम का आय प्रमाण पत्र जारी करें।

मनोज ने कहा कि सिर्फ नाम काटने की प्रक्रिया से गरीबों को कोई लाभ नहीं होगा, जब तक कि नए पात्र और जरूरतमंद लोगों को सूची में शामिल न किया जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से भी अपील की कि इस मामले को संज्ञान में लेते हुए गरीब परिवारों के हक में संवेदनशील निर्णय लिया जाए। यह ज्ञापन सैकड़ों गरीब परिवारों की आवाज़ बनकर सामने आया है, जिनका भविष्य सरकार की इस नीति के रुख पर टिका है।

# शिवा शक्ति क्लब ने पकड़े नशा तस्कर

## क्लब को नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान मिली सफलता

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**



**नशे** के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान शिव शक्ति क्लब डलहौजी ने बनीखेत में किराये के मकान में दो युवकों को नशे के कैप्सूल चिट्टा व नशे में इस्तेमाल होने वाली सामग्री के साथ दो युवकों को पकड़ा है। किराये के मकान में रह रहे सरवन कुमार जोकि बिहार से है उसने बताया कि उसके कमरे में यह युवक कैसे पहुंच गए उसे पता ही नहीं। इसके बारे में डलहौजी यूथ क्लब के अध्यक्ष प्रवीण टंडन का कहना है कि हमने जो नशा मुक्त हिमाचल का जो बेड़ा उठाया है उसे इसी तरह चलाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इसके लिए हमें स्थानीय लोगों की स्थानीय पुलिस की सहायता की जरूरत पड़ेगी। युवकों में यह नशा बहुत ही ज्यादा और जल्दी से फैल रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस जब भी इस मामले में एक या दो ग्राम चिट्टा पकड़ती है तो पुलिस को उन्हें मजबूरन छोड़ना पड़ता है, लेकिन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह ने जो नया कानून बनाने की बात कही है कि जिससे एक या दो ग्राम या 10 ग्राम या 10 लाख का कितना भी चिट्टा पकड़ा जाएगा उसे 10 साल की कैद भी की जाएगी। अगर यह कानून लागू होता है तो यह नशे का धंधा करने वाले लोगों के दिलों में डर बैठ जाएगा और इस कानून के से काफी हद तक तस्करों को काबू किया जा सकता है। बनीखेत से विनोद कुमार और विंकल जो की साथ में ही गांव लगते लाहड़ से हैं। उन्होंने बताया कि यह चिट्टा पठानकोट से लेकर आए थे। इस तरह से तुनूहट्टी बैरियर पर भी पुलिस ने एचपी-48-4538 मोटरसाइकिल पर युवक को गिरफ्तार किया है। युवक के पास से चिट्टा व इंजेक्शन और एक चम्मच बरामद हुआ है। वह भी पठानकोट से ही लेकर आ रहा था। इसलिए हमारे तनुहट्टी प्रवेश द्वार पर पुलिस को आते जाते हर वाहन और हर व्यक्ति की तलाशी बहुत जरूरी लेनी चाहिए। ताकि जो भी सामान पठानकोट से आता है उन सब पर पुलिस की पैनी नजर जरूरी है। क्योंकि एक यूथ क्लब के द्वारा ऐसे अंकुश लगाना अच्छी बात है लेकिन उसके साथ-साथ प्रशासन का डर होना भी बहुत जरूरी है। आज की युवा पीढ़ी बेखौफ होकर रातों-रात अमीर बनने के सपने देखती है और नशे के इस काम में पड़कर इसके अंजाम के बारे में ना सोचकर बहुत तेजी से युवकों को अपना शिकार बना रही है। इसलिए पुलिस प्रशासन को इसके लिए चौकन्ना रहना पड़ेगा ।

# कल चंबा दौरे पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा

**अनंत ज्ञान, चंबा**



**विकास कार्यों की समीक्षा और जनसंवाद करेंगे**

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा 19 अप्रैल को चंबा के विशेष दौरे पर आ रहे हैं। उनका आगमन दोपहर 12:45 बजे सुल्तानपुर हेलीपैड जिला चंबा में होगा। इसके बाद वे सर्किट हाउस चंबा पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। दोपहर बाद नड्डा सरोल गांव का दौरा करेंगे, जहां वे लोगों से सीधे संवाद करेंगे और केंद्र सरकार की योजनाओं की जमीनी हकीकत का जायजा लेंगे।

शाम 5 बजे से रात्रि 7 बजे तक बचत भवन चंबा में सभी विभागों के प्रमुख अधिकारियों के साथ आकांक्षी जिला कार्यक्रम पर विस्तृत बैठक करेंगे, जिसमें जिले की योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

रात्रि विश्राम के बाद, 20 अप्रैल की सुबह लक्ष्मी नारायण मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद वे मीडिया प्रतिनिधियों से भी मिलेंगे। इसके उपरांत नड्डा हेलीकॉप्टर के माध्यम से चंबा से कांगड़ा और फिर दिल्ली के लिए रवाना होंगे। यह दौरा चंबा जिला के लिए एक बड़ा अवसर माना जा रहा है, जहां न केवल केंद्र सरकार की योजनाओं का मूल्यांकन होगा, बल्कि स्थानीय जनता को भी सीधे अपने केंद्रीय मंत्री से जुड़ने का मौका मिलेगा।

# पानी न आने पर किया जल शक्ति विभाग कार्यालय का घेराव

## 20 दिन से पानी की सप्लाई न होने से ग्रामीणों ने भांबला में दफ्तर के बाहर दिया धरना

**रितेश, सरकाघाट**





**उपमंडल** सरकाघाट की ग्राम पंचायत सुलपुर-जबोठ के हंसाल के गढ़ का फेर में पिछले लगभग 20 दिन से पानी की सप्लाई न होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने जल शक्ति विभाग भांबला कार्यालय के सामने धरना दिया।

ग्रामीण मान सिंह, दलीप सिंह, व्यास देव, सोहन सिंह, अनीता देवी, उमा देवी,कशिश शर्मा और शृष्टि ने बताया कि गांव में वाटर गार्ड की मनमानी और लापरवाही के चलते ग्रामीण पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे हैं। ग्रामीण महिलाओं का अधिकतर समय गांव से एक किलोमीटर दूर बाबड़ी और हैडपंप से पानी लानें में ही व्यतीत हो रहा है। पानी की समस्या को लेकर जब जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता को फोन करें तो वह भी फोन नहीं उठाते हैं। वाटर गार्ड भी लोगों से बतमीजी करता है। जब वाटर गार्ड को कहा जाता है कि वह पानी की सप्लाई ठीक ढंग से नहीं करेगा तो उसकी शिकायत जल शक्ति विभाग के जेई से करेंगे तो उसने लोगों दो टूक शब्दों में कहा कि मैं किसी नही डरता। वीरवार को सुबह साढ़े नौ बजे जल शक्ति विभाग भांबला के कार्यालय पहुंचे तो कार्यालय में ताला लटका देखकर मायूस हो गये और कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। मामले की सूचना पाकर जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता आनन फानन में कार्यालय में पहुंचे और लोगों से पानी की समस्या को लेकर बात की और जल्द ही समस्या का हल करने का आश्वासन दिया। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं बल्द्वाडा के सहायक अभियंता

**इस** बारे जल शक्ति विभाग बल्द्वाडा के सहायक अभियंता दीपक वर्मा ने कहा किमामला ध्यान में आया है। नैना देवी से बन मंगोह स्कीम की 9 किलोमीटर की पानी की पाइप ब्लॉक हो गई है, जिसकी पेट्रोलिंग विभाग के कर्मचारी कर रहे हैं। सोमवार तक गढ़ का फेर गांव में पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से कर दी जाएगी और जल शक्ति विभाग भांबला के कार्यालय में विभाग के एक कर्मचारी की डयूटी लगा दी है।

# जेपी नड्डा का पूरी गरिमा और संगठनात्मक शक्ति के साथ होगा स्वागतः विपिन परमार



**अनंत ज्ञान, चंबा**

**प्रदेश** विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता विपिन सिंह परमार ने चंबा के पीडब्ल्यूडी सर्किट हाउस में एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के 19 व 20 अप्रैल को चंबा जिले के विशेष दौरे के मद्देनजर आयोजित की गई थी। बैठक में परमार ने कहा कि भाजपा के आज 13 करोड़ सक्रिय सदस्यों के साथ विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक राजनीतिक पार्टी बन चुकी है और यह संगठन शून्य से शिखर तक मेहनत से खड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि नड्डा का चंबा आगमन हम सबके लिए गौरव का विषय है और उनका स्वागत पूरी गरिमा और संगठनात्मक शक्ति के साथ किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि कांगड़ा-चंबा लोकसभा से सांसद राजीव भारद्वाज और हिमाचल प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल भी नड्डा के साथ मौजूद रहेंगे। बैठक में भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों ने भाग लिया

## चुराह के विकास के लिए करेंगे हरसंभव प्रयासः भारद्वाज

**अनंत ज्ञान, चुराह।** चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद राजीव भारद्वाज ने चुराह विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। उनके आगमन पर चुराह के भाजपा विधायक हंसराज ने कार्यकर्ताओं के साथ उनका स्वागत किया। जगह-जगह पर फूलमालाओं, ढोल-नगाड़ों और नारों के साथ जनसैलाब उमड़ पड़ा, जिससे चुराह की वादियां भाजपा के समर्थन में गूंज उठीं।

इस दौरान आयोजित जनसभा में संगठन की मजबूती, केंद्र सरकार की योजनाओं की उपलब्धियों और प्रदेश सरकार की विफलताओं पर खुलकर चर्चा हुई। सांसद राजीव भारद्वाज ने कहा कि चुराह क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

### सूडोकु नवताल 7404

**सरल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | 9 | | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनर्वृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु नवताल 7404

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | 9 | | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

# राज्यपाल करेंगे किसान मेले व नशामुक्त जागरूकता शिविर की अध्यक्षता

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**राज्यपाल** शिव प्रताप शुक्ल की अध्यक्षता में 23 अप्रैल को मैहला पंचायत के खेल मैदान (जिला मुख्यालय चंबा के समीप) में एकदिवसीय किसान मेला एवं नशा उन्मूलन जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा।

सहायक आयुक्त पीपी सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर वीरवार को उनके कार्यालय कक्ष में एक बैठक आयोजित की गई। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं समन्वित ढंग से पूर्ण की जाएं। पीपी सिंह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न प्रबंध व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए बताया कि किसान मेला एवं नशा उन्मूलन जागरूकता शिविर का आयोजन डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के तत्वावधान में किया जा रहा है। इस दौरान किसानों और बागवानों को विभिन्न तकनीकी जानकारियां उपलब्ध करवाई जाएंगी। इसके अतिरिक्त विभागीय प्रदर्शनी स्टॉलों के माध्यम से उपयोगी जानकारी साझा की जाएगी। शिविर में नशे के दुष्प्रभावों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी साथ में विद्यार्थियों की भागीदारी से एक जागरूकता रैली का भी आयोजन किया जाएगा।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि एवं उद्यान विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा प्रदर्शनी स्टॉल लगाए जाएंगे।

### कानून व्यवस्था पर अधिकारियों को दिए निर्देश

**सहायक** आयुक्त ने कानून-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और पार्किंग सहित विभिन्न व्यवस्थाओं को भी लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवानी मेहला, उपनिदेशक उच्च शिक्षा भाग सिंह एवं प्रारंभिक शिक्षा बलवीर सिंह, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएस भारद्वाज, जिला विकास अधिकारी ओपी ठाकुर, प्रभारी कृषि विज्ञान केंद्र डॉ. धर्मेंद्र आदि मौजूद रहे।

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

18 अप्रैल, 2025, शुक्रवार

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत** :1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत चैत्र, **तिथि** पंचमी (05:10): **नक्षत्र** ज्येष्ठा (08:21), **पक्षः** कृष्ण, **योग :** परिघ (01:01) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित(11:55-12:46) **राहुकाल** (10:43-12:20)।

### विशेष दिन

- 18 अप्रैल गुड फ्राइडे आज।
- 18 अप्रैल विश्व पुरातत्व दिवस आज।

**मेषः** व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृषभः** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मिथुनः** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा।

**कर्कः** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**सिंहः** दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ।

**कन्याः** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी।

**तुलाः** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिकः** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**धनुः** धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**मकरः** परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय संभव।

**कुंभः** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी।

**मीनः** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी।

**समारोह** चंबा कॉलेज में बीबीए विभाग ने तृतीय वर्ष के छात्रों को दी भावुक विदाई

# मधुर विज मिस्टर, दिव्यांशी बनीं मिस बीबीए

**अनंत ज्ञान, चंबा**



**राजकीय** महाविद्यालय चंबा के अखंड चंडी परिसर में स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज के बीबीए विभाग द्वारा बीबीए तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई विभाग की समन्वयक डॉ. शेल्ली महाजन ने की, जिनकी देखरेख में छात्रों ने मिलकर इस आयोजन को एक यादगार अनुभव बना दिया।

इस अवसर पर कॉलेजप्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि प्रोफेसर परविंद्र कुमार, प्रोफेसर अविनाश व डॉ. संतोष कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्राचार्य डॉ. गुलेरिया ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में छात्रों को शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि चंबा जैसे आकांक्षात्मक जिले को विकास के पथ पर लाने के लिए शिक्षा ही सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने छात्रों को कड़ी मेहनत, समर्पण और अनुशासन के साथ अपने लक्ष्यों की ओर अग्रसर रहने की सलाह दी।

विदाई समारोह में जूनियर और सीनियर विद्यार्थियों ने मिलकर एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। इसमें गायन, नृत्य, कविता, शायरी और रैंप वॉक ने माहौल को जीवंत कर दिया। जूनियर छात्रों ने सीनियर्स के लिए खास टास्क तैयार किए, जिन्हें सीनियर्स ने हंसी-खुशी पूरा किया। कार्यक्रम के अंत में विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

विद्यार्थियों की वेशभूषा और प्रस्तुति के आधार पर मधुर विज को मिस्टर बीबीए, दिव्यांशी धीमान को मिस बीबीए, विपिन कुमार को मिस्टर फेयरवेल और यशिका शर्मा को मिस फेयरवेल के खिताब से नवाजा गया। कार्यक्रम के समापन पर मृणाल शर्मा ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और छात्रों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक मृणाल शर्मा, दिग्विजय, नेहा, ज्योति, वेद ज्योति और नीना सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## एमएल अरोड़ा को बनाया प्रधान

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ खंड बनीखेत के 7 ब्लॉक में से चुनाव पूर्ण चंद प्रधान खंड ककीरा जिसका संचालन नरेश कुमार महासचिव खंड सलूणी द्वारा किया गया। प्रधान पद के लिए सर्व सहमति से एमएल अरोड़ा को चुना गया। जिसका अनुमोदन देवराज व मनजीत सिंह और राजकुमार द्वारा किया गया। इसी तरह महासचिव के लिए ओमप्रकाश ठाकुर के नाम का अनुमोदन जयप्रकाश व दूसरा अनुमोदन नरेश शर्मा द्वारा किया गया। यह दोनों सदस्य को इनके पहले पद पर ही सर्व सहमति से चुना रहने दिया गया, लेकिन फाइनेंस सेक्रेट्री के तौर पर जेपी ठाकुर के नाम का अनुमोदन शेर सिंह व दूसरा अनुमोदन मनजीत सिंह व नरेश शर्मा द्वारा किया। बाकी की कार्यकारिणी प्रधान द्वारा गठित की जाएगी।

माता-पिता की सेवा और उनकी आज्ञा का पालन करने जैसा दूसरा धर्म कोई भी नहीं। -महर्षि वाल्मीकि

## संपादकीय

# शक्ति-संतुलन की बहस

उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की ओर से सुप्रीम कोर्ट की एक सलाह पर की गई तीखी टिप्पणी ने देश की संवैधानिक संस्थाओं-विशेषकर न्यायपालिका और विधानपालिका के बीच शक्ति-संतुलन की बहस को एक बार फिर गर्मा दिया है। उपराष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट की उस टिप्पणी पर आपत्ति जताई है, जिसमें न्यायालय ने राष्ट्रपति और राज्यपालों की ओर से विधेयकों को मंजूरी देने के लिए एक समय-सीमा तय करने की बात कही थी। उन्होंने इस सलाह को लोकतांत्रिक शक्तियों के विरुद्ध 24×7 न्यूक्लियर मिसाइल की संज्ञा दी और न्यायपालिका पर 'सुपर पार्लियामेंट' जैसा व्यवहार करने का आरोप लगाया। इस घटनाक्रम ने कई संवैधानिक और संस्थागत सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल उठता है कि क्या न्यायपालिका को इस हद तक आगे बढ़ना चाहिए कि वह राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति जैसे सर्वोच्च संवैधानिक पद को समय-सीमा के भीतर कार्य करने का निर्देश दे? क्या उपराष्ट्रपति की आलोचना उचित है या यह न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर आघात है? और सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि ऐसी परिस्थितियों में देश की संवैधानिक संस्थाओं के बीच सामंजस्य कैसे सुनिश्चित किया जाए?

दरअसल, संविधान के अनुच्छेद 142 के अंतर्गत सुप्रीम कोर्ट को विशेष अधिकार प्राप्त हैं, ताकि वह न्याय प्रदान करने के लिए आवश्यक आदेश और निर्देश जारी कर सके। हालांकि, यह अधिकार पूर्ण नहीं है। इसका उपयोग संविधान की मूल भावना और संतुलन को बनाए रखते हुए होना चाहिए। जब अदालतें कार्यपालिका या राष्ट्रपति जैसे पदों के कार्यों में समय-सीमा या बाध्यता तय करने की बात करती हैं, तो यह एक संवेदनशील क्षेत्र हो जाता है। इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट की मंशा यह थी कि विधायी प्रक्रिया बाधित न हो और राज्यपाल या राष्ट्रपति की ओर से विधेयकों की स्वीकृति में अनावश्यक विलंब न हो, लेकिन उपराष्ट्रपति का कहना है कि न्यायपालिका को इस प्रकार के आदेश देने का अधिकार नहीं है, क्योंकि यह संविधान की शक्ति पृथक्करण की भावना के विरुद्ध है। विधानपालिका की चिंता भी अपनी जगह सही प्रतीत होती है।

उपराष्ट्रपति की टिप्पणी इस चिंता को दर्शाती है कि न्यायपालिका कभी-कभी अपने अधिकार क्षेत्र से आगे बढ़ती हुई दिखाई देती है, जिससे लोकतंत्र में निर्वाचित संस्थाओं की गरिमा और अधिकार प्रभावित हो सकते हैं। अगर अदालतें विधायिका या कार्यपालिका को आदेश देने लगें- विशेषकर राष्ट्रपति और राज्यपाल जैसे संवैधानिक पदों को तो शक्ति-संतुलन बिगाड़ सकता है। धनखड़ का यह बयान एक गहरे असंतोष का संकेत है जो संसद के कुछ वर्गों में न्यायपालिका की बढ़ती सक्रियता को लेकर है। भारतीय संविधान सत्ता के तीन स्तंभों-कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के बीच शक्तियों के पृथक्करण की भावना को स्वीकार करता है। हालांकि, यह अमेरिका की तरह कठोर रूप में नहीं है। इसका उद्देश्य है कि कोई भी अंग अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर अन्य अंगों के कार्य में हस्तक्षेप न करे, लेकिन व्यवहार में अक्सर यह देखा गया है कि इन तीनों स्तंभों के कार्य कभी-कभी एक-दूसरे से अछूते नहीं रह पाते। न्यायपालिका कई बार कार्यपालिका की निष्क्रियता या विधायिका की चुप्पी के कारण हस्तक्षेप करती है। संविधान ने इन तीनों स्तंभों को समान रूप से महत्वपूर्ण माना है और उनके कार्यों में संतुलन बनाए रखने की जिम्मेदारी दी है।

उपराष्ट्रपति और सुप्रीम कोर्ट जैसी संस्थाओं के बीच सार्वजनिक रूप से इस प्रकार के टकराव से लोकतंत्र की छवि प्रभावित होती है। ऐसे में आवश्यक है कि संस्थागत संवाद बढ़े। न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका के बीच आपसी संवाद और समन्वय को बढ़ावा दिया जाना श्रेयस्कर रहेगा। बंद कमरों में बैठकर विचार-विमर्श अधिक स्थायी और परिपक्व समाधान दे सकता है बजाय सार्वजनिक बहसों के। सभी अंगों को अपनी-अपनी संवैधानिक मर्यादाओं का पूरी तरह से सम्मान करना चाहिए।

न्यायपालिका को यह समझना होगा कि वह नीति निर्धारण नहीं कर सकती और विधायिका को भी यह स्वीकार करना होगा कि न्यायपालिका लोकतंत्र की रक्षा की अंतिम दीवार है। भारत जैसे लोकतंत्र में जहां विविधता और जटिलताएं अधिक हैं, वहां संस्थागत टकराव से अधिक जरूरी है लोकतांत्रिक संस्थाओं का परिपक्व व्यवहार। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की टिप्पणी जिस संवैधानिक बहस को जन्म दिया है वह बहस कोई नई नहीं है, लेकिन यह समय-समय पर उभरती है जब भी किसी संस्था को लगता है कि उसकी सीमाएं लांघी जा रही हैं। ऐसे में यह जरूरी है कि हम संविधान की मूल भावना संतुलन, परस्पर सम्मान और सहयोग को आधार बनाकर इन मतभेदों को सुलझाएं। संविधान न तो न्यायपालिका को सर्वशक्तिमान बनाता है और न ही कार्यपालिका को सर्वोच्च। हर संस्था की अपनी भूमिका है और उस भूमिका का परस्पर सम्मान ही लोकतंत्र की असली ताकत है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारतीय फिल्म एवं टीवी अभिनेत्री

**पूनम** ढिल्लों एक जानी मानी भारतीय फिल्म एवं टीवी अभिनेत्री हैं। पूनम 1977 में फेमिना मिस इंडिया का खिताब भी अपने नाम कर चुकी हैं। इसके अलावा वह फिल्म फेयर अवार्ड के लिए नामांकित भी की जा चुकी हैं। उनका जन्म यूपी के कानपुर में हुआ था। उनके पिता का नाम अमरीक सिंह है जो कि एक एयरोनॉटिक्स इंजीनियर थे, तथा उनकी मां का नाम गुरचरण कौर है। पूनम का एक भाई और एक बहन भी है। जब 1978 में पूनम ने मिस यंग इंडिया का खिताब अपने नाम किया तो वह सुर्खियों में आईं और निर्देशक यश चोपड़ा की नजर उन पर पड़ी और उन्होंने अपनी फिल्म त्रिशूल में उन्हें एक रोल ऑफर किया। इसके बाद चौपड़ा ने ही उनसे प्रभावित होकर अगली फिल्म नूरी (1979) में लीड रोल करने को दिया इस फिल्म को चौपड़ा ने ही प्रोड्यूस किया था। ढिल्लों को इस फिल्म में बेहतरीन अभिनय के लिए फिल्मफेयर के अवार्ड के लिए नामांकित किया गया। इसके बाद से अब तक वह लगभग 100 भारतीय फिल्मों में काम कर चुकी हैं। पूनम ने अपने शुरुआती दिनों में बंगाली, कन्नडा, पंजाबी और मराठी फिल्मों में भी काम किया है। इसके अलावा पूनम कई टीवी सीरियल्स में भी नजर आ चुकी हैं। वह 2009 में टीवी शो बिगबॉस में भी नजर आ चुकी हैं। ■



पूनम ढिल्लों
जन्म :18 अप्रैल, 1962

कविता



### स्वार्थ भरा बाजार है

शिव सान्याल, जवाली (कांगड़ा)

*मुखिया घर का हो भला, रहें सभी खुशहाल।*
*राह दिखाता आप ही, बढ़ता जब जंजाल।।*

*कलुषित प्रेम की भावना, रहा नहीं अनुराग।*
*नाजुक रिश्ते प्रेम के, लगता उन में दाग।।*

*तार-तार अब हो रहा, मानव देखो आज।*
*लोलुपता में डूब के, थोथा हुआ समाज।।*

*मुखिया उत्तम भाव का, सब को रखता साथ।*
*आता संकट देख के, चलें पकड़ के हाथ।।*

*पति-पत्नी के प्रेम का, रिश्ता यह अनमोल।*
*स्वार्थ भरा बाजार है, आज रहा मन डोल।।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# आधी सच्चाई का लाइव तमाशा: रिश्तों की मौत का नया मंच

घर के अंदर की बातें अब घर के नहीं रहीं। एक वक्त था, जब दीवारों के भीतर जो होता था, वही दीवारों में दफन होता था। पर अब दीवारें भी वाई-फाई से जुड़ चुकी हैं और रिश्ते डेटा पैक पर टिके हैं। बात-बात पर फेसबुक लाइव, इंस्टा स्टोरी और यूट्यूब ब्लॉग—यही अब नए जमाने का रिश्ता-निपटान मंच बन गए हैं। कोई थोड़ा-बहुत झगड़ा हुआ नहीं, लोग कैमरा ऑन करके 'ऑडियंस' के सामने आंसू बहाने लगते हैं। और उस रोते चेहरे के पीछे कितनी सच्चाई है, इसका किसी को अंदाजा नहीं होता, क्योंकि कहानी का दूसरा पहलू अक्सर बेमौसम आता है, या कभी आता ही नहीं।



लेखक : डॉ. सत्यवान सौरभ
कवि, स्वतंत्र पत्रकार

**रोते हुए लाइव और सहानुभूति का सैलाब:** आजकल रिश्तों में सहनशीलता नहीं, स्क्रिप्टिंग आई है। जैसे ही किसी झगड़े या मनमुटाव की चिंगारी उठती है, लोग अपने कैमरे चालू कर लेते हैं और 'लाइव' आकर खुद को पीड़ित घोषित कर देते हैं। आवाज में कंपकंपी, आंखों में आंसू, और शब्दों में दर्द—सब कुछ इतना 'रियल' होता है कि देखने वाला पल भर में 'इमोशनल इंवेस्ट' कर बैठता है।

**पर सवाल यह है कि क्या वो सच्चाई का पूरा चेहरा देख रहा है, या बस आधा? :** आज की मिसाल लीजिए—सोशल मीडिया पर पहले 'सुट्टा आली' प्रकरण छाया रहा और अब 'मुक्का वाली' मामला। दोनों में ही एक पक्ष ने पहले सोशल मीडिया पर आकर सहानुभूति बटोरी। लोग टूट पड़े समर्थन में, ट्रोलिंग शुरू हुई, इल्जामों की झड़ी लग गई, लेकिन जब कुछ समय बाद दूसरा पहलू सामने आया, तो वही हमदर्द दोराहे पर खड़े दिखे। कोई खिसियाया, कोई चुप हो गया और कुछ ने हाथ जोड़ लिए—'हमें तो पूरी बात पता ही नहीं थी।'

**सोशल मीडिया-इंसाफ की नई अदालत? :** अब सवाल उठता है—क्या सोशल मीडिया कोई अदालत है, जहां एकतरफा सबूत पेश करके दूसरे पक्ष को बिना सुने सजा सुनाई जा सकती है? क्या हम सब यूजर्स अब जज बन चुके हैं? और अगर हां, तो हमारी अदालत में अपील की व्यवस्था कहां है? दिक्कत यह है कि आजकल लोग जज नहीं, जजमेंटल बन चुके हैं। किसी भी मुद्दे को बिना सोचे, बिना समझे, बिना जांचे—बस वायरल होने की स्पीड से नापते हैं। 'कौन सही है' से ज्यादा अहम हो गया है 'कौन पहले लाइव आया'।



**रिश्ते अब रील और रेटिंग का हिस्सा बन गए हैं :** जब एक रिश्ते की दरार को सार्वजनिक किया जाता है, तो उसका असर केवल उस रिश्ते पर नहीं, समाज पर भी पड़ता है। यह एक विकृति बनती जा रही है, जहां निजी दर्द सार्वजनिक मनोरंजन बन रहा है। और इसे प्रोत्साहन मिलता है व्यूज, लाइक्स और फॉलोवर्स की भूख से। एक जमाना था जब लोग अपने रिश्तों को बचाने के लिए कुछ भी कर जाते थे—आज लोग लाइक और शेयर के लिए अपने रिश्ते खुद बर्बाद कर देते हैं। मीडिया से ज्यादा, मीडियाई मानसिकता दोषी है यह केवल 'मीडिया ट्रायल' का मुद्दा नहीं है। असली समस्या उस मानसिकता की है जो कैमरा ऑन होते ही खुद को पीड़ित घोषित कर देती है और दर्शकों को जूरी बना देती है। यह 'हाफ टुथ पॉलिटिक्स' अब राजनीति तक सीमित नहीं रही—यह अब हमारे घरों में घुस चुकी है। लोग अपने गुस्से और दुख को शब्दों में नहीं, स्क्रिप्टेड कंटेंट में ढाल रहे हैं और दर्शक भी, असल में मदद करने के बजाय, तमाशबीन बने रहते हैं—स्क्रीन के उस पार तालियां बजाते हुए।

**रिश्ते सहारे से ज्यादा, स्क्रीन पर टिके हैं :** इस डिजिटल युग में रिश्ते अब संवाद से नहीं, कंटेंट से चलने लगे हैं। पार्टनर से बात करने की जगह, लोग सोशल मीडिया पर 'इंडीरेक्ट' पोस्ट करते हैं। लड़ाई होती है, तो स्टोरी लगती है— 'सब कुछ सहने की भी एक हद होती है' और फिर लाइक, कमेंट और शेयर की बाढ़ आती है, जो उस रिश्ते के फटे कपड़े में और कील ठोक देती है। क्या कोई रास्ता है इस 'डिजिटल ड्रामा' से बाहर निकलने का? बिलकुल है। पर शुरुआत हमें ही करनी होगी। किसी भी झगड़े या विवाद को सार्वजनिक करने से पहले, अपने सबसे करीबी से निजीतौर पर बात करें। संवाद हर समस्या का पहला समाधान है। अगर मामला गंभीर है, तो परिवार, मित्र या थैरेपिस्ट की मदद लें। इंस्टाग्राम या यूट्यूब पर वीडियो बनाकर दुनिया से इंसाफ की उम्मीद न करें। अगर आप किसी का वीडियो या पोस्ट देख रहे हैं, तो एकतरफा निर्णय न लें। हर कहानी के दो पहलू होते हैं, और कभी-कभी सच्चाई दोनों के बीच कहीं होती है। हर रिश्ता अपने आप में एक दुनिया होता है। उसे सार्वजनिक चौराहे पर न उधेड़ें। एक दिन वही दुनिया आपके खिलाफ खड़ी हो सकती है। आज जब हर व्यक्ति अपने हाथ में मीडिया लेकर घूम रहा है, तब सबसे बड़ा जिम्मेदार भी वही है। कैमरा ऑन करना आसान है, पर सच्चाई को ईमानदारी से दिखाना मुश्किल। रिश्ते भरोसे से बनते हैं और भरोसे की बुनियाद संवाद से मजबूत होती है, तमाशे से नहीं। हर बार लाइव आकर रोना-धोना करने से सहानुभूति तो मिल सकती है, लेकिन रिश्ते नहीं बचते और जब दूसरा पक्ष सामने आता है, तो फिर न सिर्फ रिश्ता, बल्कि भरोसा भी मरता है—उस इंसान का भी और उस समाज का भी, जो बस 'लाइव' देखकर न्याय करने को तैयार बैठा था। इसलिए अगली बार जब कोई रोता हुआ वीडियो सामने आए —जरा रुकिए। सवाल पूछिए, दोनों पक्षों को सुनिए, क्योंकि असल इंसाफ वही है जो तटस्थ हो और इंसाफ के बिना कोई भी तमाशा बस एक और रिश्ते की मौत होती है—'डिजिटल स्टेज' पर।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

नजरिया

# बदलती जीवनशैली में विकास समय की आवश्यकता

बदलती जीवनशैली में विकास समय की आवश्यकता है। पहाड़ी क्षेत्रों में जब विकास पर ध्यान केंद्रित कर उसे गति दी जाती है तो सुविधा के साथ-साथ इसके विपरीत प्रभाव एवं परिणाम भी देखने को मिलते हैं। विकास तो होता है, लेकिन पहाड़ी क्षेत्रों, वन्य जीवों, वन संपदा, पर्यावरण और वनस्पति को इसकी दुर्गति झेलनी पड़ती है। इसीलिए कहा गया है कि 'होता है विकास, रोते हैं पहाड़' यह वाक्य विकास और पर्यावरण के बीच के संघर्ष को उजागर करता है और एक अति गंभीर सच्चाई को दर्शाने का प्रयास भी करता है।



लेखिका : शीला सिंह
सेवानिवृत्त प्रवक्ता, बिलासपुर

पहाड़ एक निश्चित स्तर की भावना, रहस्य और आध्यात्मिकता को धारण कर सकते हैं जो उनमें जीवित होता है। हिंदू परंपरा और संस्कृति में पहाड़ों को पवित्र, दिव्य माना जाता है, विशालकाय पीपल, बट वृक्षों को काटना पाप माना जाता है, क्योंकि उन्हें पूजनीय माना जाता है।

धार्मिक भावनाओं में बंधा मानव यह भी मानता है कि ऊंचे पहाड़ों पर (शिव कैलाश) भगवान शिव परिवार बसता हैं, ज्ञान-विद्या-बुद्धि के भंडार ऋषि-मुनि तप करते थे। इसके अलावा पहाड़ नाना प्रकार के पौधों और जानवरों की प्रजातियों का घर है, ताजे, स्वच्छ जल तथा अन्य प्राकृतिक संसाधनों का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। विकास के नाम पर पर्यावरण को बहुत नुक्सान पहुंचता है। विकास और पर्यावरण दोनों का सही तालमेल इस धरा को स्वर्ग बना देता है। समय के साथ-साथ विकास को सामान्य अथवा आवश्यक प्रक्रिया के रूप में लिया जाता है। विकास निरंतर गतिमान है। क्योंकि यह हम लोगों के जीवन स्तर को और अच्छा बनाता है, समाज के सभी वर्गों के लिए जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है। आर्थिक दृष्टि से विकास की बात करें, तो यह गरीबी को कम करता है, लोगों के आय के साधन बढ़ते हैं, रोजगार मिलता है, शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिलने से जीवन स्तर ऊंचा होता है।



आजीविका मिलती है और संस्कृति भी प्रभावित होती है। ध्यान देने योग्य यह बात है कि विकास के नाम पर जहां प्राकृतिक संसाधनों का अति दोहन होता है, वहां पर्यावरण को हानि पहुंचती है। पहाड़ी क्षेत्रों में विकास की प्रक्रिया तो पहाड़ों के लिए बहुत कष्टकारी सिद्ध होती है। पहाड़ न केवल प्राकृतिक सुंदरता के स्रोत है, बल्कि वे जल चक्र, जलवायु और जैव विविधता के लिए भी महत्वपूर्ण है। पहाड़ों पर सड़क निर्माण, खनन और बांध जैसे विकास कार्य जब तीव्र गति से होते हैं। पेड़ काट-काट कर मशीनें चलाकर पहाड़ों की छाती को छलनी कर दिया है। बिना किसी पकड़ से अधिक पानी बरसने पर पहाड़ों पर जमें पत्थर मामूली-से झटके से दरक कर, टूटकर नीचे गिर जाते हैं। जान-माल का नुकसान स्वाभाविक रूप से लोगों को झेलना पड़ता है। अत: आर्थिक विकास से अभिप्राय: एक स्थिर और समृद्ध अर्थव्यवस्था बनाना होता है, देश के उत्पादन साधनों का कुशलतापूर्वक और नियोजित रूप से प्रयोग करना होता है। पहाड़ी क्षेत्रों का विनियोजन भी पर्यावरण संरक्षण, आर्थिक विकास जैसे मुख्य पहलुओं पर निर्भर करता है। पर्यावरण संरक्षण के आधार पर पहाड़ी क्षेत्रों में मौजूदा वनस्पति की रक्षा हो और अधिक से अधिक वनस्पति संरक्षित हो।

जल संचयन और जल प्रबंधन पर योजनाबद्ध तरीके से सुनियोजन आवश्यक। पहाड़ी ढलानों पर मिट्टी के कटाव की रोकथाम के उपाय। पहाड़ी क्षेत्रों में खनिज संसाधनों के सतत् उपयोग का योजनानुरूप। अंतत: पहाड़ी क्षेत्रों में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए जलवायु-अनुकूल फसलों और बागवानी को प्रोत्साहन। पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु बुनियादी ढांचे का विकास हो। स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्योगों को बढ़ावा। इसके अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास की व्यवस्था सुनिश्चित हों।

पहाड़ी क्षेत्र भूकंप के लिए अतिसंवेदनशील होते हैं इसलिए भूकंप-रोधी निर्माण करना हितकर है। भू-स्खलन की संभावना हेतु भू-स्खलन-रोधी और बाढ़ की संभावना हेतु बाढ़-रोधी उपाय हितकर है। पहाड़ी क्षेत्रों में विकास के नाम पर वनों की कटाई पर घटती वनस्पति से पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण, पौधारोपण, बागवानी को महत्व देते हुए पहाड़ों का सौंदर्य बनाए रखने का सफल प्रयास हो सकता है। विकास के परिणाम विनाश न हो, बल्कि पर्यावरण का संरक्षण व संवर्धन हो फिर विकास के नाम पर पहाड़ रोएंगे नहीं, पर्यावरण-वनस्पति, वन, हरियाली को देखकर मुस्कुराएंगे।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

**विश्व** वायु गुणवत्ता रिपोर्ट हाल ही में प्रकाशित हुई हैं जिसमें भारत की किरकिरी हुई है। इस रिपोर्ट की मानें तो दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में से 13 केवल भारत के ही हैं और दिल्ली लगातार छठवीं बार दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी का खिताब पाने में प्रथम आई है। विश्व के ऐसे दिल दहला देने वाले आंकड़े देखकर यदि यह प्रश्न पूछा जाए कि इस धरती पर सबसे खतरनाक जानवर कौन है तो संभवत: शेर, बाघ, जैसे जानवरों का विचार आएगा, लेकिन मेरे अनुसार इस धरती का सबसे खूंखार मनुष्य है, मनुष्य ने इस ग्रह को जितनी क्षति पहुंचाई है, शायद ही किसी अन्य जानवर की पूरी प्रजाति ने मिलकर उतनी क्षति पहुंचाई होगी। प्रदूषण केवल भारत तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे विश्व के लिए चिंता का विषय है। इसलिए पर्यावरण संरक्षण आज बहुत ही जरूरी कार्य बन चुका है। हर मानव को पर्यावरण संरक्षण के लिए अति प्रयासरत होने की जरूरत है।

**गुरमीत सिंह, धर्मशाला**

# हिमाचल में अग्निकांडों से राख होते आशियाने, इन्हें रोकना होगा

बेशक प्रतिवर्ष 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सप्ताह मनाया जा रहा है। अग्निशमन सप्ताह पर लोगों को जागरूक किया जाता है। सेमिनार लगाए जाते हैं और रैलियों का आयोजन किया जाता है लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं। आगजनी की घटनाओं में लोगों की लापरवाही के कारण वृद्धि हो रही है। प्रतिवर्ष लोग आगजनी में जान गंवा रहे हैं जिंदा जल रहे हैं। सतर्कता बरती जाए, तो इन अग्निकांडों को रोका जा सकता है।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

एक सप्ताह पहले नालागढ़ में प्रवासियों की झुग्गियां जलने से एक मासूम बच्ची जिंदा जल गई थी। 2 फरवरी 2024 को बद्दी की परफ्यूम फैक्टरी में घटित हुआ, जहां 35 लोग झुलस गए और एक महिला की मौत हो गई थी। फैक्टरी के प्रबंधक को गिरफ्तार कर लिया था। आगजनी के समय करीब 50 कामगार मौजूद थे। 30 कामगारों ने ऊपरी मंजिल से कूद कर अपनी जान बचा ली, इनमें तीन की रीढ़ की हड्डी टूट गई, मलिक पर लापरवाही बरतने का मामला दर्ज कर लिया है। इससे पहले भी बद्दी में काफी अग्निकांड हो चुके हैं, लेकिन सबक नहीं सीख रहे हैं सरकारों को इस हादसे से संज्ञान लेना चाहिए। देवभूमि हिमाचल में हो रहें, अग्निकांडों से जनमानस भयभीत होता जा रहा है। 2025 के प्रथम माह जनवरी से ही आग का तांडव शुरू हो गया है। प्रतिदिन किन्नौर से लेकर भरमौर तक आग की घटनाएं होती जा रही है। आंकड़ों के अनुसार शिमला के जुब्बल में घटित हुआ जहां 32 कमरों का चार मंजिला मकान आग की भेट चढ़ गया था। गनीमत रही कि जब यह आगजनी की घटना हुई घर में कोई मौजूद नहीं था। इससे पहले साल 2018 में शिमला के रोहड़ू में 41 घरों में आग लगी थी और ऐतिहासिक गांव कशाणी राख में बदल गया था और लोग बेघर हो गए थे। 21 जनवरी 2021 को कुल्लू के गड़सा में एक ढाई मंजिला मकान में आग लगने से 43 साल के व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई थी।

मकान के अंदर सो रहा यह व्यक्ति जिंदा ही जल गया था। प्रदेश में भीषण अग्निकांडों में आज तक अरबों के हिसाब से संपत्तियां राख के ढेरों में बदल चुकी हैं, अग्निकांडों में हजारों लोग मौत के मुंह में समा चुके हैं। अग्निकांडों से कई परिवार तबाह हो चुके हैं। हिमाचल में अग्निकांड थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। इन अग्निकांडों से कई प्रश्न सुलग रहे हैं। सैकड़ों घटनाएं घटित हो चुकी है। मासूम जल कर मर रहे हैं, बुजुर्ग भी मारे जा रहे हैं। आशियाने राख के ढेर में समाते जा रहे हैं। प्रदेश में निरंतर हो रहे इन अग्निकांडों पर संज्ञान लेना होगा, ताकि जान माल की घटनाओं को रोका जा सके।



आगजनी होने पर हैलिकाप्टरों की सेवाएं लेनी चाहिए, ताकि आग को बुझाया जा सके और जिंदगियां बच सकें। जागरूकता ही इसका समाधान है। अस्सी प्रतिशत अग्निकांडों में शार्टसर्किट ही कारण निकलता है। इन हादसों को रोकने के लिए प्रदेश सरकार को कदम उठाने होंगें। काफी आशियाने राख हो चुके हैं। आग को बुझानें की कोशिशों में लोग झुलस रहे हैं, मासूम जिंदा जल रहे हैं। समझ नहीं आता कि हर बार शार्ट सर्किट के कारण ही आग लगती है, प्रदेश में हर जिले में आगजनी की वारदाते हो रही हैं ज्यादातर मामले गांव में घटित हो रहे हैं।

लोगों को भी चाहिए कि घरों में गल-सड़ चुकी बिजली की तारों को बदलवा देना चाहिए, ताकि कोई अप्रिय हादसा न हो सके। पूरी तरह सतर्कता बरतनी चाहिए तथा विभाग को सूचित करना चाहिए। ज्वलनशील पदार्थों को घर से दूर रखना चाहिए और पशुओं का चारा व घास बगैरा भी गोशालाओं से काफी दूर रखना चाहिए, क्योंकि ऐसी सूखी चीजें जल्दी आग पकड़ती है, अक्सर देखा गया है कि सरकारी व निजी भवनों में आग बुझाने के यंत्र ही नहीं होते हैं। स्कूलों व कालेजों में भी ऐसी व्यवस्था कम ही है, जबकि स्कूलों में कई भयानक अग्निकांड हो चुके हैं। प्रशासन को चाहिए कि प्रत्येक सरकारी व प्राइवेट दफतरों में अग्निशमन यंत्र उपलब्ध करवाए जाए, ताकि तबाही कम हो सके, बिजली विभाग को समय-समय पर बिजली के खंभों व तारों का निरीक्षण करते रहना चाहिए। सरकार ने जिला मुख्यालयों में तो अग्निशमन केंद्र स्थापित किए है, लेकिन जब तक यह गांव में पहुंचते हैं तब तक मकान जलकर राख हो जाते हैं।

सरकार को प्रत्येक बड़े- बड़े शहरों से लेकर गांव तक छोटे-छोटे केंद्र खोलने चाहिए, ताकि आगजनी की घटनाओं पर काबू पाया जा सके। सरकार को चाहिए कि प्रत्येक गांव में आपदा कमेटियां गठित की जाए तथा उन्हे अग्निशमन का प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि भविष्य में होने वाली घटनाओं पर काबू पाया पा सके। सरकारों को इन हादसों को रोकने के लिए कारगर कदम उठाने होंगें। यह प्रदेश हित में है। समय अभी संभलने का है। सरकार द्वारा दिया जाने वाली राहत राशि में वृद्धि करनी चाहिए, ताकि गरीब लोग फिर से अपने मकान बना सके, मगर यह राशि ऊंट के मुंह में जीरे के समान होती है जिससे आगजनी की भरपाई नहीं हो सकती। प्रदेश के लोगों को भी सावधानी बरतनी होगी, तभी ऐसे अग्निकांड रुक सकते हैं। अन्यथा आशियाने जलकर राख होते रहेंगे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# निजी संस्थानों के चंगुल से निजात पाने के लिए सरकार करे प्रयास

जैसा कि हम सभी को मालूम है कि अनेक क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर न होने के कारण जनता को अच्छी शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं लेने के लिए मजबूरन निजी शिक्षण संस्थानों और निजी स्वास्थ्य संस्थानों की ओर रुख करना पड़ता है, जिन निजी शिक्षण संस्थानों और निजी स्वास्थ्य संस्थानों में आम आदमी को आर्थिक रूप से जूझना पड़ता है, अर्थात हिमाचल प्रदेश में समय-समय पर ऐसे अनेक उदाहरण देखने एवं सुनने को मिलते हैं, जहां पर विभिन्न निजी शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई के नाम पर जैसे व्यापार का रूप धारण करता जा रहा है।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

जहां फिस के नाम पर अनेक प्रकार की वसूली की जा रही है, जिसका एक बड़ा कारण यह भी है कि अगर हरेक क्षेत्रों में सरकारी क्षेत्रों में बेहतर शिक्षा का अनुकूल वातावरण न होने और शिक्षकों की उचित संख्या न होने के कारण जनता को मजबूरन निजी शिक्षण संस्थानों की और रुख करना पड़ रहा है, तो वहीं विभिन्न सरकारी क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं न होने के कारण जनता को निजी स्वास्थ्य संस्थानों की महंगी-महंगी दवाइयां, टेस्ट और विभिन्न प्रकार की बेफिजूल खर्चों का अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाने के लिए आम आदमी और गरीब जनता को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस प्रकार इन दोनों महत्वपूर्ण समस्याओं से निजात पाने के लिए हिमाचल सरकार को भी जनहित में इन संस्थानों पर लगाम लगाने का प्रयास करना चाहिए, ताकि भविष्य में आम आदमी और गरीब व्यक्तियों को भविष्य में आर्थिक रूप से राहत मिल सकें।



शिक्षा और स्वास्थ्य के अभाव में जनता को मजबूरन मीलों दूर शहरों की ओर रुख करना पड़ता है, क्योंकि शिक्षा और स्वास्थ्य को किसी भी प्रकार से नजरंदाज नहीं किया जा सकता और हर अभिभावक चाहता है कि अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो, इस प्रकार आज ऐसे महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा एवं विश्लेषण करने का प्रयास कर रहे हैं।

महत्वपूर्ण विषय पर आम आदमी को भी कहीं न कहीं जागरूक होने और समस्याओं को लेकर एकजुटता का परिचय देना चाहिए, क्योंकि आए दिन ऐसे अनेक उदाहरण देखने एवं सुनने को मिलते हैं जहां पर निजी शिक्षण संस्थाओं और निजी स्वास्थ्य संस्थानों पर केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को कहीं न कहीं लगाम लगाने का प्रयास करना चाहिए, तो वहीं आम आदमी और गरीब व्यक्तियों को निजी संस्थानों में अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं लेना जैसे एक बड़ी चुनौती और समस्या बन चुकी है। इस प्रकार ऐसे गंभीर विषय पर सरकार को गंभीरता से विचार करने के साथ-साथ निजी शिक्षा और निजी स्वास्थ्य संस्थानों की नीतियों में संशोधन करने की परम् आवश्यकता है, इस प्रकार उम्मीद करते हैं कि हिमाचल सरकार इस गंभीर विषय पर जरूर कोई सकारात्मक कदम उठाएगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# माहूनाग का भव्य मनरेगा पार्क बना आस्था, प्रकृति और विकास का संगम

## पार्क के केंद्र में किया आकर्षक तालाब का निर्माण; बच्चों के लिए विशेष रूप से लगाए झूले और खेल सामग्री, पार्क पर खर्च हुए 7 लाख रुपए

**अनिल शर्मा, मंडी**

**करसोग** उपमंडल की प्रसिद्ध ग्राम पंचायत माहूनाग, जोकि अपने ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के लिए जानी जाती है, अब एक और नई पहचान के साथ उभर कर सामने आई है। यहां महाभारत कालीन वीर योद्धा कर्ण के रूप में पूजनीय देवता माहूनाग के पावन स्थल पर एक भव्य मनरेगा पार्क का निर्माण किया गया है, जो श्रद्धालुओं, पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए आकर्षण का नया केंद्र बनता जा रहा है।

इस सुंदर पार्क का निर्माण ग्राम पंचायत सवा माहू द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत किया गया है। इस परियोजना पर लगभग 7 लाख रुपए की लागत आई है। यह पर्क केवल एक साधारण मनोरंजन स्थल नहीं, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक, धार्मिक और प्राकृतिक धरोहर को संजोने और प्रदर्शित करने का एक सशक्त माध्यम बन गया है।

पार्क के केंद्र में एक आकर्षक तालाब का निर्माण किया गया है, जिसकी परिधि के चारों ओर सुंदर पौधे और हरियाली इसे एक मनमोहक रूप देती है। तालाब न केवल इसकी शोभा को बढ़ाता है, बल्कि इसका शांत जल वातावरण में एक आध्यात्मिक सुकून भी जोड़ता है। इसके चारों ओर बैठने के लिए आरामदायक बेंचें लगाई गई हैं, जिससे आगंतुक यहां घंटों बैठकर प्रकृति की गोद में समय व्यतीत कर सकते हैं। बच्चों के लिए विशेष रूप से झूले और खेल सामग्री लगाई गई है, जिससे यह स्थान पारिवारिक पिकनिक और सामुदायिक मेलजोल के लिए आदर्श बन गया है।

### सेल्फी प्वाइंट बना आकर्षण का केंद्र

**पार्क** में एक विशेष 'आई लव माहूनाग' सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है, जहां पर्यटक और श्रद्धालु अपनी इस यात्रा की यादों को कैमरे में कैद कर सकते हैं। यह प्वाइंट न केवल युवाओं के बीच लोकप्रिय हो रहा है, बल्कि सोशल मीडिया पर भी माहूनाग की सुंदरता को प्रचारित करने में मददगार साबित हो रहा है।




### पर्यटकों के लिए रमणीय स्थल बनकर उभरेगा

**यह** पार्क न केवल धार्मिक पर्यटकों को आकर्षित करेगा, बल्कि सामान्य सैलानियों के लिए भी एक रमणीय स्थल बन कर उभरेगा। यहां का शांत वातावरण, प्राकृतिक सौंदर्य, और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत यात्रियों को शहरों की भागदौड़ से दूर आत्मिक शांति प्रदान करेगी। साथ ही, स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प और पारंपरिक खानपान को बढ़ावा देने के लिए भी यह स्थल उपयुक्त बन सकता है।

प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की दिशा में जो प्रयास किए जा रहे हैं, यह पार्क उसी श्रृंखला की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। सरकार की यह पहल न केवल पर्यटन को बढ़ावा दे रही है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास, स्थानीय रोजगार सृजन और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण की दिशा में भी सराहनीय कदम है।

ग्राम पंचायत सवा माहू के प्रधान अम्मी चंद का कहना है कि यह स्थान देवता माहूनाग का प्राचीन और ऐतिहासिक स्थल है। यहां देश भर से श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं और यह स्थान आस्था व विश्वास का प्रतीक है। देवता माहूनाग के आशीर्वाद से यहां पर सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना पूर्ण होती है। ऐसे में इस स्थान पर सुविधाएं जुटाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार और स्थानीय पंचायत के सामूहिक प्रयासों से इस भव्य पार्क का निर्माण संभव हो पाया है। यह पार्क मनरेगा योजना की सफलता का सशक्त उदाहरण है और यह दिखाता है कि यदि योजनाओं को सही दिशा में कार्यान्वित किया जाए, तो गांवों की तस्वीर बदली जा सकती है।

यह प्रयास न केवल क्षेत्र की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराएगा। आने वाले समय में माहूनाग क्षेत्र पर्यटन मानचित्र पर एक विशिष्ट स्थान प्राप्त करेगा, जिसमें यह मनरेगा पार्क एक मजबूत आधारशिला सिद्ध होगा। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### गृह रक्षा प्रशिक्षण केंद्र में चलाया योग शिविर

**सुनील शर्मा, गोहर।** पूरे भारतवर्ष में 14 से 20 अप्रैल तक मुंबई में शहीद हुए अग्निशमन कर्मियों की याद में अग्निशमन सप्ताह मनाया जाता है। इसकी एक कड़ी में गृह रक्षा छठी वाहिनी प्रशिक्षण केन्द्र जासन में 17-04-2025 को योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें तीन स्थानीय स्कूलों से लगभग 250 विद्यार्थियों सहित स्कूल शिक्षक, गृह रक्षा विभाग के कर्मचारियों व अग्निशमन केंद्र गोहर स्थित जासन के कर्मचारियों ने भाग लिया। शिविर में योग गुरु प्रेम लता व भानुप्रिया ने योग के गुर सिखाये तथा विद्यार्थियों को नशामुक्ति सहित अच्छा स्वास्थ्य रखने की जानकारी दी। कार्यक्रम का आयोजन महा आदेशक गृह रक्षा सतवंत अटवाल त्रिवेदी व आदेशक गृह रक्षा छठी वाहिनी मंडी भूपेंद्र कवर के निर्देशानुसार किया गया, इसमें वाहिनी प्रशासनिक अधिकारी जितेंद्र शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा आयोजकों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के दौरान केंद्र कमांडर प्रमोद जम्वाल तथा क्षेत्रीय अग्निशमन अधिकारी दीवान चंद ने अग्निशमन, आपदा निवारण के लिए विद्यार्थियों को जागरूक किया।

### मंडी में 2.39 करोड़ में 4 और ठेके नीलाम

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला परिषद हॉल मंडी में आज हुई नीलामी प्रक्रिया के दौरान 4 अन्य शराब ठेकों की नीलामी की गई। इनमें मतयाना गलु, केलोधार, कैंची मोड (भांबला) और दुर्गापुर के ठेके शामिल हैं। यह चारों ठेके 2,39,39,008 रुपए में नीलाम हुए। मतियान गलु ठेका 27,99,262 रुपए में, केलोधार 84,88,080 रूपए, कैंची मोड भांबला 45,38,000 रुपए में तथा दुर्गापुर ठेका 81,13,666 रुपये में नीलाम किया गया। नीलामी प्रक्रिया अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार की अध्यक्षता में संपन्न की गई। इसमें राज्य कर एवं आबकारी संयुक्त आयुक्त मंडी जोन विवेक महाजन, उपायुक्त राज्य कर एवं आबकारी मंडी वरुण कटोच, सहायक उपायुक्त राज्य कर एवं आबकारी अनिल कुमार भी उपस्थित रहे।

### सरकाघाट में प्रशिक्षण शिविर 21 अप्रैल को

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** वनाधिकार कानून को लागू करने के लिए और कब्जे वाली भूमि अपने नाम करने के लिए प्रक्रिया शुरू होने के बाद हिमाचल किसान सभा और ज्ञान विज्ञान समिति 21 अप्रैल को बचत भवन सरकाघाट में हिमालय नीति अभियान के सहयोग से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। इसमें एफआरए कानून के प्रावधानों के तहत आवेदन करने बारे प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें हिमालय नीति अभियान के गुमान सिंह और संदीप मिन्हास बतौर स्रोत व्यक्ति भाग लेंगे। पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह और हिमाचल किसान सभा के खंड अध्यक्ष दिनेश काकू और रणताज राणा और ज्ञान विज्ञान समिति के ऋत्विक ठाकुर ने बताया कि गोपालपुर और धर्मपुर मंडलों में सैकड़ों किसानों को सरकारी वन भूमि पर से कब्जे हटाने के नोटिस जारी हुए हैं और इससे कहीं ज़्यादा नोटिस जारी होने वाले हैं, लेकिन वनाधिकार क़ानून 2006 के प्रावधानों के अनुसार बहुत से ऐसे कब्ज़े किसानों के नाम नियमित हो सकते है जो पिछली तीन पीढ़ियों से उनके पास हैं और जो कब्जे 2005 तक के हैं। इसलिए किसान सभा और ज्ञान विज्ञान समिति ने इसके बारे में जानकारी देने व आवेदन प्रक्रिया शुरू करवाने की शुरुआत की है जिससे यहां के सैकड़ों कब्जेदारों को जमीन के पट्टे मिल सकेंगे। इसलिए जो पंचायत प्रतिनिधि व किसान इसके बारे में जानकारी प्राप्त करने के इच्छुक हैं वे 21 अप्रैल को सुबह दस बजे बचत भवन बीडीओ ऑफिस सरकाघाट आ सकते हैं।

### यूरो किड्स के बच्चों ने जादू का उठाया आनंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** यूरो किड्स प्री स्कूल जेल रोड मंडी में आंध्रप्रदेश से आए जादूगर हजलै ने अपने जौहर से नन्हे मुन्ने बच्चों का मन मोह लिया। बच्चों ने इस प्रकार के जादू से खूब आनंदित हुए व हंस-हंसकर लोटपोट हो गए। इनका जादू बच्चों का मानसिक ,सामाजिक व रचनात्मक विकास के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगा। वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर जादूगर कई स्कूलों में जादू का प्रदर्शन कर चुके हैं। इन्हें कई सारे पुरस्कारों से पूरे भारतवर्ष में नवाजा भी गया है, बच्चों ने भी इनके जादू का बहुत आनंद उठाया। प्रधानाचार्य मीनाक्षी ठाकुर ने आए हुए जादूगर हजलै का तहदिल से धन्यवाद किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में भारतीय संस्कृति निधि मंडी चैप्टर के सह संयोजक अनिल शर्मा ने शिरकत की। अन्य गणमान्य लोगों में हरीश कुमार, स्कूल की डायरेक्टर विनय, प्रिंसिपल मीनाक्षी ठाकुर स्कूल टीचर हरलीन, संगीता, दिव्या, मनीषा, अनीता उपस्थिति रही।

### ध्यान शिविर के साथ नए ध्यान कक्ष का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, मंडी।** श्रीश्री परमहंस योगानंद ,योगी कथामृत, आडियो बायोग्राफी आफ ए योगी पुस्तक के लेखक द्वारा स्थापित ,योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया के सौजन्य से मंडी में एक दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। संस्था की ओर से आए स्वामी आलोक आनंद व ब्रहमचारी एकत्वानंद द्वारा मंडी नगर में एक नए ध्यान कक्ष का भी शुभारंभ किया गया। शिविर के दौरान स्वामी जी ने योगिक व्यायाम, प्राणायाम व ध्यान की विस्तार से जानकारी दी। स्वामी जी ने इंटरनेट, व्हाट्सएप, फेसबुक इत्यादि सोशल मीडिया के अध्याधिक दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि इस समस्या का समाधान योग में निहित है। भारत के विभिन्न भागों से आए भक्तों ने इस शिविर में भाग लिया। संस्था की मंडी इकाई ने नए ध्यान कक्ष का उपयोग करने के लिए सभी मंडी निवासियों से आग्रह किया है।

# सड़क पर गिरा पेड़, यातायात बाधित

## करसोग-शिमला सड़क पर देवीधार गांव के पास पेड़ गिरने से शिमला मार्ग अवरुद्ध

**लक्की, करसोग**

**तातापानी** पंचायत के प्रधान दिनेश वर्मा ने वीरवार सुबह 8 बजे जानकारी देते हुए बताया है कि करसोग से शिमला जाने वाली सड़क नजदीक देवीधार गांव में पेड़ गिरने से शिमला मार्ग अवरुद्ध हो गया है। इन्होंने बताया कि देर रात्रि यहां समुचे करसोग क्षेत्र में भारी बारिश व तूफान हुआ है और जगह-जगह पर पेड़ भी गिरे हुए हैं और सेब की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। फिलहाल सड़क को खोलने का कार्य शुरू किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### तूफान ने उजाड़ दिया बेलुधार के बोधराज का आशियाना



तूफान से सेब की फसलों को भी पहुंचा काफी नुकसान

**उपमंडल** करसोग से 40 किलोमीटर दूर शाहोट गांव में देर रात तेज हवा और तूफान ने एक घर की छत को उजाड़ दिया है। वहीं खबर की पुष्टि करते हुए तहसीलदार करसोग बरूण गुलाटी ने बताया कि इस दौरान कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। फिलहाल प्रशासन की तरफ से पीड़ित परिवार को तरपाल व अन्य राहत पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है ।

# अंधड़ से उड़ीं घरों की छतें खड़ी गाड़ी पर गिरा पेड़





**भीम बसेड़ू, महादेव**

**नाचन** विधानसभा क्षेत्र के एक बड़े भाग में अंधड़ के साथ आई बारिश से टीन की छतें उड़ गईं। वहीं बिजली और पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हुई। इसके साथ ही सुंदरनगर क्षेत्र के अंतर्गत बीबीएमबी कॉलोनी सलापड़ आदि में भी बारिश से जहां गर्मी की तपिश से राहत मिली, वहीं अंधड़ ने लाखों का नुकसान कर दिया। अचानक बिगड़े मौसम के कारण देर रात बारिश संग आए अंधड़ ने बड़ी तबाही मचाते हुए गिरे पेड़ ने खड़ी कार को अपनी चपेट में ले लिया। यह गाड़ी पावर विंग के एसडीओ की बताई जाती है व बीबीएमबी के ही सरकारी मकान पर भी पेड़ गिर गया। गनीमत यह रही कि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। जबकि बिजली विभाग उपमंडल कांगु की सप्लाई बिजली की तारें टूटने से ठप होकर रह गई है। (अनंत ज्ञान)

# रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी के विरोध में माकपा का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**केंद्र** सरकार द्वारा रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में की गई बढ़ोतरी के विरोध में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की जोगिंदर नगर लोकल कमेटी ने आज चौंतड़ा में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने खंड विकास अधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजकर गैस कीमतों में की गई वृद्धि को वापस लेने की मांग की।

प्रदर्शन में पार्टी कार्यकर्ता रविंदर कुमार, संजय जमवाल, भगत राम, नीलम वर्मा, बीना देवी, सपना देवी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ज्ञापन में कहा गया है कि रसोई गैस के दाम बढ़ाकर पहले से ही महंगाई की मार झेल रही आम जनता पर अतिरिक्त बोझ डाला गया है। सरकार की नीतियां लगातार आम आदमी की मुश्किलें बढ़ा रही हैं। बेरोजगारी चरम पर है, महंगाई ने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और जनता को मिलने वाली सुविधाओं में कटौती की जा रही है। दूसरी ओर बड़े कॉर्पोरेट घरानों को राहत दी जा रही है।

पार्टी की ओर से मांग की गई है कि रसोई गैस पर दी जाने वाली पुरानी सब्सिडी को तत्काल बहाल किया जाए, आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण लगाया जाए, किसानों को कर्जमुक्त किया जाए और स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुसार फसलों का लाभकारी मूल्य दिया जाए। इसके अलावा मनरेगा में प्रति व्यक्ति 200 दिन का रोजगार और 600 रुपए की दिहाड़ी सुनिश्चित करने, वन अधिकार कानून को पूरी तरह लागू करने तथा किसानों की 5 बीघा तक की जमीन नियमित करने की भी मांग की गई है।

### दामों में कटौती नहीं की तो करेंगे आंदोलन

**लोकल** कमेटी ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने रसोई गैस के दामों में कटौती नहीं की, तो आने वाले समय में गांव-गांव में आंदोलन खड़ा किया जाएगा।

# केलोधार से स्यांज सड़क को अत्याधुनिक एफडीआर तकनीक से स्तरोन्नत करने के लिए हुआ ट्रायल

**अनंत ज्ञान, करसोग**

करसोग ब्लॉक कांग्रेस करसोग कमेटी सदस्य महेश राज ने बताया कि आज हमारे विधानसभा के सेरी बंगलो में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-3 के अंतर्गत केलोधार से स्यांज सड़क को अत्याधुनिक एफडीआर तकनीक से स्तरोन्नत करने के लिए ट्रायल किया गया। जिसमे लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता सुरेश चंदेल तथा विभाग के अन्य कर्मचारियों सहित उपस्थित रहे हैं। जल्दी ही यह सड़क इस टेक्नोलॉजी से चकाचक होगी।

जल्द ही सड़क टेक्नोलॉजी से होगी चकाचक



# राज्यस्तरीय ग्रेपलिंग स्पर्धा में सावल स्कूल के छात्रों ने जीते 3 स्वर्ण और 1 रजत पदक

**अनंत ज्ञान, महादेव**

**राज्यस्तरीय** ग्रेपलिंग प्रतियोगिता का आयोजन प्रदेश एमेच्योर ग्रेपलिंग संघ द्वारा 11 से 12 अप्रैल को जिला बिलासपुर एमेच्योर ग्रेपलिंग संघ के सौजन्य से बरठीं में किया गया, जिसमें उपमंडल सुंदरनगर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सावल के 3 खिलाड़ियों, हिमेश कुमार स्वर्ण, साक्षी स्वर्ण, संजना स्वर्ण, व मेहुल चौहान ने रजत पदक जीत कर जिला मंडी व सावल स्कूल का नाम रोशन किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक जीतकर लौटने पर प्रधानाचार्य संजीव कुमार, टेक चन्द, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जितेंद्र चौहान, मनोहर लाल डीपी व समस्त स्टाफ व छात्र व छात्राओं द्वारा उन्हें बधाई दी तथा फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

गौरतलब है कि इस पाठशाला को एसडीएम सुन्दरनगर अमर नेगी द्वारा गोद लिया गया है। पाठशाला के चारों खिलाड़ी बच्चों का चयन आगामी राष्ट्रीय ग्रेप्पलिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है जिसका आयोजन भारतीय ग्रेपलिंग संघ अक्तूबर में करने जा रहा है। स्कूल प्रधानचार्य ने सभी विजेता खिलाड़ियो को स्कूल की तरफ से समानित किया। वहीं एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने स्कूल के सभी पदक विजेता खिलाड़ियों सहित उनके माता पिता एवं स्कूल के अध्यापकों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।



### स्कूल पहुंचने पर किया स्वागत, एसडीएम सुंदरनगर ने स्कूल को लिया है गोद

# नलसर में स्पीड ब्रेकर लगने से वाहनों की थमेगी रफ्तार, दुर्घटनाओं पर लगेगा अंकुश

**विनोद जसवाल, नेरचौक**

**बल्ह** उपमंडल के नलसर में दुर्घटना संभावित स्थान पर लोक निर्माण विभाग द्वारा स्पीड ब्रेकर लगाए गए। नलसर में स्पीड ब्रेकर लगने से वाहनों की रफ्तार थमेगी और सड़क दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा।

विदित रहे की व्यापार मंडल नलसर और स्थानीय पंचायत द्वारा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर स्पीड ब्रेकर लगाने का आग्रह किया था जिसे प्रशासन ने अति आवश्यक सुझाव मानते हुए इस पर त्वरित कार्रवाई अमल में लाई और लोक निर्माण विभाग द्वारा नलसर में स्पीड ब्रेकर लगाए गए। नलसर में स्पीड ब्रेकर लगाने पर व्यापार मंडल नलसर के प्रधान हरीश कुमार, महासचिव विनोद जसवाल, कोषाध्यक्ष कश्मीर सिंह, सलाहकार संजय पुरी आदि ने एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी सहित लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि कुछ दिन पूर्व एसडीम द्वारा सभी विभागों के साथ मिलकर संयुक्त दौरा किया था और यहां पर बसों के रुकने के स्थान तथा पार्किंग व स्पीड ब्रेकर लगने के निर्देश संवादिलहित विभाग को दिए थे। जिस पर करवाई करते हुए लोक निर्माण विभाग द्वारा स्पीड ब्रेकर लगाए गए। स्पीड ब्रेकर न होने के कारण नलसर क्षेत्र में आए दिन वाहनों की रफ्तार तेज होने पर दुर्घटनाएं होती रहती थी। विभाग द्वारा स्पीड ब्रेकर लगाए जाने से वाहनों की रफ्तार थमेगी और दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने वाहन चालकों से आह्वान भी किया है कि सघन आबादी वाले नलसर क्षेत्र में वाहनों की गति धीमी रखें और यातायात के नियमों का पालन करते हुए वाहनों को चलाएं।

व्यापार मंडल ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का जताया आभार

# अवैध लकड़ी कटान और डंपिंग की जांच करने आई टीम गुप्त तरीके से पहुंचाई बहरी: भूपेंद्र

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**धर्मपुर** में हुए लकड़ी के अवैध कटान और डंपिंग की जांच पिछले कल से पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की टीम ने विधायक के गांव बहरी में शुरू कर दी है।

पूर्व जिला पार्षद एवं माकपा नेता भूपेंद्र सिंह ने कहा कि स्थानीय वन विभाग के अधिकारियों ने जांच दल को बहुत ही गुप्त तरीके व मुख्य सड़क के बजाए वैकल्पिक सड़क से बहरी लाया, ताकि एनएच निर्माण कार्य से वन भूमि पर वनसरंक्षण कानून के विपरीत निर्माण कंपनियों द्वारा वन भूमि, खड्डों, नालों में की जा रही अवैध डंपिंग पर पर्दा पड़ा रहे। जांच टीम को कोठीपुल से सिद्धपुर से सीधा अवैध रूप में बहरी रिन्यूअल एनर्जी कंपनी द्वारा डंप की गई लकड़ी वाले स्थल बहरी लाया गया। वन विभाग के अधिकारी जांच दल को वन भूमि, खड्डों, नालों में धर्मपुर के चारों ओर हो रही अवैध डंपिंग पर पर्दा डालना चाहते हैं।

पूर्व जिला पार्षद एवं माकपा नेता भूपेंद्र सिंह ने कहा कि उन्होंने इस बारे में आरटीआई से सूचना एकत्रित की है और उसमें सीधे तौर पर वन विभाग के स्थानीय कर्मचारी दोषी हैं जिन्होंने इस लकड़ी को बहरी लाने में पूरा सहयोग किया है और विधायक और उनकी पत्नी द्वारा लीज के लिए ली गई भूमि पर बिना किसी अनुमति के डंप करवाया है। निजी भूमि पर से काटी गई लकड़ी ऐसी प्रजाति की है जो प्रतिबंधित किस्म की है और उसमें से अधिकांश लकड़ी 21 व 22 दिसंबर को वहां से उठा कर इधर-उधर कर दी गई थी और विभाग तमाशबीन बना हुआ था लेकिन फिर भी कुछ प्रतिबंधित किस्म की लकड़ी पाई गई है। बाद में कब्जे में ले ली गई थी।

उन्होंने जांच दल से इस अवैध कटान व डंपिंग के बारे निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ जांच करने के लिए शिकायतकर्ता व अन्य सबंधित व्यक्तियों के साथ भी चर्चा करने की मांग उठाई ताकि सच्चाई सामने आ सके।

### कहा, वन भूमि, खड्डों में हो रही अवैध डंपिंग पर वन विभाग के अधिकारी डालना चाहते हैं पर्दा

**खेलकूद** जिला स्तरीय किसान मेले पधर में किया जा रहा विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन

# कबड्डी स्पर्धा के पहले मैच में जीती विवेक अकादमी की टीम

**कविता, पधर**

**जिला** स्तरीय किसान मेला, पधर के उपलक्ष्य में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। पुरुषों की कबड्डी ओपन प्रतियोगिता के पहले मैच में विवेक अकादमी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की, जबकि सेवन ब्रदर की टीम उपविजेता रही।

इसमें कुल छह टीमों ने भाग लिया, जिन्होंने खेल भावना और संघर्षशीलता का परिचय दिया। इसी तरह वॉलीबाल ओपन प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में सीएम कोटली की टीम ने बेहतरीन समन्वय और तकनीकी कौशल के दम पर जीत हासिल की। सीनियर सेकेंडरी स्कूल पधर की टीम ने कड़ा मुकाबला करते हुए उपविजेता स्थान प्राप्त किया। वॉलीबाल प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त बैडमिंटन ओपन प्रतियोगिता में अंशुल और पुरुषार्थ के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबले में अंशुल विजेता बने। बैडमिंटन स्पर्धा में कुल 12 टीमें अपना कौशल दिखा रही हैं।

मेला कमेटी अध्यक्ष एवं एसडीएम पधर सुरजीत ने कहा कि जिलास्तरीय किसान मेला ना केवल कृषि क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि युवाओं को खेल के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाने का एक शानदार मंच भी प्रदान कर रहा है। आयोजन समिति द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना हो रही है। (अनंत ज्ञान)



### वॉलीबाल मुकाबले में सीएम कोटली की टीम ने दर्ज की जीत

# मोदी को है राहुल गांधी का भय : अग्निहोत्री

## कहा-केंद्र कर रहा सत्ता का दुरुपयोग, राहुल और सोनिया गांधी पर ईडी की कार्रवाई राजनीति से प्रेरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि देश में मोदी सरकार अराजकता का माहौल बनाना चाहती है, जिस केस का कोई औचित्य नहीं है, उस मामले में कांग्रेस के बड़े नेताओं को टारगेट किया जा रहा है। ईडी के नाम पर डराने का प्रयास किया जा रहा है।

राहुल गांधी डरने वालों में नहीं हैं और अब केंद्र ने जो कृत्य किया है इससे भाजपा का सत्ता से जाना तय है। मुकेश अग्निहोत्री वीरवार को ऊना में केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस के विरोध-प्रदर्शन कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी केवल राहुल गांधी से डरते हैं। कांग्रेस के इस निडर नेता के भय के चलते अब मोदी सत्ता का दुरुपयोग करने लगे हैं। राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष एवं राज्य सभा सांसद सोनिया गांधी और केंद्रीय सीएलपी लीडर एवं केंद्रीय कांग्रेस नेता राहुल गांधी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा नोटिस राजनीति की द्वेष भावना से प्रेरित है। राहुल गांधी आज देश की आम जनता की आवाज बन चुके हैं। वे खुलकर सत्ता की नीतियों और उनके फैसलों के खिलाफ सवाल उठाते हैं। उनके बेबाक बोल, जनता से



ऊना में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी कार्यकर्ता।

जुड़ी समस्याओं को लेकर संसद और सड़कों पर उनका संघर्ष और युवाओं में उनकी लोकप्रियता से मोदी सरकार असहज हो उठी है।

यही कारण है कि उनके खिलाफ लगातार जांच एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा है। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि भारतीय राजनीति बार-बार उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार राहुल गांधी से डरती है क्योंकि राहुल गांधी सत्ता के विरुद्ध बोलने वाले उन चुनिंदा नेताओं में से हैं, जिनके पास जमीनी जनाधार और जनसमर्थन है। विवेक शर्मा ने कहा कि यह पहली बार नहीं है, जब किसी विपक्षी नेता के खिलाफ जांच एजेंसियों का इस्तेमाल किया गया हो। बीते कुछ वर्षों में जिस तरह से केंद्रीय एजेंसियों जैसे ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स विभाग को विपक्षी नेताओं के खिलाफ सक्रिय किया गया है, उससे यह संदेश जा रहा है कि सरकार आलोचना और असहमति को दबाने की नीति अपना रही है। विधायक ने इस पूरे प्रकरण को लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी बताया। विधायक राकेश कालिया ने कहा कि यदि लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज को दबाया जाने लगे और जांच एजेंसियों का इस्तेमाल बदले की राजनीति के लिए किया जाए, तो यह न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन है, बल्कि देश की संस्थाओं की निष्पक्षता पर भी सवालिया निशान है। विधायक सुदर्शन बबलू ने कहा कि मोदी सरकार का यह रवैया दर्शाता है कि वह जनता की समस्याओं पर ध्यान देने के बजाय अपने राजनीतिक विरोधियों को कमजोर करने में ज्यादा रुचि रखती है। रोजगार, महंगाई, किसानों की समस्या और शिक्षा जैसे अहम मुद्दे पीछे छूट गए हैं और राजनीतिक प्रतिशोध का दौर चल रहा है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी लगातार जनता के मुद्दों को उठाने की कोशिश कर रही है। भारत जोड़ो यात्रा और देशभर में विभिन्न जनसंवाद अभियानों के जरिए उन्होंने जनआक्रोश को स्वर दिया है। यही वजह है कि सरकार उन्हें रोकना चाहती है। अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप ने कहा कि राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर मोदी सरकार उन्हें कानूनी पचड़ों में फंसा रही है। इस तरह की कार्रवाइयों से लोकतंत्र कमजोर होता है और सरकार की साख पर भी असर पड़ता है। उन्होंने देश की जनता से अपील की है कि वे सच और लोकतंत्र के पक्ष में खड़े हों। यह समय चुप रहने का नहीं, बल्कि एकजुट होकर संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा और विपक्ष की स्वतंत्र आवाज की रक्षा करने का है। पूर्व विधायक सतपाल रायजादा ने कहा कि अंततः यह स्पष्ट होता जा रहा है कि अगर देश में असहमति की आवाजों को कुचलने की कोशिशें इसी तरह जारी रहीं, तो यह न सिर्फ राजनीतिक असंतुलन को बढ़ाएगा, बल्कि लोकतंत्र की जड़ों को भी कमजोर कर देगा। विपक्ष की भूमिका को सम्मान देना और जांच एजेंसियों की निष्पक्षता बनाए रखना, किसी भी लोकतंत्र की बुनियादी शर्त है।

## दो दुकानों के टूटे ताले, तीस हजार की नकदी उड़ा ले गए चोर

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

गगरेट कस्बे में बुधवार रात्रि आए तेज अंधड़ तूफान ने जहां जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। वहीं, ऊना रोड पर स्थित दो दुकानों के चोर ताले तोड़ गए। हैरानी की बात है कि कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के समीप गिरे आम के पेड़ के चलते देर रात तक पुलिस व स्थानीय लोग खड़े रहे, लेकिन इसकी कुछ दूरी पर ही चोर कैसे ताला तोड़ गए। यह हर किसी की समझ से परे है। कश्यप किराना स्टोर के मालिक का दावा है कि उनकी दुकान से अज्ञात चोर तीस हजार रुपए की नकदी उड़ा ले गए हैं। तूफान के चलते गगरेट कस्बे में भी कई जगह पेड़ गिरने व बिजली की तारें टूटने से जन-जीवन अस्त व्यस्त हो गया। रात करीब बारह बजे तक ऊना रोड पर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह तोतू व पुलिस का रात्रि गश्त करने वाला दल खड़ा रहा, लेकिन इसी रोड पर अज्ञात चोर कब और कैसे दो दुकानों के ताले तोड़ गए किसी को कुछ पता नहीं है। हालांकि, कश्यप किराना स्टोर के मालिक का दावा है कि वीरवार सुबह जब दुकान पर आए, तो ताले टूटे थे। अंदर उन्होंने एक दानपात्र लगाया है। चोर उस दानपात्र पर हाथ साफ कर गए। बताया जा रहा है कि एक सैलून के भी ताले टूटे पाए गए हैं। गगरेट पुलिस इस मामले की पूरी जांच कर रही है।

## अमरीश और साथियों के घरों पर पुलिस की रेड, घरों में नहीं मिले

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

विकास खंड गगरेट के गुगलैहड़ गांव में स्थित ठाकुर स्टोन क्रशर के कर्मचारियों के साथ हुए विवाद के बाद एक बार फिर सुर्खियों में आए अमरीश राणा व उसके साथियों पर शिकंजा कसने के लिए वीरवार सुबह करीब साढ़े चार बजे पुलिस ने इनके घरों में दबिश दी।

इस ऑपरेशन को गगरेट व हरोली पुलिस की संयुक्त टीम ने अंजाम दिया। हालांकि, जिस समय दबिश दी उस समय न तो अमरीश राणा अपने घर पर था और न ही उसका कोई साथी घर पर

अनंत ज्ञान फॉलोअप

पाया गया। बताया जा रहा है कि इस रेड में पुलिस के हाथ खाली ही रहे हैं। स्टोन क्रशर के कर्मचारियों के साथ हुए विवाद व क्रशर उद्योग की मशीनरी में कोई पदार्थ डालने के मामले में अमरीश राणा का नाम सीधा जुड़ जाने के चलते यह मामला हाई प्रोफाइल हो गया। सूत्रों की मानें, तो सरकार भी इस मामले में गंभीर है। यही वजह है कि इस मामले में पुलिस ने एक्शन लेते हुए पहले ठाकुर स्टोन क्रशर के मालिकों से शिकायत-पत्र लेते ही अमरीश राणा व उसके साथियों पर मामला दर्ज किया, बल्कि पूरे गुप्त तरीके से वीरवार सुबह अमरीश राणा व उसके साथियों के घर रेड भी कर डाली। किसी को कानोंकान खबर तक नहीं थी कि पुलिस यह कार्रवाई भी करने जा रही है। बताया जा रहा है कि इस ऑपरेशन को गुप्त रखा गया था और जिले के आला पुलिस अधिकारी इस ऑपरेशन पर पूरी नजर बनाए हुए थे। रेड के दौरान अमरीश राणा भी घर पर नहीं था और न ही उसके साथी घर पर मिले। पुलिस ने इनके घरों में पूरी सर्च की, लेकिन इस दौरान कोई आपत्तिजनक सामग्री वहां से नहीं मिली। उधर, ठाकुर स्टोन क्रशर के कर्मचारियों के साथ हुए विवाद में भी पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गगरेट पुलिस ने कोई पदार्थ डालकर खराब किए गए वाहनों का मैकेनिकल मुआयना करवाने के लिए जल शक्ति विभाग के गगरेट स्थित मैकेनिकल विंग को लिखा है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वाहनों के इंजन में क्या पदार्थ डाला गया है। उधर, एएसपी संजीव भाटिया का कहना है कि वीरवार सुबह अमरीश राणा व उसके साथियों के घरों पर रेड डाली गई थी, लेकिन किसी भी स्थान से कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली है।

## न्यूज ब्रीफ

### अनूप रतन ने माता चिंतपूर्णी में टेका माथा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश सरकार के एडवोकेट जनरल अनूप रतन ने वीरवार को माता चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी लगवाई। इस अवसर पर चिंतपूर्णी मंदिर के पुजारी राजेश कालिया ने वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर पूजा-अर्चना करवाई। अनूप रतन ने मां के दरबार में हाजिरी लगाने के बाद मंदिर में स्थित पावन हवन कुंड में आहुतियां डालीं और सुख-समृद्धि की कामना की। इस मौके पर कार्यवाहक मंदिर अधिकारी अरुण संख्यान ने माता की चुनरी और फोटो भेंट स्वरूप दी।

### बीबीए के छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण



**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय ऊना के बीबीए विभाग द्वारा विद्यार्थियों का एकदिवसीय औद्योगिक भ्रमण कराया गया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मीता शर्मा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर अपनी शुभकामनाएं देते हुए बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विद्यार्थियों ने फ्लैर के औद्योगिक क्षेत्र में मिसेज वेक्टर फूड सप्लाइज की उत्पादन प्रक्रिया को जाना और उक्त प्लांट में कार्यरत श्रमिकों से उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति के बारे में आंकड़े एकत्रित किए। प्लांट प्रबंधक शिवाशी ने विद्यार्थियों को अपने उद्योग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्लांट भ्रमण के दौरान उत्पादन प्रक्रिया के बारे में दीक्षा राणा और विकास कुमार ने विस्तार से विद्यार्थियों को बताया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को औद्योगिक क्षेत्र में उत्पादन संबंधी प्रक्रिया के बारे में अवगत करवाना था तथा कार्यरत मजदूरों के सामाजिक और आर्थिक स्थिति का पता लगाकर आंकड़े इकट्ठा करना था।

### 12 अग्निवीर युवाओं को राघव ने नवाजा

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** आज के इस दौर में जहां युवा पीढ़ी नशे के अंधर में फंसकर अपने हाथों अपना भविष्य बर्बाद कर रही है। वहीं, कुछ ऐसे भी हैं, जो युवाओं को सही राह पर लाकर उनका भविष्य संवारने में लगे हैं। शाम एथलेटिक्स अकादमी अंब के शाम ठाकुर ने युवाओं में देशभक्ति का ऐसा जज्बा पैदा किया कि अंब क्षेत्र के बारह युवा अग्निवीर बनने में सफल हुए हैं, बल्कि दो युवाओं का चयन टेरीटोरियल आर्मी के लिए हुआ है। छोटी उम्र में ही देश सेवा के लिए जा रहे इन युवाओं के परिजन भी फूले नहीं समा रहे हैं। वीरवार को युवा कांग्रेस के प्रांतीय महासचिव राघव ठाकुर ने अग्निवीर बने इन युवाओं को सम्मानित किया। शाम ठाकुर बताते हैं कि युवाओं में तेजी से फैल रही नशा सेवन की प्रवृत्ति उन्हें आहत कर रही थी और इस सामाजिक बुराई से युवाओं को कैसे दूर किया जाए, यह सोच उनके दिमाग में चल रही थी। इसी के चलते उन्होंने अकादमी का शुभारंभ किया और युवाओं को शारीरिक मेहनत कर देशसेवा के लिए प्रेरित किया। जल्द ही इलाके के कई युवा उनके पास आने लगे, जिन्हें शारीरिक प्रशिक्षण देने के साथ टेस्ट की तैयारी भी शुरू करवाई गई। इसके आशातीत परिणाम भी देखने को मिलने लगे, अब अकादमी के बारह युवा अग्निवीर बने हैं, तो दो युवा टेरीटोरियल आर्मी का हिस्सा बने हैं।

## नवजात शिशु मामला : स्कूल, कॉलेज और आंगनबाड़ी केंद्रों में जांच शुरू

### शिक्षण संस्थानों और गर्भवतियों से की पूछताछ

**अनंत ज्ञान, ऊना**

बंगाणा के समीप एक तालाब में तीन दिन पूर्व मिले नवजात शिशु के शव की घटना पर अभी रहस्य बरकरार है। हालांकि, पुलिस ने जांच को आगे बढ़ाया है।

वीरवार को पुलिस ने गांव के स्कूल, कॉलेज और आंगनबाड़ी केंद्रों में जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम ने संदेह के आधार पर शिक्षण संस्थानों में कार्यरत महिला कर्मचारियों, छात्राओं और गर्भवती महिलाओं से पूछताछ की। ग्रामवासियों के अनुसार यह घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है और जल्द दोषियों की पहचान कर उन्हें सजा दी जानी चाहिए। थाना प्रभारी रोहित कुमार ने बताया कि जांच का दायरा बढ़ा दिया है। गांव में सभी संभावित स्रोतों से जानकारी इकट्ठा की जा रही है। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। वहीं, टांडा मेडिकल कॉलेज से पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले से जुड़ी वास्तविक तस्वीर सामने आएगी कि नवजात शिशु की हत्या कर फेंका गया है या फिर कितने समय पहले नवजात ने जन्म लिया है। पंचायत के उपप्रधान रमन कुमार ने लोगों से आग्रह किया कि यदि किसी को भी इस विषय में कोई जानकारी हो तो वे तुरंत पुलिस या ग्राम पंचायत को सूचित करें। उन्होंने कहा कि ऐसी अमानवीय घटनाओं को रोकने के लिए समाज को भी संवेदनशील होना होगा।

## बेहड़-जसवां पंचायत में तूफान से उड़ीं घरों की छतें

**अनंत ज्ञान ऊना/ बड़ूही**

बीती रात तूफान के कारण जिले में लाखों का नुकसान हुआ है। कई जगह बिजली के खंभे टूट गए और कई जगह पेड़ सड़कों पर आ गिरे। लोगों को कटी हुई फसल भी तबाह हुई है।

जिले के बड़ूही क्षेत्र में आई तेज आंधी और तूफान ने जमकर कहर बरपाया। खासकर बेहड़ जसवां पंचायत के लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। तेज हवाओं के कारण कई घरों की छतें उड़ गईं, जिससे लोगों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासियों के अनुसार, रात के समय अचानक आई तेज हवाओं और बारिश ने सबको चौंका दिया। कई घरों की टीन की छतें तूफान उड़ाकर ले गया, जिससे घरों के अंदर रखा सामान भी भीग गया। कुछ मकानों की दीवारों में भी दरारें आ गई हैं। अंब क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर लगे सोलर प्लांट भी पूरी तरह तहस-नहस हो गए हैं। सोलर प्लांट मालिकों ने कहा कि हमारा लाखों रुपए का नुकसान हो गया है। बड़ूही बाजार में बिजली का खंभा टूट कर गिर गया, जिससे पूरे क्षेत्र में बिजली और पानी की आपूर्ति बाधित हो गई। गनीमत यह रही की उस समय कोई वाहन और राहगीर नहीं गुजर रहा था। बड़ी दुर्घटना भी हो सकती थी। बिजली बोर्ड की टीमें मौके पर पहुंच चुकी हैं, बिजली विभाग के जेई दिनेश का कहना है कि बहाली में समय लग सकता है। शाम तक बिजली बहाल कर दी जाएगी। इससे तूफान से सबसे अधिक परेशान किसान दिखे, जिनकी मेहनत पर एक झटके में पानी फिर गया।



### गेहूं की फसलें तेज हवाओं में उड़ गईं

**खेतों** में काट कर रखी गेहूं की फसलें तेज हवाओं में उड़ गईं। किसानों ने बताया कि उन्होंने अपनी पूरी मेहनत से फसल काटकर एकत्र की थी, लेकिन तूफान ने सब कुछ नष्ट कर दिया। कुछ किसानों की गेहूं की फसल भारी तूफान से गिर गई। टकारला, चूरूड़, बहेड़ी, दलेर, चक, कुठयाड़ी, बड़ूही क्षेत्र के किसानों की गेहूं की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। इससे क्षेत्र में चिंता और आक्रोश का माहौल है। बड़ूही क्षेत्र में आया यह तूफान न केवल जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर गया, बल्कि लोगों की आजीविका पर भी गहरा असर डाल गया। अंब तहसीलदार प्रेम धीमान का कहना है कि हमने फील्ड स्टॉफ को तूफान से हुए नुकसान की जानकारी लेने को भेज दिया है। नुकसान का आकलन कर किसानों व अन्य प्रभावितों को उचित सहायता प्रदान की जाएगी।

## बंगाणा में 20 को न्यूरोथैरेपी फ्री चिकित्सा कैंप

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** मानव कल्याण समिति बंगाणा के सहयोग से एकदिवसीय न्यूरोथैरेपी फ्री चिकित्सा कैंप का आयोजन आगामी रविवार, 20 अप्रैल को आर्य पब्लिक स्कूल, बंगाणा में किया जा रहा है। यह कैंप लाजपत राय मेहरा न्यूरोथैरेपी रिसर्च ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित किया जाएगा। कैंप का आयोजन सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक होगा। इस विशेष चिकित्सा शिविर में घुटनों का दर्द, गर्दन दर्द और कमर दर्द जैसी समस्याओं का बिना दवा के इलाज किया जाएगा। यह शिविर आम जनता के लिए निशुल्क रहेगा। मानव कल्याण समिति के उपाध्यक्ष ज्योति शर्मा ने स्थानीय निवासियों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और बिना किसी खर्च के अपने पुराने शारीरिक दर्द से राहत पाएं।

## धलवाड़ी के बच्चों को यूनाइटेड किंगडम से मिला उपहार



**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

यूनाइटेड किंगडम निवासी समाजसेवी मैडम मधु वढेरा एवं अशोक वढेरा ने राजकीय उच्च पाठशाला धलवाड़ी एवं राजकीय प्राथमिक पाठशाला धलवाड़ी के लगभग 100 विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता के छाते एवं पानी की बोतलें वितरित कीं।

इस पुनीत कार्य से बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई और स्कूल परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। वढेरा दंपती पहले भी स्कूल के लिए कई बार सहयोग प्रदान कर चुके हैं। उन्होंने पूर्व में विद्यार्थियों को स्टेशनरी, जूते, जुराबें, दरियां एवं अन्य आवश्यक सामग्री भी भेंट की है।

उनका यह सतत प्रयास न केवल बच्चों को भौतिक सहायता प्रदान करता है, बल्कि शिक्षा के प्रति उनका उत्साह भी बढ़ाता है। इस अवसर पर स्कूल प्रभारी मैडम रजनी सरोच ने वढेरा दंपती की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे समाजसेवी व्यक्तित्व हमारे बच्चों के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने बच्चों की भलाई के लिए किए जा रहे कार्यों को सराहनीय बताया। पाठशाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विकास भारद्वाज ने भी वढेरा दंपती का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके इस योगदान से न केवल बच्चों को सुविधा मिलती है, बल्कि समाज के अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है कि वे शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग करें। यह योगदान समाज के लिए एक उदाहरण है कि विदेश में रहकर भी कोई अपनी संस्कृति से भावनात्मक रूप से जुड़ा रह सकता है और उसकी सेवा कर सकता है।

## 20 अप्रैल से शुरू होंगे 12 क्लस्टरों में कार्य : डॉ . दविंद्र

**अनंत ज्ञान, लठियानी**

क्षेत्रीय सिंचाई एवं कृषि विकास की दिशा में महत्वपूर्ण माने जा रहे बंगाणा शिवा प्रोजेक्ट के कार्यों को लेकर अब तेजी आने वाली है। परियोजना निदेशक डॉ. दविंद्र ठाकुर ने प्रोजेक्ट के तहत चल रही गतिविधियों की गहन समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए।

उन्होंने कहा कि बंगाणा क्षेत्र के बारह क्लस्टरों में कार्य 20 अप्रैल से प्रारंभ किए जाएंगे और 25 जून तक पौधरोपण (प्लांटेशन) की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी। बैठक में जल प्रबंधन, निर्माण गतिविधियों, पौधरोपण योजनाओं और किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। डॉ. ठाकुर ने अधिकारियों से कहा कि, परियोजना को निर्धारित समय सीमा में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभागीय टीमें फील्ड में सक्रिय रहें और नियमित निरीक्षण के साथ कार्यों की प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा, शिवा प्रोजेक्ट केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि यह किसानों के सपनों और भविष्य से जुड़ा है। इस परियोजना के माध्यम से सिंचाई सुविधाएं मजबूत होंगी। प्रोजेक्ट से जुड़े इंजीनियर, तकनीकी विशेषज्ञ, वन एवं कृषि विभाग के अधिकारी और अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने परियोजना को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। शिवा प्रोजेक्ट के अंतर्गत होने वाले कार्यों से स्थानीय युवाओं को भी रोजगार के अवसर मिलेंगे और क्षेत्र के कृषि परिदृश्य में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा।

## बच्चों को फास्ट फूड से परहेज रखने की दी सलाह



**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

बाल विकास परियोजना अधिकारी धुंदला बंगाणा के मोमन्यार पंचायत आंगनबाड़ी केंद्र खुरवाई में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कुपोषण के खिलाफ आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्र के पोषक क्षेत्र की गर्भवती महिलाएं उपस्थित हुईं। इस मौके पर गर्भवती महिलाओं को दुल्हन की तरह सजाया गया। इस शिविर में स्थानीय ग्राम पंचायत प्रधान अंजना कुमारी, पंचायत सदस्य सुमन देवी, विजय कुमारी, पर्यवेक्षक सुनीता देवी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं एवं स्थानीय लाभार्थी उपस्थित रहे। इस शिविर में महिलाओं को पोषण के बारे में महत्वपूर्ण वितरण जानकारी दी गई। पर्यवेक्षक सुनीता देवी द्वारा पोषण पखवाड़े के बारे में बताया कि पोषण पखवाड़ा 8 से 22 अप्रैल तक मनाया जा रहा है। सुनीता ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को संतुलित आहार के बारे में जानकारी दी और साथ में कुपोषण के बारे में भी बताया। प्रतिदिन हरी पत्तेदार सब्जियां, अंकुरित दालें, दूध, दूध से बने खाद्य पदार्थों का प्रतिदिन सेवन करने बारे जागरूक किया गया। उन्होंने बच्चों एवं महिलाओं को फास्ट फूड से परहेज रखने की सलाह दी। इस कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों की देखभाल को लेकर जानकारी दी गई।

## अभियान

## आगजनी की घटनाओं पर टैक्सी स्टैंड में किया जागरूक

# हल्के में न लें आगजनी की घटनाओं को : राणा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

बंगाणा अग्निशमन केंद्र द्वारा फायर सीजन सप्ताह के अंतर्गत वीरवार को एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। यह सप्ताह 14 से 20 अप्रैल तक मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य लोगों को आगजनी की घटनाओं से बचाव और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। इस अभियान का आयोजन बंगाणा टैक्सी स्टैंड पर किया गया। इसमें अग्निशमन केंद्र के फायर ऑफिसर मदन लाल राणा एवं उनके कर्मचारियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में फायर ऑफिसर मदन लाल राणा ने लोगों को आग की घटनाओं के कारण, उनके प्रभाव और उससे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में विशेष रूप से मार्च से जून तक आगजनी की घटनाएं अधिक होती हैं क्योंकि इस समय वातावरण शुष्क होता है और थोड़ी सी लापरवाही भी बड़े हादसे को जन्म दे सकती है। खेतों में सूखे पत्ते, जंगलों में सूखी घास और बिजली की गड़बड़ी जैसे कारणों से आग लगने की संभावना बढ़ जाती है। फायर ऑफिसर मदन राणा ने उपस्थित



जनसमूह को आग लगने की स्थिति में प्राथमिक कदमों के बारे में बताया जैसे कि आग लगते ही तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना देना, खुद से आग बुझाने की कोशिश करते समय सावधानी बरतना और लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाना। उन्होंने बताया कि अगर हर व्यक्ति थोड़ी सी सतर्कता और जागरूकता बरते, तो बड़े नुकसान से बचा जा सकता है। इस जागरूकता कार्यक्रम के दौरान अग्निशमन कर्मचारियों ने लोगों को आग बुझाने की विभिन्न तकनीकों का प्रदर्शन भी किया। इसके अंतर्गत फायर एक्सटिंग्विशर का प्रयोग, पानी की बौछार से आग बुझाना और घरेलू गैस सिलेंडर से संबंधित सावधानियों पर व्यावहारिक जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इन डेमो को बड़े ध्यान से देखा और कई लोगों ने फायर एक्सटिंग्विशर को प्रयोग करने का अभ्यास भी किया। इस अवसर पर स्थानीय दुकानदारों, टैक्सी चालकों और राहगीरों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया और कार्यक्रम की सराहना की। लोगों ने बताया कि ऐसे जागरूकता अभियान समय-समय पर होते रहना चाहिए, ताकि आमजन तक सही जानकारी पहुंच सके और किसी भी आपातकालीन स्थिति में घबराए बिना सही निर्णय लिया जा सके। कार्यक्रम के अंत में फायर ऑफिसर राणा ने लोगों से अपील की कि वे आगजनी की घटनाओं को हल्के में न लें।

## गुरनाम भुल्लर व करनैल राणा शिवबाड़ी मेले की स्टार नाइट में मचाएंगे धमाल

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

जिला ऊना के सुप्रसिद्ध शिवबाड़ी मेले में पहली बार आयोजित हो रही स्टार नाइट के मुख्य आकर्षण पंजाबी गायक गुरनाम भुल्लर व पहाड़ी लोक गायक करनैल राणा होंगे। मेला प्रशासन 26 से 27 अप्रैल को होने वाले इस मेले को यादगार बनाने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गया है।

स्टार नाइट में गुरनाम भुल्लर, करनैल राणा के साथ इंडियन आइडल फेम कुमार साहिल व हिमाचल का स्पार्किंग पिरदीस बैंड भी लोगों को दीवाना बनाने के लिए आ रहा है। मेले के दूसरे दिन का मुख्य आकर्षण जंगम द्वारा दी जाने वाली प्रस्तुति शिव विवाह व स्थानीय बच्चों के कार्यक्रम होंगे। जिला ऊना का सबसे पुराना मेला होने के बावजूद शिवबाड़ी मेले को वह पहचान नहीं मिल सकी, जो इसे मिलनी चाहिए थी। हालांकि, द्रोण महादेव शिव मंदिर का अधिग्रहण होने के बाद जब से मेले का प्रबंधन प्रशासन के हाथ में आया है, तब से इसे नए आयाम पर पहुंचाने के प्रयास लगातार जारी हैं। प्रदेश में जिन मेलों व महोत्सवों को मान्यता मिल चुकी है, वहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होने के साथ स्टार नाइट का भी आयोजन किया जाता है, लेकिन यह पहली बार है कि शिवबाड़ी मेले में भी स्टार नाइट का आयोजन होगा। पिछले साल पहली बार एसडीएम सौमिल गौतम के प्रयासों से इस मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करने की पहल हुई थी, जिसे लोगों ने काफी सराहा था। इस बार एसडीएम ने इस मेले को भी प्रदेश के अन्य मेलों की श्रेणी में खड़ा करने के लिए यहां स्टार नाइट के आयोजन के लिए कड़ी मेहनत की है।

### 21 व 22 को घनारी में होंगे ऑडिशन

शिवबाड़ी मेले में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने के लिए स्थानीय कलाकारों के लिए सुनहरी अवसर है। मेले में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों को मंच उपलब्ध करवाने के लिए, प्रशासन ने पारदर्शी तरीका अपनाया है। इसके लिए कोई भी स्कूल या प्रतिभागी 21 व 22 अप्रैल को तहसील कार्यालय घनारी में दोपहर दो से ऑडिशन दे सकता है।

## क्षेत्रों में कबड्डी प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** हरोली विधानसभा गांव क्षेत्रों में दो दिवसीय शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स क्लब द्वारा कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया। वीरवार को पंचायत प्रधान विकास राणा ने मुख्यातिथि के रूप में प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए हम सभी खिलाड़ियों की सहायता करते हैं व नशे से दूर रहने की अपील करते हैं। कबड्डी के 48 किलो से 60 किलो और ओपन मैच होंगे। 48 किलो मैच की विजेता टीम को 15 हजार, दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 11 हजार और 60 किलो कबड्डी विजेता टीम विजेता को 21 हजार और दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 15 हजार दिए जाएंगे। ओपन कबड्डी टीम विजेता को 51 हजार और दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 41 हजार की राशि से सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर गांव वासी व क्लब के मेंबर टोनी, लक्की, ऋषभ, रमन, सुनील, हैप्पी, अजय राणा, पम्मा, सुखबीर सिंह, सुनील कुमार, रमन राणा, नीरज राणा, अजय राणा उपस्थित थे।

# कुल्लू जिले में देर रात आए तूफान ने मचाई भारी तबाही

## कई मकानों की छतें उड़ीं; एनएच 305 अवरुद्ध, कई पेड़ गिरे, सैंज, आनी व बंजार में हुआ सबसे अधिक नुकसान

अनंत ज्ञान टीम सैंज/बंजार

कुल्लू में बीती रात भारी बारिश व तूफान ने खूब तबाही मचाई है। भारी बारिश के साथ तूफान और ओलावृष्टि हुई है। सैंज घाटी में कई घरों व गोशालाओं की छतें उखड़ गई। रात करीब 11 बजे के आसपास आए तूफान से लोगों में अफरा-तफरी का माहौल रहा। तूफान से सेब सहित अन्य फलों को भी नुकसान हुआ है।

वहीं, पेड़ गिरने से भी जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कुल्लू जिले के बंजार विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले सैंज के कई ग्रामीण इलाकों में लोगों के घरों की छत उड़ गई हैं। इसके अलावा कई जगह पर पेड़ भी टूट कर गिरे हैं। वहीं, बंजार के कई ग्रामीण इलाकों में भी फलदार पेड़ों को नुकसान हुआ है। बीती रात के समय कुल्लू जिले में भारी बारिश और तूफान का दौर शुरू हुआ। इसके चलते कई इलाकों में बिजली व्यवस्था ठप हो गई। ऐसे में तूफान के चलते कई लोगों के घरों की छतें भी उड़ गई। इन दिनों बगीचों में फलदार पेड़ों में फलों की सेटिंग भी हो रही है। वहीं, तूफान और ओले गिरने के चलते फलदार पेड़ों को भी खासा



### वाहनों को भी हुआ नुकसान

### लारजी पंचायत के बनाहू गांव में कई मकानों को नुकसान

नुकसान हुआ है। सैंज घाटी के ग्रामीण झाबे राम, बुद्धि सिंह का कहना है कि बनाहू गांव में कई घरों की छतें उड़ गई, तो वहीं जगह-जगह पेड़ गिरने से सड़क मार्ग भी बाधित हो गया है।

बंजार के ग्रामीण रमेश कुमार, सुरेंद्र सिंह का कहना है कि तूफान के चलते कई पेड़ों की टहनियां टूट गई। इसके चलते उन्हें खासा नुकसान हुआ है। इसके अलावा गोशाला की छत भी उड़ गई और कई घरों की छतों पर लगे पत्थर के स्लेट भी खराब हो गए हैं। ऐसे में बीती रात आए तूफान के चलते लोगों को खासी दिक्कत का सामना करना पड़ा है।

उन्होंने बताया कि इस बारे प्रशासन के अधिकारियों को सूचित किया गया है और सड़कों पर टूटे पेड़ों को भी हटाने का काम अब शुरू कर दिया गया है। वहीं, जिले के अन्य स्थानों में भी तूफान के कारण भारी नुकसान हुआ है। हालांकि किसी भी तरह का जानी नुकसान नहीं है, लेकिन घर, वाहनों, सड़क मार्ग व वन संपदा को भारी नुकसान हुआ है।

## तूफान से सेब की फसल को नुकसान

जितेंद्र गुप्ता, आनी

बुधवार रात को आए तूफान से आनी क्षेत्र में भारी तबाही हुई है। आनी उपमंडल में 8 मकान, 15 गोशालाओं को नुकसान पहुंचा है, जबकि तूफान और ओलावृष्टि से सेब की फसल भी बर्बाद हुई है। अभी तक अनुमानित 30 लाख रुपए का आकलन राजस्व विभाग ने आनी उपमंडल में किया है। वहीं, अंधड़ से जगह-जगह सैकड़ों पेड़ उखड़कर गिर गए जिसके फलस्वरूप एनएच 305 सहित आनी-चवाई सड़क मार्ग और कई अन्य ग्रामीण सड़कें घंटों अवरुद्ध रहीं। जगह-जगह बिजली के खंभे उखड़ गए, फलस्वरूप अधिकांश क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। निरमंड खंड की सराहन पंचायत के बागासराहन स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छत और चारदीवारी को भी भारी नुकसान पहुंचा है। इस वर्ष अच्छी सेटिंग के चलते करीब 3 वर्षों बाद सेब की उम्दा फसल की उम्मीद लगाए क्षेत्र के बागवानों के सेब के पौधे जड़



### किसने क्या कहा

बिजली बोर्ड आनी उपमंडल के सहायक अभियंता एमआर कश्यप ने बताया कि 66 केवी मेनलाइन क्षतिग्रस्त है, जबकि आनी उपमंडल में जगह-जगह खंभे टूटे हैं, लाइनें टूटी हैं, जिन्हें जोड़ा जा रहा है। वहीं, तहसीलदार आनी भीम सिंह नेगी ने बताया कि आनी उपमंडल में अब तक 8 मकान, 15 गोशालाएं, सेब की फसल के 30 लाख रुपये के नुकसान का आकलन है, जबकि फील्ड में जाकर राजस्व कर्मचारियों, अधिकारियों द्वारा नुकसान की रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

से उखड़ गए हैं, जबकि ओलावृष्टि से बचाव के लिए सेब के बागीचों में लगाई गयी एन्टी हेलनेट भी उखड़कर तहस-नहस हो गयी है, जिससे बागवानों की साल भर की मेहनत और पानी फिर गया है।

वहीं, रात करीब 11.30 बजे आनी क्षेत्र में तूफान से कोषटू गांव के 82 वर्षीय प्रेम चंद पादरी के मकान की छत उड़ गई, जबकि साथ लगते उनके बगीचे में बने मकान की भी छत उड़ गई। इसी पंचायत के निशाणी गांव निवासी महेंद्र शर्मा के घर की और गोशाला की छत उड़ गई। गनीमत रही कि परिवार सुरक्षित है। प्रभावितों ने उचित मुआवजे की गुहार लगाई है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### टैक्सी यूनियन की नई कार्यकारिणी से मिले नरोतम



अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। टैक्सी यूनियन कुल्लू की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी से भाजपा नेता नरोतम ठाकुर मिलने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रधान, कोषाध्यक्ष, महासचिव को टोपी पहनकर सम्मानित किया। भाजपा नेता एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नरोतम ठाकुर ने टैक्सी यूनियन की नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि उनको आ रही सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि चुनी हुई नई कार्यकारिणी यूनियन को आ रही समस्याओं को हल करेगी और यूनियन को आगे बढ़ाने की दिशा में काम करेगी।

### 20 को कुल्लू शहर में बाधित रहेगी बिजली

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। 20 अप्रैल रविवार को कुल्लू शहर व साथ लगते इलाकों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता कुल्लू ने कहा है कि 11 केवी सरवरी फीडर व अखाड़ा फीडर के आवश्यक रखरखाव के कार्य हेतु व केबल बिछाने के कार्य हेतु 20 अप्रैल को प्रातः 10 से शाम 6:30 बजे तक जुडीशियल कॉम्प्लेक्स, ढालपुर नियर शोबला, बीएसएनएल कॉम्प्लेक्स, खोरी रोपा, सरवरी, सुल्तानपुर, लोरन, बस स्टैंड, शीतला माता, फील्ड हॉस्टल, बाबा बालक नाथ, शीशामाटी, देवधार, शेता फाट चामुंडानगर, अप्पर मिया बेहड़, आईटीआई, जीएम इंडस्ट्री आदि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी व हनुमानी बाग अखाड़ा बाजार, मठसुल्तानपुर एवं विपाशा मार्किट आदि क्षेत्रों में 20 अप्रैल को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### गणपति के सम्मान में धूमधाम से मनाया घुड़दौड़ मेला

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल। देवता गणपति के सम्मान में घुड़दौड़ मेला धूमधाम से मनाया गया। इस मेले में विशेष रूप से नग्गर से माता त्रिपुरा सुंदरी, माता पठनि, लाराई महादेव, माता चामुंडा के रथ मौजूद रहे। गांव की महिलाओं ने रथ का स्वागत किया। हजारों लोगों ने अपना शीश नवाया। देव नृत्य मुख्य आकर्षण का केंद्र था। लोगों द्वारा कुल्लवी नाटी भी डाली गई। मेला कमेटी के अध्यक्ष रमन ठाकुर ने बताया कि वॉलीबाल के मैच के विजेता संघोल मंडी से आई टीम विजयी रही। इस दौरान कबड्डी के मैच भी आयोजित हुए। मेला कमेटी के सचिव संतोष शर्मा ने बताया कि रात को गणेश कला मंच में लोक गायक कुशल वर्मा की स्टार नाईट होगी। मुख्य अतिथि समाज सेवी टीकम ठाकुर विजेताओं को सम्मानित करेंगे। इस मेले का ग्रामीणों के साथ पर्यटकों ने भी भरपूर आनंद उठाया।

### पेंशनभोगी संघ की शहरी इकाई का गठन होना अनिवार्य : गुलशन



अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ के प्रदेश अध्यक्ष एलआर गुलशन ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ' ही पेंशनधारकों का एकमात्र प्रतिनिधि संगठन है, जो पेंशनरों की हर जायज मांग को प्रदेश सरकार, अफसरशाही और जिला प्रशासन से जोरदार ढंग से उठाता आया है, लेकिन एक सशक्त संगठन में सभी पेंशनर्स की सहभागिता का होना लाजिमी है। उन्होंने कहा कि शहरी इकाई कुल्लू में अधिकांश पेंशनर हैं, जो विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हुए हैं। उनकी समस्याओं की पैरवी के लिए जिला मुख्यालय स्तर पर पेंशनभोगी संघ की शहरी इकाई का गठन होना अनिवार्य है। उन्होंने सभी पेंशनर्स से 21 अप्रैल को जिला मुख्यालय स्थित होटल अरोमा क्लासिक में तय की गई जिला कुल्लू पेंशनभोगी संघ की त्रैमासिक बैठक में सुबह 11 बजे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है। ताकि पेंशनरों और फ़ैमिली पेंशनरों की लम्बित वित्तीय मांगों पर विस्तृत चर्चा के उपरांत प्रदेश सरकार और जिला अधिकारियों पर दबाव बनाया जा सके।

# पार्वती-2 जलविद्युत परियोजना की सभी इकाइयों की सफल कमीशनिंग

कमलेश वर्मा, कुल्लू

भारत के स्वच्छ ऊर्जा संकल्प की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए, एनएचपीसी लिमिटेड ने अपनी प्रतिष्ठित 800 मेगावाट पार्वती-द्वितीय जलविद्युत परियोजना की पूर्ण कमीशनिंग की घोषणा की है। परियोजना की चौथी और अंतिम इकाई को बीती रात मध्यरात्रि को व्यावसायिक उत्पादन के लिए तैयार घोषित किया गया, जिससे सभी चारों इकाइयों की कमीशनिंग प्रक्रिया पूर्ण हो गई।

इससे पहले, 1 अप्रैल को, परियोजना की पहली तीन इकाइयों ने भी सफलतापूर्वक व्यावसायिक उत्पादन प्रारंभ कर दिया था, जिससे इस ऊंचाई पर स्थित अद्वितीय परियोजना से औपचारिक रूप से विद्युत उत्पादन शुरू हो गया है। हिमाचल के कुल्लू जिले के मनोरम और दुर्गम पर्वतीय भूभाग में स्थित पार्वती-द्वितीय परियोजना 'रन-ऑफ-द-रिवर' प्रकार की जलविद्युत परियोजना है, जो



### एनएचपीसी लिमिटेड ने रचा कीर्तिमान

अपनी विशालता और तकनीकी जटिलता के लिए जानी जाती है। पार्वती नदी का प्रवाह, पुलगा गांव के समीप 83.7 मीटर ऊंचे कंक्रीट ग्रेविटी बांध द्वारा रोका गया है और वहां से 31.56 किलोमीटर लंबी हेड रेस टनल जो भारत की सबसे लंबी सुरंग है, के माध्यम से सैंज घाटी स्थित सिउंड के पावर हाउस तक प्रवाहित की जा रही है।

863 मीटर की ऊंचाई से नदी के प्रवाह के कारण चार 200 मेगावाट क्षमता वाली पेल्टन टरबाइन के माध्यम से बिजली का उत्पादन किया जा रहा है। सुरंग में पांच प्राकृतिक जलधाराएं मिलने से नदी का प्रवाह और बढ़ता है, वहीं दो झुकी हुई प्रेशर शाफ्ट, प्रत्येक 1.5 किलोमीटर से भी अधिक लंबी, जो टनल बोरिंग मशीनों से बनाई गई हैं, विश्व में अपनी तरह की सबसे लंबी इन्सलिंड प्रेशर शाफ्ट हैं।

**वाजपेयी ने रखी थी आधारशिला :** इस परियोजना की कमीशनिंग इस राष्ट्रीय स्वप्न की सिद्धि है जिसकी आधारशिला आज से दो दशक पूर्व, दिसंबर 1999 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा रखी गई थी। परियोजना को सितंबर 2002 में 3,919.59 रुपये करोड़ की स्वीकृत लागत के साथ मंजूरी मिली थी। इस दौरान परियोजना ने अनेक प्राकृतिक और भूभौगिक चुनौतियों का सामना किया। (अनंत ज्ञान)

### 8,140.04 मेगावाट तक पहुंची उत्पादन क्षमता

पार्वती-द्वितीय परियोजना के पूर्ण रूप से चालू हो जाने के साथ ही एनएचपीसी की कुल स्थापित उत्पादन क्षमता 8,140.04 मेगावाट तक पहुंच गई है, जिसमें जलविद्युत, सौर और पवन ऊर्जा शामिल है। यह परियोजना प्रतिवर्ष अनुमानित 3,074 मिलियन यूनिट स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन करेगी और इससे डाउनस्ट्रीम में स्थित 520 मेगावाट पार्वती-तृतीय पावर स्टेशन की उत्पादन क्षमता में भी लगभग 1,262 मिलियन यूनिट प्रतिवर्ष की बढ़ोत्तरी होगी। इस परियोजना के निर्माण से हिमाचल प्रदेश सरकार को उत्पादित विद्युत का 12फीसद निशुल्क प्रदान किया जाएगा, जबकि अतिरिक्त 1 फीसद स्थानीय क्षेत्र विकास पहलों के समर्थन हेतु आवंटित किया जाएगा।

### हजारों लोगों की दृढ़ इच्छाशक्ति की गूंजः निर्मल

एनएचपीसी चरण दो के कार्यपालक निदेशक एवं परियोजना प्रमुख निर्मल सिंह ने कहा है कि यह पत्थर, इस्पात और मानवीय आत्मा का संगम है, जो घाटियों और दशकों के पार रचा गया है और उन हजारों लोगों की दृढ़ इच्छाशक्ति की गूंज है जिन्होंने क्षितिज से परे सपने देखने का साहस किया। पुलगा के शांत चीड़ वनों से लेकर सिउंड के गूंजते पावरहाउस तक, नदी की यात्रा अब रोशनी, रोजगार और विरासत में रूपांतरित हो चुकी है। पार्वती-द्वितीय अब केवल एक इंजीनियरिंग चमत्कार नहीं, बल्कि यह एक स्मारक है, उस संभावना का जो लक्ष्य और साहस के मिलन से साकार होती है और जो प्रकृति की शक्ति को धैर्य और समझदारी से संयमित करने की प्रेरणा देती है। यह परियोजना सदैव राष्ट्र की धड़कनों के साथ बहती रहेगी।

### अब 27 अप्रैल से होगी एथलेटिक्स प्रतियोगिता

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। कुल्लू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन की ओर से 18, 19, 20 अप्रैल को आयोजित करवाए जाने वाली जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता खराब मौसम के पूर्वानुमान के कारण स्थगित कर दी गई है। यह निर्णय कुल्लू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा सचिव युवराज वर्मा की देखरेख में आयोजित एक बैठक में लिया गया।

इस जिला एथलेटिक्स टूर्नामेंट के लिए तय की गई अब नई तारीखें 27, 28, 29 अप्रैल निर्धारित की गई हैं, साथ ही पंजीकरण ऑनलाइन गूगल फॉर्म के माध्यम से 25 अप्रैल तक बढ़ाया गया है और ऑनलाइन पंजीकरण में समस्या का सामना करने वाले स्कूल या व्यक्ति एकलव्य भारद्वाज के मोबाइल नं. 7018895220 पर संपर्क कर सकते हैं। इस तिथि के बाद कोई ऑनलाइन / ऑफलाइन पंजीकरण स्वीकार नहीं किया जाएगा। 26 अप्रैल का टूर्नामेंट का शेड्यूल जारी किया जाएगा। किसी भी अन्य जानकारी के लिए आप विजय ठाकुर मोबाइल नं. 9816316327 या एकलव्य भारद्वाज मोबाइल नं. 8894646233 पर संपर्क कर सकते हैं।

# बीपीएल सूचियों की समीक्षा के लिए पंचायत सचिवों को दोबारा दिए निर्देश

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

विकास खंड नग्गर में बीपीएल सूची की समीक्षा हेतु विशेष बैठक का आयोजन रवींद्र गिर अधीक्षक ग्रेड-2, अतिरिक्त कार्यभार, खंड विकास अधिकारी, विकास खंड नग्गर की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में बीपीएल सूची की समीक्षा पर विस्तृत चर्चा की गई। इसमें समस्त पंचायत सचिवों को निर्देश दिए गए कि वे अधिक से अधिक जनमानस तक सभी जानकारी पहुंचाएं, ताकि पात्र व्यक्ति वास्तविक लाभ से वंचित न रह सकें।

उपमंडलाधिकारी (ना.), उपमंडल मनाली द्वारा गठित त्रिसदस्यीय समिति में पंचायत सचिव, पटवारी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल किए गए हैं। पात्र व्यक्ति अपनी पंचायत में 30 अप्रैल तक आवेदन कर सकेंगे। प्राप्त आवेदनों की जांच पड़ताल के बाद सूची को पंचायत कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पां कर सार्वजनिक किया जाएगा और जुलाई की ग्राम सभा में अंतिम अनुमोदन किया जाएगा।



### जुलाई माह में होगी ग्रामसभा में चर्चा

सत्यापन समिति द्वारा तैयार की गई सूचियों को वर्ष 2025 में 15 जून तक सार्वजनिक जांच के लिए ग्राम पंचायत के नोटिस बोर्ड पर प्रकाशित किया जाएगा, ताकि जुलाई माह में ग्राम सभा में मामले पर पारदर्शी रूप से चर्चा की जा सके।

### त्रिसदस्यीय सत्यापन समिति का गठन

उपमंडलाधिकारी (ना.) द्वारा त्रिसदस्यीय सत्यापन समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें पंचायत सचिव, पटवारी एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शामिल होंगे।

**बीपीएल के लिए 30 तक करें आवेदन :** 30 अप्रैल तक इच्छुक परिवार जो बीपीएल सूची में शामिल होना चाहते हैं, अपने आवेदन आवश्यक घोषणा-पत्र के साथ संबंधित पंचायत में प्रस्तुत करें।

## चाय की रेहड़ी लगाने वाले के लिए वरदान साबित हुआ रोटरी आई हॉस्पिटल कुल्लू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

हाल ही में कुल्लू में खुले रोटरी आई हॉस्पिटल में आज मोतियाबिंद के पहले दो सफल ऑपरेशन किए हैं। यह जानकारी देते हुए अध्यक्ष रोटरी क्लब कुल्लू रोटेरियन अंशुल पराशर ने बताया कि कुल्लू जनपद के लिए यह बड़ा हर्ष का विषय है कि आंखों से जुड़ी समस्याओं के लिए जरूरतमंद लोगों को अब नवनिर्मित कुल्लू रोटरी क्लब के हॉस्पिटल गांधीनगर में अत्याधुनिक नई तकनीक की मशीनों द्वारा यह सुविधा बड़े ही सस्ते दरों में उपलब्ध करवाई जा रही है।



इसी कड़ी में बीरबार को रोटरी के कुल्लू सेंटर में विशेषज्ञ डॉक्टर अफोनवाला द्वारा मोतियाबिंद के दो सफल ऑपरेशन किए गए। चेयरमैन रोटेरियन विकास कुमार ने कहा कि हमारे यहां आंखों की बीमारी की जांच व ऑपरेशन में जरूरतमंद लोगों का मुफ्त में भी इलाज किया जा रहा है, इसी कड़ी में कुल्लू टैक्सी स्टैंड में चाय की रेहड़ी लगाने वाले जरूरतमंद भीम सिंह का पहला ऑपरेशन निशुल्क किया गया, जिसे एक आंख में काफी समय से मोतियाबिंद की शिकायत थी लेकिन आर्थिक स्थिति के अभाव के कारण वह इस सुविधा से वंचित था।

इसी कड़ी में रोटरी क्लब कुल्लू उसके लिए वरदान साबित हुआ। वहीं, एक अन्य महिला मरीज केसरी देवी का भी आज सफल ऑपरेशन किया गया। उन्होंने लोगों से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस सुविधा का लाभ उठाएं।

## नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी जरूरी : अनीता

अनंत ज्ञान, भुंतर

जिला रेडक्रॉस कुल्लू के अंतर्गत भुंतर में संचालित एकीकृत नशा निवारण एवं पुनर्वास केंद्र द्वारा पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरिपुर व पंचायत नासोगी में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नशा निवारण के बारे में स्कूल के बच्चों व अध्यापकों को विभिन्न जानकारियां प्रदान की गई।

परियोजना समन्वयक अनीता ठाकुर ने कहा कि नशा एक बीमारी है, इससे बचने के लिए इससे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानना आवश्यक है। नशे के गिरफ्त में आये युवक-युवतियों का इलाज संभव है यदि समय रहते हुए उन्हें नशा निवारण केंद्र में लाया जाए तथा विभिन्न प्रकार के औषधियां एवं उपचार से उन्हें नशे की लत से बाहर निकाला जा सकता है।

उन्होंने बताया कि नशा मुक्ति केन्द्र में इसके लिए डॉक्टरों की देखरेख में उचित परामर्श एवं

### भुंतर में संचालित एकीकृत नशा निवारण एवं पुनर्वास केंद्र में निशुल्क मदद के लिए करें संपर्क

दवाइयों के साथ-साथ मेडिटेशन, योग, खेल एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नशे के व्यसनी महिलाओं को नशे की लत से बाहर निकाला जाता है।

परियोजना समन्वयक अनीता ठाकुर ने कहा कि भून्तर स्थित नशा मुक्ति केंद्र में मरीज का उपचार बाह्य रोगी या आवासीय रोगी के रूप में किया जाता है। बाह्य रोगियों को निशुल्क दवाइयां दी जाती है तथा मनोवैज्ञानिक/काउंसलर द्वारा रोगी तथा उसके परिवार के सदस्यों के लिए परामर्श सत्रों का आयोजन किया जाता है। गंभीर लक्षणों वाले रोगियों को उनकी सहमति से केंद्र में भर्ती किया जाता है। आमतौर पर ऐसे रोगियों को 21 दिनों से 30 दिनों तक केंद्र में इलाज किया जाता है तथा उपचाराधीन रोगियों को डॉक्टर तथा स्टाफ नर्सो की निगरानी में उनके बी.पी., तापमान तथा अन्य लैब टेस्ट करवाए जाते है। किसी भी आपात स्थिति में उचित अस्पताल में रेफर करने की व्यवस्था की गई है। इलाज के दौरान मनोचिकित्सक काउंसलर द्वारा व्यक्तिगत परामर्श तथा परिवार के सदस्यों की परामर्श सुविधाएं दी जा रही हैं।

उपचार अवधि के दौरान सुबह के समय शारीरिक व्यायाम, ध्यान और योगा प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा करवाए जाते है। दिन के समय निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न गतिविधियों में उन्हें व्यस्त रखा जाता है। महिलाओं को केंद्र में इलाज के दौरान साफ बिस्तर, नाश्ता, चाय, दोपहर का भोजन, रात का खाना मुफ्त दिया जाता है। कार्यक्रम में पंचायत के प्रधान और महिला मंडल की 50 महिलाएं और स्कूल में 80 बच्चे 5 अध्यापक तथा प्रधानाचार्य जी उपस्थित रहे।

### 21 से शुरू होगा ड्रोन प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। कुल्लू विंग कमांडर कुणाल शर्मा ने कहा है कि 1-एचपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी, कुल्लू द्वारा 21 अप्रैल से 4 मई तक ड्रोन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आईआईटी मंडी और एनआईटी हमीरपुर के सहयोग से पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ से दो प्रशिक्षक और 16 प्रशिक्षु शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षु अपने-अपने राज्यों में एनसीसी कैडेटों के लिए ड्रोन प्रशिक्षण आयोजित करेंगे। इससे ड्रोन तकनीक में जागरूकता और कौशल विकास को बढ़ावा मिलेगा।

शर्मा ने बताया कि इसके अतिरिक्त, एबीआईएमएस, मनाली, एनडीआरएफ, एचपी पुलिस और ड्रोन सुविधाओं वाले हिमाचल प्रदेश सरकार के अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधि भी प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान भाग लेंगे। इससे अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचने और ड्रोन तकनीक के लाभों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

**अनदेखी** वामतट मार्ग खस्ता, जगह-जगह पड़े गड्ढे, स्थानीय लोगों सहित सैलानी हो रहे परेशान

# जोखिम भरा हुआ कुल्लू से वाया वामतट मार्ग मनाली का सफर

एम बोकटापा, मनाली

कुल्लू से वाया वामतट मार्ग मनाली पहुंचना जोखिम भरा हो गया है। आलम यह है कि कुल्लू से वामतट मार्ग की हालत बेहद खस्ता है, जगह-जगह पर गड्ढे पड़े हुए हैं, जिस कारण यहां स्थानीय वाहन चालकों को दिक्कतें पेश आ रही हैं, वहीं सैलानी भी अब यहां की सड़कों की हालत को देखते हुए इस नगरी से मुंह मोड़ने लगे हैं। पर्यटन सीजन शुरू हो गया है, लेकिन सड़क की हालात ऐसी है कि यह समझ नहीं आता कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क है।

आपात स्थिति में जब भी बाढ़ या बारिश के कारण कुल्लू-मनाली का राष्ट्रीय मार्ग बंद होता है, तो यही वामतट मार्ग कुल्लू, मनाली, केलांग और लेह से हमें जोड़ता है। अब यह मार्ग खुद एक समस्या बन चुका है। इस महत्वपूर्ण सड़क को ले कर लोक निर्माण विभाग की अनदेखी समझ से बाहर है, जिससे लोगों का जीवन कठिनाई में पड़ गया है। वामतट मार्ग पर चलना अब खतरनाक हो गया है। इस सड़क पर गहरे गड्ढे हैं, जो



वाहनों को फंसाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। खासकर फोरलेन पुल और ब्यास नदी पर बने पुराने पुल के बीच का हिस्सा तो बेहद खराब हालत में है।

पर्यटक अक्सर पूछते हैं कि कब तक इस स्थिति को सहन किया जाएगा। जब ग्रीन टैक्स देकर मनाली आ रहे हैं तो फिर यहां की सड़कें ऐसी क्यों हैं। बारिश के दिनों में पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है और वाहन चालकों को हर बार डर रहता है कि उनकी गाड़ी कब टूट जाएगी। स्थानीय निवासियों ने कई बार लोनिव से अनुरोध किया कि वे इस सड़क की मरम्मत करें, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जब राष्ट्रीय राजमार्ग बंद होता है, तब यह मार्ग ही सबके काम आता है।

उधर, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का कुल्लू केलांग मार्ग पर मनाली में नया पुल बन जाने के चलते उन्होंने लगभग 100 मीटर सड़क से पल्ला झाड़ लिया है। जब भी बारिश होती है यह 100 मीटर की सड़क पानी से पूरी यह लबालब हो जाती है और पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। (अनंत ज्ञान)

> दोनों पुलों के बीच का सड़क अभी लोक निर्माण विभाग को स्थानांतरण नहीं किया गया है। वामतट मार्ग में पैच वर्क के लिए टेंडर कर दिया गया है तथा जल्द ही कार्य आरंभ कर दिया जाएगा
>
> -अनूप शर्मा, अधिशाषी अभियंता लोनिव कटराईं मंडल

### पर्यटक जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर

गड्ढों से भरे इस सड़क मार्ग पर वाहन निकालना मुश्किल हो जाता है। स्थानीय लोगों सहित पर्यटक जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं। वामतट मार्ग पर कुल्लू से मनाली तक हर जगह यही हालात बनी हुई है। मार्ग पर भूस्खलन का खतरा बना हुआ है और सड़क की खस्ता हालत से कई गाड़ियों के बंपर और चैंबर टूट रहे हैं। खासकर बारिश के दौरान तो कीचड़ में वाहनों को धक्के मारकर निकालना पड़ता है। इस वजह से ट्रैफिक जाम लग रहा है, जो लोगों और पर्यटकों की दिक्कतें बढ़ा रहा है।

## निशुल्क हथकरघा प्रशिक्षण के लिए 26 अप्रैल तक करें आवेदन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

केंद्र सरकार के केंद्रीय ऊन विकास बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय द्वारा शास्त्री नगर में बुनाई एवं डिजाइनिंग प्रशिक्षण केंद्र में निशुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी केंद्र के प्रभारी धन सिंह राठौड़ ने दी। प्रभारी ने बताया कि कुल्लू जिले के नौजवानों एवं महिलाओं के आर्थिक स्वालंबन, सशक्तिकरण, स्वरोजगार हेतु हथकरघा क्षेत्र में निरंतर अवसर उपलब्ध करवा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण केंद्र में नया बैच 1 मई से अगले चार माह हेतु आरंभ किया जा रहा है। इसमें 25 अभ्यर्थियों के चयन करने हेतु प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को अपना नाम, जन्मतिथि, जाति, पूर्ण पता, शैक्षणिक योग्यता, आधार कार्ड प्रति, बैंक पासबुक/विवरण प्रति, रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो सहित 26 अप्रैल प्रशिक्षण केंद्र पर संपर्क कर, निर्धारित आवेदन फॉर्म भरकर जमा करा सकते हैं। प्रशिक्षणार्थी व्यस्क एवं पढ़ा लिखा होना चाहिए। चयनित प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न हस्त निर्मित ऊनी वस्त्र जैसे कुल्लू शॉल, स्टाल्स, जेंट्स चद्दर, मफलर, ऊनी दरी, कारपेट, बॉर्डर और सजावटी सामग्री आदि का

### चयनित अभ्यर्थियों को दिया जाएगा 4 माह का पूर्णकालिक निशुल्क प्रशिक्षण

विभिन्न हथकरघों पर बुनाई एवं डिजाइनिंग में दक्षता विकसित करने हेतु 4 माह का पूर्णकालिक निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रभारी ने बताया कि 4 माह का निशुल्क प्रशिक्षण अवधि में उपस्थित प्रतिदिन कार्य-दिवसों पर प्रशिक्षणार्थियों को उनकी उपस्थिति के आधार पर प्रतिदिन रुपए 125/- कि दर से वजीफा राशि भी प्रोत्साहन हेतु उनके बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी।

प्रशिक्षण में जरूरतमंद ग्रामीण/पहाड़ी क्षेत्र महिला उम्मीदवारों को प्रवेश में प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। इच्छुक प्रशिक्षणार्थियों का चयन समिति के समक्ष दस्तावेजों सहित स्वयं साक्षात्कार उपस्थित होना होगा। इसकी बैठक 28 अप्रैल को सुबह 11 बजे बुनाई एवं डिजाइनिंग प्रशिक्षण केंद्र, पुराना चुंगी नाका के पास भवन, शास्त्री नगर, कुल्लू पर आयोजित की जाएगी। प्रवेश संबंधित अन्य जानकारी हेतु कुल्लू केंद्र के प्रभारी के मोबाइल नंबर 94132 49237 और 94186 60331 पर संपर्क किया जा सकता है।

# अंधड़ चलने से कई जगहों पर गिरे पेड़

## टैंक रोड में बिजली की एचटी लाइन पर पेड़ गिरने से छाया चारों तरफ अंधेरा



सोलन के टैंक रोड पर अंधड़ चलने से बिजली की लाइन पर गिरा पेड़।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

जिला मुख्यालय सोलन में बुधवार रात को तेज हवाओं के साथ अंधड़ चलने से कई जगहों पर पेड़ गिरने और पेड़ों की टहनियां गिरने से नुकसान हुआ है। हालांकि कोई जान के नुकसान होने की सूचना नहीं है। सोलन के टैंक रोड में बिजली की एचटी लाइन पर पेड़ गिरने से क्षेत्र में अंधेरा छा गया। तेज अंधड़ और आसमानी बिजली चमकने से लोगों की नींद उड़ गई।

इस तूफान ने कई इलाकों में भारी नुकसान पहुंचाया। आधी रात को आए इस तूफान के कारण सोलन के फॉरेस्ट रोड पर एक विशाल सफेदे का पेड़ उखड़ कर हाई वोल्टेज तारों पर जा गिरा, जिससे बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई। सोलन के अलग अलग क्षेत्रों में तूफान की वजह से जगह-जगह पेड़ की टहनियां बिजली के तारों पर गिर पड़ीं, जिससे शॉर्ट सर्किट और तार टूटने की घटनाएं हुईं।

सोलन सहित आसपास के गांवों और कॉलोनियों में रातभर बिजली गुल रही। अंधेरे में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पेड़ के तारों पर लटकने से वहां से गुजरना भी खतरे से खाली नहीं था। कई जगहों पर पेड़ तारों पर लटके रहे और नीचे से राहगीरों का निकलना बेहद खतरनाक था। हालांकि, सुबह होते ही बिजली कर्मियों की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत कार्य शुरू किया। कई घंटों की मशक्कत के बाद दोपहर तक अधिकांश क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था को बहाल कर दिया गया।

## बद्दी में तूफान के कारण क्रशर जोन में लाखों रुपए का नुकसान

**अनंत ज्ञान, बद्दी**



नालागढ़ में देर रात चले आंधी तूफान से फसलों के साथ-साथ कई जगहों पर पेड़ गिर गए। बुधवार देर रात करीब साढ़े 10 बजे अचानक तेज तूफान आया, जिससे कई जगहों पर पेड़ जड़ समेत उखड़ गए जबकि सबसे ज्यादा नुकसान नालागढ़ के नवाग्राम स्थित क्रशर जोन में हुआ।

70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चले तूफान के कारण क्रशर जोन में लाखों रुपए का नुकसान हो गया। पांच से छह क्रशरों के चारों तरफ लगी विंड ब्रेकिंग वॉल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर उखड़ गईं। इसके अलावा क्रशर पर लगे शैड भी तेज हवा से क्षतिग्रस्त हो गए। तेज तूफान के कारण प्रति यूनिट करीबन एक लाख रुपए का नुकसान हुआ है, जिसमें रूहानी स्टोन क्रशर, शिवालिक स्टोन क्रशर, नैना स्टोन क्रशर, लखविंद्र स्टोन, ठाकुर रूहानी स्टोन, जय माता स्टोन क्रशर व नालागढ़ स्टोन क्रशर शामिल है।

क्रशरों संचालकों का कहना है कि क्रशर के चारों तरफ 25 से 30 फुट तक की विंड ब्रेकिंग वॉल लगाई गई थी, जो देर रात तेज तूफान के कारण पूरी तरह से टूट गई है।

### आईएचएसडीपी योजना के तहत नगर निगम 49 आवासों का कर चुका है आवंटन

# 47 लाभार्थियों को मिलेगा आवास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**





> आईएचएसडीपी योजना के तहत शहर में 96 आवासों का निर्माण किया गया है। जिसमें 49 लाभार्थियों को पहले ही आवास आवंटित किए जा चुके हैं। जबकि शेष 47 लाभार्थियों को जल्द ही आवासों का आवंटन किया जाएगा।
> -उषा शर्मा, मेयर, सोलन नगर निगम।

नगर निगम सोलन आईएचएसडीपी (एकीकृत आवास और स्लम विकास कार्यक्रम) के तहत आवासहीन लाभार्थियों को 47 आवास का आवंटन करेगा। योजना के तहत नगर निगम ने चंबाघाट में आवासीय भवन का निर्माण किया है। निगम के अनुसार 47 लाभार्थियों को आवास आवंटित किए जाएंगे। इसको लेकर चयन प्रक्रिया चल रही है।

निगम की माने तो पूरी पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए ही 47 लाभार्थियों को ये आवास आवंटित किए जाएंगे। इसके लिए निगम के पास कई नाम पहुंच चुके हैं और कई नाम का आना भी जारी है। ऐसे में अब नगर निगम ने यह तय किया है कि वह जल्द ही इन लोगों को आवास आवंटित कर देगा। बाकायदा बीते सप्ताह हुए बजट में भी इस विषय पर लंबी चर्चा हुई। लिहाजा जो लोग काफी समय से इंतजार कर रहे थे कि उन्हें आखिर घर कब मिलेंगे, उनका इंतजार खत्म होने वाला है। बताते चलें कि नगर निगम में कई लोग इसी योजना के तहत अपने आवासों को पता करने के लिए भी लगातार आ रहे हैं। हालांकि निगम ने फिलहाल आवास आवंटित करने के लिए कोई भी डेट फाइनल नहीं की है, लेकिन चर्चा है कि जल्द ही लोगों को आवास आवंटित कर दिए जाएंगे।

इससे पहले कई लोगों की तरफ से पहले यह शिकायत भी आई थी कि जो आवास बने हैं, वे बहुत छोटे हैं, जिनमें रहना बहुत मुश्किल है। खैर इस सबके बीच जल्द ही लोगों को आवास मिलने जा रहे हैं। पहले 49 लोगों को आवास आवंटित हो चुके हैं, जबकि टोटल 96 बने हैं।

गौरतलब है कि इससे पहले नगर निगम ने इसी योजना के तहत 96 में से 49 लाभार्थियों को आवास आवंटित कर दिए हैं। इन लोगों में से कई तो यहां काफी समय से रह भी रहे हैं, लेकिन जो आवास खाली पड़े हैं उन्हें अब नगर निगम आवंटित करने जा रहा है।

## बड़ू साहिब में निशुल्क चिकित्सा शिविर आज से

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** अकाल चैरिटेबल हॉस्पिटल गुरुद्वारा बड़ू साहिब में 18 व 19 अप्रैल को अकाल कॉलेज ऑफ नर्सिंग और स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ द्वारा 108वां नि:शुल्क मल्टीस्पेशलिटी मेडिकल एवं सर्जिकल कैंप आयोजित किया जा रहा है।

यह जानकारी कलगीधर ट्रस्ट के प्रमुख सेवादार डॉ. देविंदर सिंह ने साझा की। उन्होंने बताया कि इस शिविर में जनरल सर्जन, ऑर्थोपेडिशियन, ईएनटी विशेषज्ञ, जनरल फिजिशियन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, डेंटल सर्जन दस चिकित्सक अपनी निशुल्क सेवाएं देंगे। शिविर में मरीजों का आंतरिक रोगों का इलाज, मानसिक स्वास्थ्य उपचार, फिजियोथेरेपी, होम्योपैथिक इलाज, आंखों का इलाज, दांतों का इलाज, एक्स-रे और यूएसजी, प्रयोगशाला, दवा केंद्र, 24 घंटे बीएलएस एंबुलेंस, पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग वार्ड, नशा मुक्ति और मनोचिकित्सा के लिए आईपीडी और ओपीडी की सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी। शिविर में डॉ. नीलम कौर एमबीबीएस, एमएस (नेत्र विज्ञान, निदेशक, डॉ. गौतम सिंह (ईएनटी विशेषज्ञ), डॉ. जीपी सिंह (ऑर्थोपेडिक सर्जन जालंधर), डॉ. राजिंदर सिंह (एमबीबीएस, डीपीएम, एमडी (मनोचिकित्सा) निदेशक-अकाल ड्रग डी-एडिक्शन और मनोचिकित्सा सेवाएं), डॉ. एचपी सिंह (सीएमओ) एवं टीम अपनी सेवाएं देंगे।

# खट्टी-मीठी यादों के साथ राजगढ़ बैसाखी मेला संपन्न

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

खट्टी-मीठी यादों के साथ तीन दिवसीय जिला स्तरीय बैसाखी मेला संपन हो गया। मेले की सांस्कृतिक संध्याओं में कुछ अच्छे कलाकारों को छोड़कर अधिकांश बेसुरे कलाकारों ने लोगों को बोर किया। इस बार मेला समिति ने कलाकारों के चयन के लिए कोई ऑडिशन नहीं लिया था। इसके चलते राजनीतिज्ञों के दूरभाष पर प्रशासन ने कलाकारों का चयन होता रहा और उन्हें मोटी रकम दी गई।

रेडियो दूरदर्शन से अनुमोदित अच्छे कलाकारों के लिए प्रशासन के पास न पैसा था, न ही समय। जो बाहर से अच्छे कलाकार बुलाए थे, उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच पर केवल दस से 15 मीनट ही मिले। हालांकि शहर में जिलास्तर के दो रिटायर्ड अधिकारी है परंतु सांस्कृतिक समिति में उनकी सेवाएं कभी नहीं ली गईं। लोगों का कहना है कि कम और अच्छे कलाकारों को बुलाना चाहिए और उन्हें कार्यक्रम देने के लिए उपयुक्त समय दिया जाना चाहिए। मेले का स्वरूप जो आज से दो दश्क पहले हुआ करता था, वहीं आज भी है । मेले में अतीत से लेकर कुश्ती और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते आ रहे हैं। मेले में न ही विकासात्मक प्रदर्शनियां लगती हैं और न ही स्वयं सहायता समूहों के उत्पाद विक्रय के लिए मेले में कोई प्रावधान होता है। बेबी शो, फलावर शो, डॉग शो, फ्री मेडिकल कैंप, विभिन्न कंपनियों के स्टॉल इत्यादि लगाने बारे कभी प्रशासन ने जहमत नहीं उठाई।

मेले के नाम एकत्रित धनराशि के दुरुपयोग का कमेटी सदस्यों द्वारा आरोप लगाए जा रहे हैं। बाहर से आए कलाकारों को कितनी राशि दी गई, इस बात को भी सार्वजनिक किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त कमेटी सदस्यों का यह भी आरोप है कि मेले की स्मारिकाएं भी कुछ प्रभावशाली लोगों को दी जाती हैं। इनका कहना है कि हर वर्ष करीब तीस लाख की राशि एकत्रित होती है, परंतु इसका प्रशासन द्वारा कभी हिसाब नहीं दिया जाता है। आगामी वर्ष इस मेले का स्वरूप राज्यस्तरीय हो गया है। राज्यस्तरीय दर्जा मिलने पर इस मेले का स्वरूप कितना बदलेगा, यह आने वाले समय ही बताएगा।

### चहेतों को मेले में पास बांटने के आरोप

**मेले** में बनाए गए पास केवल अपने चहेतों को बांटने के आरोप लगे हैं। मंच के सामने लगी कुर्सियों पर कांग्रेस के पदाधिकारियों का कब्जा छाया रहा। मेले के अंतिम दिन सांसद सुरेश कश्यप और विधायक रीना कश्यप ने मेले के राजनीतिकरण तथा चुने हुए प्रतिनिधियों को प्रशासन द्वारा इग्नोर करने का आरोप लगाया गया था। इसके दबाव के चलते प्रशासन को झुकना पड़ा और सांसद व विधायक को अंतिम संध्या में आनन-फानन में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित करना पड़ा।

## मेले में न बुलाने के सुरेश और रीना कश्यप के आरोप निराधार : राजेंद्र



**राजगढ़।** ब्लॉक कांग्रेस पच्छाद पिछले दिनों राज्य स्तरीय शिरगुल बैसाखी मेले की अंतिम संध्या से पूर्व जिस तरह से शिमला सांसद सुरेश कश्यप एवं विधानसभा विधायक रीना कश्यप द्वारा आरोप लगाए गए थे कि दोनों नेताओं को बैसाखी मेले में मेला कमेटी द्वारा निमंत्रण नहीं दिया गया तथा दोनों नेताओं द्वारा जिस तरह से झूठी बयानबाजी एवं आरोप लगाए थे, इन आरोपों का ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी द्वारा पूरी तरह से खंडन किया गया तथा इसको लेकर प्रेस वार्ता की गई। कार्यकारी ब्लॉक पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर सहित अन्य ने कहा कि सुरेश कश्यप को उनके घर नाहन मैं प्रशासनिक अधिकारियों एवं मेला कमेटी के सदस्यों ने 10 अप्रैल को सांसद के हाथों में ही निमंत्रण दिया था तथा तथा विधायक मेले से पूर्व लगातार तीन दिन घर पर न होने के कारण विधायिका के निजी सहायक के हाथों में निमंत्रण पत्र दिया गया एवं फोन से भी सूचना दी गई।

## दिल्ली के पहलवान रोहित ने जीती बड़ी माली

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**



दंगल प्रतियोगिता में दमखम दिखाते पहलवान।

राजगढ़ में आयोजित बैसाखी मेले के अंतिम दिन विशाल दंगल का आयोजन किया गया, जिसका हजारों की संख्या में दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों ने भरपूर आनंद लिया। दंगल में हिमाचल के साथ पंजाब, हरियाणा, दिल्ली के पहलवानों ने भाग लिया और कई रोमांचक मुकाबले खेले गए।

दंगल का फाइनल मुकाबला में रोहित पहलवान सीआईएसएफ दिल्ली और यमुनानगर पुलिस के पहलवान रोहित के मध्य खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में दिल्ली के रोहित ने बड़ी माली अपने नाम की जिसमें विजेता को 27 हजार व उपविजेता को 24 हजार राशि से नवाजा गया। छोटी माली वीर सिंह पहलवान मरयोग सिरमौर के नाम रही।

### मरयोग के बीर सिंह ने छोटी माली पर जमाया कब्जा

वीर सिंह ने हनुमान अखाड़ा दिल्ली के पहलवान सुनील को पराजित किया। छोटी माली के विजेता को 11 हजार व उपविजेता को 10 हजार नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इनके अतिरिक्त लड़कियों ने भी दंगल में हाथ आजमाए।

राजगढ़ की प्रिया ठाकुर ने नीतिका ठाकुर जगजीत नगर हरियाणा को पराजित किया। इसी प्रकार 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के फाइनल मुकाबले में मरयोग के शिवांग ने मरयोग के ही प्रिंस को पराजित किया दंगल के प्रभारी डीएसपी राजगढ़ वीसी नेगी ने बताया कि दंगल के आयोजन पर कुल राशि 2 लाख 20 हजार व्यय की गई।

दंगल आयोजन में रणदीप ठाकुर, सुरेश शर्मा, रमेश ठाकुर व रामलाल शर्मा ने रेफरी की भूमिका निभाई।

## 18 व 19 को भारी वर्षा, आंधी बिजली गिरने की चेतावनी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला दंडाधिकारी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि भारत मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार 18 व 19 अप्रैल को सोलन जिले में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा, ओलावृष्टी, आंधी और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है। मनमोहन शर्मा ने आमजन से आग्रह किया कि खराब मौसम में बारिश व भूस्खलन संभावित क्षेत्रों तथा पहाड़ी भागों में जाने से परहेज करें।

इस बारे में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एडवाइजरी भी जारी की गई है। किसी भी आपातकालीन स्थिति में व्यक्ति ज़िला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के टोल फ्री नंबर 1077, दूरभाष नंबर 01792-220049 व 01792-220882 तथा व्हाट्सएप नंबर 94594-57292 पर संपर्क कर सकते हैं।

## व्यवस्था परिवर्तन का नया अविष्कार; होली मनाए प्रशासन, बिल दे सरकार : विवेक

**अनंत ज्ञान, सोलन**



भाजपा प्रवक्ता विवेक शर्मा ने प्रशासन पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि अधिकारी हो तो हिमाचल जैसे वरना न हों तो अच्छा। प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि व्यवस्था परिवर्तन का कमाल है कि मुख्य सचिव बीवी, बच्चा समेत 75 प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा होली की पार्टी होटल होलीडे होम शिमला में मनाई गई। बिल आया 1,22,020 रुपए का और भुगतान करेगी हिमाचल सरकार का सामान्य प्रशासनिक विभाग जीएडी।

कमाल है मेरे प्रशासन और मेरी सरकार। शर्मा ने कहा कि प्रदेश में जहां कर्मचारियों को एरियर और डीए के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, वहीं ट्रेजरी में ठेकेदारों का करोड़ों का भुगतान खड़ा है। कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी सड़क पर भजन-कीर्तन कर रहे हैं। अस्पतालों में पर्चियां के पैसे लगने लगे हैं। मुख्यमंत्री का समोसा छोटे कर्मचारी द्वारा गलती से खाए जाने पर इंक्वारी हो जाती है। शौचालय पर टैक्स लग जाता है। वहीं पर 'रंग बरसे भीगे चुनरवाली' की मौज-मस्ती और लंच का खर्चा हिमाचल सरकार को देना पड़ रहा है।

यह भी व्यवस्था परिवर्तन है। हिमाचल प्रदेश की राजनीति में आज की स्थिति में अगर सबसे बड़ी चुनौती है तो वह है इस बेलगाम प्रशासन को नियंत्रण करने की। सरकार किसी की भी हो, इन्हें नियंत्रण करने के लिए संवैधानिक प्रावधानों की आवश्यकता है क्योंकि बेलगाम घोड़ा सिर्फ फसलें ही खराब नहीं करता नस्लें भी खराब करता है।

### शूलिनी विवि ने नैक ए प्लस मान्यता की प्राप्त, भव्य संगीत समारोह आयोजित

## प्रसिद्ध गायिका उषा उत्थुप ने दी लाइव परफॉरमेंस

**अनंत ज्ञान, सोलन**




संगीत समारोह के दौरान गायिका उषा उत्थुप को सम्मानित करते चांसलर।

शूलिनी विश्वविद्यालय ने नैक ए प्लस मान्यता की उल्लेखनीय उपलब्धि को चिन्हित करने के लिए एक भव्य समारोह का आयोजन करके संगीत, आनंद और गर्व के साथ जीवंत हो गया। शाम का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध गायिका उषा उत्थुप का लाइव प्रदर्शन था, जिनकी शक्तिशाली आवाज और करिश्माई मंच उपस्थिति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

उन्होंने विभिन्न शैलियों और भाषाओं में अपने कई प्रतिष्ठित गीत गाए, जिससे उत्साही भीड़ ने जयकारे लगाए, तालियां बजाईं और नृत्य किया। संकाय, कर्मचारी और मेहमानों ने साथ में गाया और इस पल का जश्न बड़े उत्साह के साथ मनाया। अपनी विशिष्ट भारतीय पोशाक पहने, उषा उत्थुप ने अपनी प्रेरक जीवन कहानी भी साझा की। उन्होंने बताया कि कैसे एक बार उन्हें भारी, पुरुषों जैसी आवाज के लिए परेशान किया गया था, लेकिन हार मानने के बजाए, उन्होंने अपनी विशिष्टता को अपनाया और इसे अपनी ताकत बना लिया।

उन्होंने सभी बाधाओं का सामना किया और वर्जनाओं को तोड़ा, और भारत के संगीत इतिहास में एक प्रतिष्ठित स्थान बनाया।

शाम में न केवल विश्वविद्यालय की अकादमिक उत्कृष्टता का जश्न मनाया गया, बल्कि उषा उत्थुप की यात्रा में निहित दृढ़ता और व्यक्तित्व की भावना का भी जश्न मनाया गया।

## सोलन के बगड़ गांव की दिव्या शर्मा ने मायानगरी में चमकाया नाम



**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला मुख्यालय सोलन के साथ लगती आंजी पंचायत के बगड़ गांव की दिव्या शर्मा ने अभिनय के दम पर मायानगरी मुंबई में पूरे प्रदेश का नाम चमकाया है। हाल ही में डीडी नेशनल पर प्रसारित होने वाला रामसे हाउस में वह मुख्य रोल लाली के रूप में नजर आ रही है, जिसे दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। इस शो में वह प्रसिद्ध अभिनेता अली असगर के साथ काम कर रही हैं और उनका किरदार एक घरेलू महिला का है, जो अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं से जूझती है। वह सोलन जिला के एक छोटे से गांव से ताल्लुक रखती है, लेकिन इसके बावजूद भी दिव्या ने कभी अपने सपनों के साथ समझौता नहीं किया है। दिव्या छोटे से गांव बगड़ से निकलकर मुंबई तक का सफर तय करने वाली आज न केवल अपने अभिनय से, बल्कि अपने संघर्ष और सफलता की कहानी से भी एक प्रेरणा बन चुकी हैं। दिव्या का सफर आम नहीं रहा है। शुरुआत में दिव्या ने रंगकर्म (थिएटर) की ओर रुख किया और सोलन के विभिन्न रंगमंच कार्यक्रमों में भाग लिया। उनका यह कदम पहले तो सिर्फ एक शौक था, लेकिन धीरे-धीरे वह इस क्षेत्र में अपने अभिनय का लोहा मनवाने लगीं। सोलन में अपने अभिनय की यात्रा को विस्तार देते हुए उन्होंने स्थानीय थिएटर प्रणव थिएटर, बियॉन्ड थिएटर में कई प्रमुख नाटकों में काम किया और यहां से उनका आत्मविश्वास और कला दोनों ही बढ़े। दिव्या शर्मा ने कहा कि वह बड़े पर्दे यानी मूवी में भी काम करना चाहती है और उसके लिए दिन-रात मेहनत कर रही हैं।

## लगातार 3 वर्ष तक टीबी मुक्त रहने पर पंचायतों को मिलेगा गोल्ड मेडल : डीसी

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला टीबी फोरम व जिला क्षय रोग उन्मूलन समिति की बैठक उपायुक्त कार्यालय के सभागार में उपायुक्त सिरमौर सुमित खिम्टा की अध्यक्षता में हुई। उपायुक्त ने सिरमौर जिले की सभी पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं को आगे आने की अपील की। उपायुक्त ने सभी पंचायतों मे टीबी फोरम समितियां बनाने के आदेश दिए जिनमें उपप्रधान अध्यक्ष, मेडिकल अधिकारी सदस्य सचिव, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व पंचायत सदस्य भी शामिल होंगे। यह समितियां अपने क्षेत्र में टीबी उन्मूलन के प्रति लोगों को जागरूक करेगी तथा टीबी की रोगियों को चिन्हित करेगी। उन्होंने टीबी उन्मूलन का एजेंडा ग्रामसभा की बैठक में आवश्यक रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

इन समितियों के माध्यम से टीबी के लक्षण वाले रोगियों को पहचान कर, सरकार द्वारा उपलब्ध सुविधाएं तथा आवश्यक दिशा निर्देशों के बारे जागरूक किया जाएगा ।बैठक के दौरान उपायुक्त ने निर्देश दिए कि क्षय रोग उन्मूलन अभियान को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक निक्षय मित्र बनाएं जो टीबी के मरीजों को गोद लेंगे और उनको आवश्यक आहार संबंधी सुविधाएं प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि सिरमौर जिले में अभी तक 55 निक्षय मित्र बने हैं, जिन्होंने टीबी के मरीजों को गोद लिया है। इसी कड़ी में मेसर्ज तिरुपति मेडिकेयर लि. पांवटा द्वारा जिले के सभी टीबी मरीजों को प्रोटीन पाउडर दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि जिले की जो पंचायतें लगातार 3 वर्षों तक टीबी मुक्त रहेगी , न्हें गोल्ड मेडल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सिरमौर जिले में इस वर्ष 20 पंचायतों को टीबी मुक्त होने के लिए सिल्वर मेडल से नवाजा जाएगा। इस अवसर पर टीबी रोग से मुक्त हुए चैम्पियन ने अपने विचार साझा किए। बैठक का संचालन जिला टीबी अधिकारी निसार अहमद ने किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**आयोजन** रोहित ठाकुर ने बंटीघाट-भगयानघाट सड़क, बकराल-चनालग सड़क, बसाहा स्कूल के परीक्षा हॉल का किया लोकार्पण

# नशे के समूल नाश के लिए प्रदेश सरकार वचनबद्ध : शिक्षा मंत्री

**अनंत ज्ञान, नाहन/सराहां**





हिमाचल निर्माता डॉ. परमार के पैतृक गांव चनालग में पहुंचे शिक्षा मंत्री रोहित का स्वागत करते लोग, (दाएं) सांस्कृतिक कार्यक्रम की झलक।

वर्तमान प्रदेश सरकार लोगों को सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य पेयजल स्वावलंबन तथा स्वरोजगार जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है तथा इन सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर सरकार द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यह उद्गार शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने पच्छाद विधानसभा क्षेत्र में हिमाचल निर्माता डॉ. यशवंत सिंह परमार के पैतृक गांव चनालग में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि डॉ. यशवंत सिंह परमार के अथक प्रयासों के फलस्वरूप ही हिमाचल प्रदेश अस्तित्व में आया और उनकी दूरदर्शी सोच के कारण ही हिमाचल प्रगति के पग पर निरंतर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश अस्तित्व में आया उस समय प्रति व्यक्ति आय मात्र 247 रुपए थी, जो आज बढ़कर 2 लाख 57 हजार हो गई है। उस समय मात्र 200 शिक्षण संस्थान थे, जबकि वर्तमान में 15 हजार शिक्षण संस्थान क्रियाशील है। इसी प्रकार स्वास्थ्य संस्थान भी बहुत कम थे, आज प्रदेश में 6 मेडिकल कॉलेज क्रियाशील हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार के गठन होने के उपरांत पहली मंत्रीमंडल की बैठक में प्रदेश के 1 लाख 36 हजार कर्मचारियों को ओपीएस प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है। वर्तमान सरकार के कार्यकाल के दौरान गत दो वर्षों में 5500 शिक्षकों के पद भरे गए जबकि 15 हजार शिक्षकों के पद भरने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि हाल ही में पेश किए गए बजट में किसान-बागवान तथा पशुपालकों का विशेष ध्यान रखा गया जिसके तहत गाय का दूध 51 रुपए तथा भैंस के दूध 61 रुपए निधारित कर हिमाचल देश का पहला राज्य बना, जो दूध का सबसे अधिक न्यूनतम मूल्य दे रहा है।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए गेहूं का समर्थन मूल्य 40 से बढ़ाकर 60 रुपए तथा मक्की का समर्थन मूल्य 30 से बढ़ाकर 40 रुपए और हल्दी का समर्थन मूल्य 90 रुपए प्रतिकिलो निर्धारित किया गया है जिससे किसानों की आर्थिकी निष्चित रूप से सुदृढ़ होगी। शिक्षा मंत्री ने कहा नशे के समूल नाश के लिए प्रदेश सरकार वचनबद्ध है। सरकार ने नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई है, ताकि स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज की परिकल्पना सार्थक हो सके। उन्होंने प्रधान लाना बाका पंचायत द्वारा प्रस्तुत की गई मांगों को सहानुभूतिपूर्वक सुना तथा उनका निराकरण का भी आश्वासन दिया। इससे पहले शिक्षा मंत्री ने लगभग 1 करोड़ 15 लाख रुपए की राशि से निर्मित बंटीघाट-भगयानघाट सड़क तथा बकराल-चनालग सड़क, 8 लाख रुपए की राशि से निर्मित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बसाहा के परीक्षा हॉल तथा 11 लाख रुपए की राशि से निर्मित नगर कोटी मंदिर चनालग के मंच का लोकार्पण किया। उन्होंने बसाहा स्कूल में पुस्तकालय के लिए पुस्तकें उपलब्ध कराने की घोषणा की तथा उन्होंने बताया कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बसाहा में शैक्षणिक भवन के लिए 30 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं, जिसका निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने चनालग में माता नगर कोटी मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा डॉ. परमार की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। शिक्षा मंत्री के चनालग पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

शिक्षा मंत्री ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बसाहा के विद्यार्थियों को सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने पर 21 हजार रुपए की राशि प्रदान करने की घोषणा की।

### इन्होंने भी रखे विचार

इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गंगूराम मुसाफिर, कांग्रेस नेत्री दयाल प्यारी, जिला जिला परिषद सदस्य आनंद परमार ने अपने विचार रखे। प्रधान लाना बाका पंचायत कुलदीप जसवाल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय निवासी रमेश शास्त्री ने चनालग का इतिहास नामक पुस्तक मुख्यातिथि को भेंट की।

### प्रदेश में 69 आदर्श स्वास्थ्य केंद्र खोले जाएंगे

उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में मुख्यमंत्री सुक्खू का सेनधार क्षेत्र में दौरा करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 31 राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने के लिए स्थानों के चयन की प्रक्रिया जारी है तथा प्रदेश में 69 आदर्श स्वास्थ केंद्र खोले जाएंगे, जिनमें 6 विशेषज्ञ चिकित्सक सेवाएं देंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### सेक्टर-44/45 में सड़क री-कारपेटिंग का कार्य 19 से

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** नगर निगम चंडीगढ़ 19 से 26 अप्रैल तक सेक्टर 44/45, सेक्टर 44 की तरफ वी-3 सड़क पर रीकारपेटिंग का काम शुरू करने जा रहा है, जिसमें सड़क के कटे हुए हिस्से की लेन और लाइट प्वॉइंट से जंक्शन 50 तक की लेन पर तारकोल और डीबीएम का काम शामिल है। आम जनता से अनुरोध है कि वे वैकल्पिक मार्ग अपनाएं और नगर निगम, चंडीगढ़ के साथ धैर्य रखें।

### पोषण अभियान के तहत महिलाओं को दिए टिप्स



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पोषण अभियान के तहत, समाज कल्याण विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन ने जागरूकता बढ़ाने और पोषण में सुधार के लिए सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। मनीमाजरा के आंगनबाड़ी केंद्र में, बचपन में उचित पोषण के महत्व को उजागर करने के लिए 'पोषण-कुपोषण की लड़ाई' नामक एक अभियान चलाया गया। आंगनबाड़ी केंद्र कैंबवाला में, बच्चों की वृद्धि की निगरानी की गई और एसएएम/एमएएम से सामान्य श्रेणी में सुधार करने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान पहचाना और पुरस्कृत किया गया। सेक्टर 30 आंगनबाड़ी केंद्र में गोद भराई (गोद भराई) समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें मातृ स्वास्थ्य, पोषण और प्रसव पूर्व देखभाल पर ध्यान केंद्रित किया गया। अन्य जागरूकता गतिविधियों में शामिल हैं। स्वास्थ्य के लिए आयुष पर व्याख्यान खाद्य सुदृढ़ीकरण के महत्व पर चर्चा पूरक आहार को बढ़ावा देने के लिए गृह भ्रमण 'पोषण के पंच सूत्र' को बढ़ावा देना, बच्चों को कम उम्र में ही बाजरा खिलाने की वकालत यह पहल जमीनी स्तर पर जुड़ाव और व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से पोषण परिणामों में सुधार के लिए यूटी प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

### हिमाचल महासभा ने लड़की की शादी को दिया 21 हजार शगुन



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हिमाचल महासभा पंजीकृत चंडीगढ़ में रहकर हिमाचल की संस्कृति को कायम रखने के लिए हर महीने चंडीगढ़ में कुछ न कुछ नया करती रहती है। 6 अप्रैल को श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर सेक्टर 29 चंडीगढ़ में बाबा जी की चौकी करवाई तथा प्रसाद के रूप में हिमाचली धाम का आयोजन किया जिसके लिए बोटी भी हिमाचल से मंगवाए गए थे। 11 अप्रैल को टैगोर थिएटर में हिमाचल का मशहूर पुलिस बैंड आर्केस्ट्रा द्वारा हिमाचली लोकगीतों के साथ आयोजन किया गया तथा व्यंजन में सिड्डू और बबरु परोसे गए। अभी 22 अप्रैल को रोशन लाल शर्मा की बेटी की शादी है उसकी मदद के लिए हिमाचल सभा द्वारा की 21 हजार रुपए का योगदान/शगुन इकट्ठा करके रोशन को सौंपा गया तथा आश्वासन दिया गया कि बेटी की शादी के लिए हिमाचल महासभा पंजीकृत चंडीगढ़ जितनी और मदद कर सकती है जरूर करेगी। क्योंकि हिमाचली कहीं भी हो दूसरे की मदद करने के लिए एवं अपनी संस्कृति को कायम रखने के लिए हमेशा आगे रहते हैं।

### राजद विधायक रितलाल 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

**पटना।** जबरन वसूली के एक मामले में बिहार पुलिस की ओर से वांछित राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायक रितलाल यादव ने वीरवार को अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। पुलिस कड़ी सुरक्षा के बीच बेऊर जेल ले गई। पटना-पश्चिम के पुलिस अधीक्षक (एसपी) शरत आर एस ने बताया कि वह और उनके सहयोगी फिरौती के एक मामले में वांछित था।

### राहुल गांधी अगले हफ्ते जाएंगे अमेरिका दौरे पर



**नई दिल्ली।** कांग्रेस लीडर और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अगले हफ्ते अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वे रॉड आइलैंड स्थित ब्राउन यूनिवर्सिटी में छात्रों और फैकल्टी के साथ बातचीत करेंगे। इसके अलावा वे यहां सार्वजनिक भाषण भी देंगे। यह जानकारी कांग्रेस के मीडिया प्रमुख पवन खेड़ा ने दी है। राहुल 21 और 22 अप्रैल को ब्राउन यूनिवर्सिटी में रहेंगे। दौरे की शुरुआत में राहुल गांधी अमेरिका में रहे भारतीय प्रवासी समुदाय के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे।

### मद्रास में 28 प्लास्टिक वस्तुओं पर लगा प्रतिबंध

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने पश्चिमी घाट क्षेत्र में 28 प्रकार की प्लास्टिक वस्तुओं पर प्रतिबंध लगा दिया है। न्यायमूर्ति एन सतीश कुमार और न्यायमूर्ति डी भरत चक्रवर्ती की खंडपीठ ने जी. सुब्रमणिया कौशिक और अन्य याचिकाकर्ताओं की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह अंतरिम आदेश पारित किया। पीठ ने तमिलनाडु सरकार को मोटर वाहन अधिनियम के तहत एक अधिसूचना जारी करने का निर्देश दिया, जिसमें यह शर्त हो कि पश्चिमी घाट (जिसमें नीलगिरी और कोडैकनाल शामिल हैं) में प्रतिबंधित वस्तुओं के परिवहन/वितरण के लिए किसी भी वाहन का उपयोग नहीं किया जाएगा। यदि कोई वाहन इस नियम का उल्लंघन करता है, तो उसे जब्त कर आगे की कार्वाई की जाएगी।

### छत्तीसगढ़ के बीजापुर से 22 नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने 22 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के उसूर, जांगला और नेलसनार थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने 22 नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है। सुरक्षाबलों ने टेकमेटला गांव के जंगल से सात नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार नक्सलियों से टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, बिजली का तार और अन्य सामान बरामद किया गया है। वहीं, सुरक्षाबलों ने बेलचर गांव के जंगल से छह नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। नक्सलियों के कब्जे से टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, डेटोनेटर, बिजली का तार, बैटरी, खुदाई का औजार और अन्य सामान बरामद किया गया। सुरक्षाबलों ने कांदाकरका के जंगल से नौ नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया।

# नेशनल हेराल्ड मामले में भाजपा आज करेगी कांग्रेस भवन का घेराव

## गांधी परिवार ने स्वतंत्रता संग्राम की विरासत को निजी संपत्ति में बदला

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**




भाजपा चंडीगढ़ के नेताओं ने वीरवार को एक प्रेस वार्ता में नेशनल हेराल्ड घोटाले पर कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय टंडन, महापौर हरप्रीत कौर बबला और प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्रपाल मल्होत्रा ने आरोप लगाया कि गांधी परिवार ने स्वतंत्रता संग्राम की विरासत को निजी संपत्ति में बदल दिया है। भाजपा ने यह भी घोषणा की कि कल दोपहर 3 बजे भारतीय जनता युवा मोर्चा कांग्रेस भवन का घेराव करेगा।

नेशनल हेराल्ड घोटाले को लेकर भाजपा नेताओं ने कहा कि यह घोटाला कांग्रेस पार्टी द्वारा हजारों करोड़ की संपत्ति हड़पने की साजिश का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि 1937 में स्थापित यह अखबार कभी भी नेहरू परिवार की निजी संपत्ति नहीं था, बल्कि स्वतंत्रता सेनानियों की आवाज था। हालांकि, 2008 में जब इसका प्रकाशन बंद हुआ, तो कांग्रेस ने 90 करोड़ रुपए की राशि मुहैया कराई, जो पार्टी फंड से दी गई थी।

भाजपा नेताओं का कहना था कि कांग्रेस ने 'यंग इंडियन' नामक एक कंपनी बनाई, जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी की 38-38 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। इस कंपनी को महज 50 लाख में 90 करोड़ का लोन ट्रांसफर कर दिया गया और इसके बाद नेशनल हेराल्ड की संपत्ति गांधी परिवार के कब्जे में आ गई। इस संपत्ति में दिल्ली की प्राइम लोकेशन सहित लखनऊ, मुंबई, भोपाल और पटना में मौजूद हजारों करोड़ की संपत्तियाँ शामिल हैं।

भाजपा नेताओं ने सवाल किया कि कांग्रेस ने 'यंग इंडियन' को चैरिटेबल संस्था बताया था, लेकिन आज तक इसके किसी भी चैरिटेबल कार्य का कोई प्रमाण नहीं दिया गया है। प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले की जांच की है और कई वरिष्ठ नेताओं से पूछताछ की है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी वर्तमान में जमानत पर हैं और सुप्रीम कोर्ट में कोई राहत नहीं मिली है। मल्होत्रा ने कहा कि कांग्रेस द्वारा किए गए इस घोटाले के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने 18 अप्रैल को कांग्रेस भवन का घेराव करने का निर्णय लिया है। (अनंत ज्ञान)

# मुख्य सचिव से मिले 13 देशों के प्रतिनिधि

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

विधायी प्रारूपण (लेजिस्लेटिव ड्राफ्टिंग) से संबंधित 36वें अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे 13 देशों के 27 प्रतिनिधियों ने आज यहां हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी से मुलाकात की। इक्वाडोर, होंडुरास, ग्वाटेमाला, श्रीलंका, मंगोलिया, म्यांमार, नाइजर, नाइजीरिया, मालदीव, तंजानिया, जांबिया, जिम्बाब्वे जैसे देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिभागी लोकसभा के संसदीय लोकतंत्र अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं।

अनुराग रस्तोगी ने समावेशी कानून बनाने की प्रक्रियाओं के महत्व पर बल देते हुए कहा कि किसी भी कानून की रूपरेखा सभी हितधारकों की आवाज सुनकर ही प्रभावी ढंग से तैयार की जा सकती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कानून की प्रासंगिकता और प्रभावकारिता सुनिश्चित करने के लिए उसमें समाज की आकांक्षाओं, भावनाओं और जरूरतें प्रतिबिंबित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान सावधानीपूर्वक तैयार किया गया दस्तावेज है और यह कानून बनाने के लिए एक व्यापक रूपरेखा और स्पष्ट प्रक्रिया प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान एक मार्गदर्शक प्रकाश स्तंभ के रूप में कार्य करता है। इसमें सुनिर्धारित प्रक्रियाएं यह सुनिश्चित करती हैं कि कानून मजबूत होने के साथ-साथ अनुकूलनीय भी हों। उन्होंने भारत में हरियाणा की विशिष्ट स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि हरियाणा देश में सबसे अधिक प्रति व्यक्ति आय और कर संग्रह वाला एक छोटा लेकिन प्रगतिशील राज्य है।

इस अवसर पर मुख्य सचिव ने व्यक्तिगत रूप से सभी विदेशी प्रतिनिधियों को श्रीमद्भागवत की एक-एक प्रति भी भेंट की। उन्होंने कहा कि महाभारत एक ऐसी कथा है, जो किसी की भी कल्पना से परे है, जिसमें कर्म का महान सिद्धांत निहित है। जीवन में ऐसे हालात आते हैं, जब व्यक्ति को सांत्वना और सहारे की जरूरत होती है। ऐसे समय में श्रीमद्भागवत हमारे लिए शक्ति-स्तंभ का काम करती है। उन्होंने कहा कि जब आप अपने देशों को लौटेंगे, तो आप अपने साथ न केवल पेशेवर अंतरदृष्टि बल्कि हमारी परंपराओं की गर्मजोशी और सहयोग की भावना भी ले जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि 16 अप्रैल से 21 अप्रैल तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों के बीच ज्ञान को साझा करना और विधायी मसौदा तैयार करने के कौशल को बढ़ाना है। इसमें उन्नत प्रारूपण तकनीक, तुलनात्मक विधायी रूपरेखा और विधायी प्रक्रियाओं में प्रौद्योगिकी के एकीकरण से संबंधित सत्र शामिल हैं।

# डीएचबीवीएन की लापरवाही पर आयोग सख्त

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में बिजली विभाग की खामियों के चलते शिकायतकर्ता को 5 हजार रुपए का मुआवजा देने का आदेश दिया है। सिरसा निवासी रघबीर सिंह ने आयोग को दी गई शिकायत में बताया कि उन्होंने औद्योगिक विद्युत कनेक्शन लेने के बाद निर्धारित सब्सिडी के लिए आवेदन किया था, परंतु निगम द्वारा उन्हें यह लाभ प्रदान नहीं किया गया। शिकायतकर्ता के अनुसार, उन्होंने सब्सिडी के लिए सभी पात्रताएं पूरी की थीं। उनका कनेक्शन 20 किलोवाट से कम लोड का है और इकाई 'सी' श्रेणी खंड में आती है।

**उपभोक्ता को 5 हजार रुपए मुआवजा देने के निर्देश**

आयोग के प्रवक्ता ने बताया कि आयोग की जांच में यह स्पष्ट हुआ कि शिकायतकर्ता श्री रघबीर सिंह, जो कि एक औद्योगिक इकाई के संचालक हैं, विद्युत सब्सिडी के पूर्णतः पात्र हैं। उनकी इकाई 'सी' श्रेणी खंड में आती है तथा कनेक्शन का लोड 20 किलोवाट से कम है, जो कि निर्धारित सीमा के भीतर आता है। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा 29 जुलाई 2024 को जारी पत्र का हवाला देकर शिकायतकर्ता की पात्रता को नकारा गया और पूर्व प्रभाव से नई शर्तें थोप दी गईं, जो आयोग के अनुसार न केवल प्रशासनिक रूप से गलत, बल्कि कानूनी रूप से भी अमान्य हैं। शिकायतकर्ता को अनेक बार एसडीओ कार्यालय के चक्कर लगाने पड़े, जिससे उन्हें अत्यधिक मानसिक परेशानी हुई।

आयोग ने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम को निर्देश दिया है कि वह शिकायतकर्ता पर किया गया चार्जबैक निरस्त करे और 21 दिसंबर 2018 या विद्युत कनेक्शन की तिथि (जो भी बाद में हो) से 2 रुपए प्रति यूनिट की दर से बकाया सब्सिडी जारी करे। यह समस्त कार्रवाई 28 अप्रैल 2025 तक पूर्ण की जाए। इसके अतिरिक्त, हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 की धारा 17 (1) (एच) के अंतर्गत शिकायतकर्ता को पाँच हजार रुपए की क्षतिपूर्ति दी जाए, जो निगम अपने स्वयं के कोष से देगा और संबंधित दोषी अधिकारियों से वसूली करने के लिए स्वतंत्र रहेगा।

## गवर्नमेंट कॉलेज में हुई फिन क्विज प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सेक्टर-50 स्थित गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के वित्तीय साक्षरता क्लब ने फिन क्विज-2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह एक अंतर-कॉलेज वित्तीय प्रश्नोत्तरी थी, जिसका आयोजन प्राचार्य डॉ. शशि वाही, डीन डॉ. संगम कपूर और संयोजक डॉ. मोनिका अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया। छात्रों को उज्ज्वल, खुशहाल और स्वस्थ जीवन के लिए वित्तीय अनुशासन (बचत करना, समय पर क्रेडिट कार्ड बिल का भुगतान करना, विवेकपूर्ण तरीके से खर्च करना आदि) अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

रितिका बिष्ट, मयंक सोबती और अंकिता कुमारी की उत्साही टीम द्वारा डिजाइन और निष्पादित की गई वित्त, बैंकिंग, निवेश और वर्तमान आर्थिक मामलों को कवर करने वाले चार गतिशील दौर शामिल थे। विजेताओं में केविन महाजन और निखिल रावत (प्रथम), ऋषव राणा और हिमांशी नंदा (द्वितीय) और वंदना यादव और कुशल (तृतीय) शामिल थे। इस कार्यक्रम में छात्रों के लिए सुरक्षित और सूचित वित्तीय भविष्य के निर्माण में वित्तीय साक्षरता और साइबर जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

# राज्य में होंगी विधायक खेलकूद प्रतियोगिताएं : धामी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



राज्य की समस्त विधानसभाओं में विधायक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इससे खिलाड़ियों को एक मंच के साथ ही नई प्रतिभाओं को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। युवाओं में बढ़ते ई-कल्चर (इलेक्ट्रॉनिक संस्कृति) को पी-कल्चर (प्ले ग्राउंड संस्कृति) में बदला जाए। यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को सचिवालय में युवा कल्याण विभाग की गेम चेंजर योजनाओं की समीक्षा बैठक लेते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय स्तर पर युवाओं को खेलों से जोड़ा जाए। युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए उन्हें साहसिक खेल गतिविधियों का प्रशिक्षण, सेना, अर्द्धसेना और पुलिस बलों में भर्ती पूर्व प्रशिक्षण दिया जाए। उनके बेहतर भविष्य के लिए परामर्श केंद्र स्थापित कर उन्हें, शिक्षा, रोजगार और अन्य पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया जाए। युवाओं में नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए नियमित जागरूकता कार्यक्रम किए जाए।

उन्होंने कहा कि विभाग की समस्त खेल परिसंपत्तियों को अधिकतम उपयोग में लाने के साथ ही उनके रख-रखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए। राज्य के सभी बहुद्देशीय हॉल में खेल गतिविधियों के साथ ही स्थानीय सांस्कृतिक गतिविधियां भी आयोजित होती रहें। उन्होंने कहा कि बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अच्छे प्रशिक्षण के साथ ही अधिकतम सुविधा देने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव को गेम चेंजर योजनाओं की नियमित समीक्षा के भी निर्देश दिए। सीएस पूर्व से चल रही योजनाओं में सुधार के लिए बनाई गई कार्ययोजना की अपने स्तर से समीक्षा करेंगे।

## देश-विदेश

# 100 देशों को रक्षा उपकरण निर्यात कर रहा भारत : राजनाथ

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि देश में बनाए गए रक्षा उपकरण करीब 100 देशों को निर्यात किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रक्षा उद्योग के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सशस्त्र बलों की ओर से पांच सूचियां जारी की गई हैं, जिनमें कुल 509 रक्षा उपकरण, हथियार प्रणाली और रक्षा प्लेटफॉर्म शामिल हैं। इनका उत्पादन अब देश में ही किया जाएगा। नई दिल्ली में रक्षा तैयारी से जुड़े विषय पर बोलते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि साल 2013-14 में देश का रक्षा निर्यात मात्र 686 करोड़ रुपए का था। वित्त वर्ष 2024-25 में यह बढ़कर 23,622 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। करीब सौ देशों को भारत में बने रक्षा उत्पाद निर्यात किए जा रहे हैं। इस साल रक्षा निर्यात बढ़ाकर 30,000 करोड़ रुपए और साल 2029 तक 50,000 करोड़ रुपए करने का लक्ष्य है।

उन्होंने बताया कि डिफेंस पीएसयू ने भी पांच सूचियां जारी की हैं। इनमें कुल 5,012 उत्पाद शामिल हैं। इनका भी उत्पादन अब अनिवार्य रूप से भारत में ही किया जाएगा। हम बेहद मजबूती के साथ, नियोजित तरीके से आत्मनिर्भर और मजबूत डिफेंस सेक्टर बनाने की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। 'मेक इन इंडिया' की ओर आगे बढ़ते समय घरेलू कंपनियों के हितों का भी ध्यान रखा गया।

## अमेरिका ने ईरान से कच्चा तेल खरीदने पर चीन की रिफाइनरी पर लगाया प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान से एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य का तेल खरीदने पर चीन की एक रिफाइनरी पर प्रतिबंध लगाया है। अमेरिका के वित्त मंत्रालय ने कहा कि इस धन से ईरान की सरकार को और ईरान समर्थित आतंकवादी समूहों को आर्थिक मदद मिलती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के अनुसार जिस रिफाइनरी पर प्रतिबंध लगाया गया है, उसे ईरान से कच्चे तेल की दर्जनों खेप प्राप्त हुईं, जिनकी कीमत एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार कुछ खेप ईरान के अर्धसैनिक बल 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' से जुड़ी एक कंपनी से थी।

# देश से 2026 तक हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगा नक्सलवाद : शाह

**एजेंसी, नीमच ( मप्र )**



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने वीरवार को कहा कि भारत में सिर्फ चार जिलों तक सीमित नक्सलवाद को अगले साल 31 मार्च तक खत्म कर दिया जाएगा। नक्सलियों को समेटने में सीआरपीएफ का बड़ा योगदान है। सीआरपीएफ इस मिशन की रीढ़ है।

वह मध्यप्रदेश के नीमच जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 86वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद भारत में सिर्फ चार जिलों तक सीमित रह गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि 31 मार्च 2026 तक देश से यह समस्या खत्म हो जाएगी। सीएपीएफ (केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल) और सीआरपीएफ, खासकर इसकी कोबरा बटालियन देश से नक्सलवाद को खत्म करने में अहम भूमिका निभा रही है। 'कमांडो बटालियन फॉर रेसोल्यूट एक्शन' (कोबरा) सीआरपीएफ की एक विशेष इकाई है, जो गुरिल्ला और जंगल युद्ध में खासकर नक्सली खतरे से निपटने में अपनी दक्षता के लिए जानी जाती है। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ ने नक्सल (प्रभावित) क्षेत्रों में 400 से अधिक अग्रिम संचालन बेस स्थापित किए हैं।

## सुप्रीम कोर्ट का शरीयत नहीं, उत्तराधिकार कानून लागू करने की मांग वाली याचिका पर संज्ञान, केंद्र और केरल को नोटिस

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने एक मुस्लिम युवक की ओर से दायर शरीयत के बजाय उत्तराधिकार कानून लागू करने की मांग वाली याचिका का संज्ञान लिया है। कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और केरल सरकार को नोटिस जारी करके याचिका पर जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने केरल के त्रिशूर जिले के निवासी नौशाद केके की याचिका पर संज्ञान लिया।

याचिका में कहा गया था कि नौशाद इस्लाम धर्म छोड़े बिना शरीयत के बजाय उत्तराधिकार कानून के तहत शासित होना चाहते हैं। पीठ ने इस याचिका को इस मुद्दे पर लंबित समान मामलों के साथ संलग्न करने का आदेश दिया।

# बंगाल के 26 हजार शिक्षकों को सुप्रीम कोर्ट से राहत

## नई भर्ती तक पढ़ा सकेंगे, 31 मई तक एसएससी को नोटिफिकेशन जारी करने का निर्देश

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**पश्चिम** बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले मामले में सुप्रीम कोर्ट ने वीरवार को करीब 26,000 बर्खास्त शिक्षकों को राहत दी है। कोर्ट ने कहा कि जिन शिक्षकों की नियुक्ति रद्द हुई है, वे नई चयन प्रक्रिया पूरी होने तक पढ़ाना जारी कर सकते हैं। हालांकि, उनका नाम 2016 के घोटाले मामले में नहीं आया हो। कोर्ट ने कहा कि हम नहीं चाहते कि बच्चों की पढ़ाई कोर्ट के फैसले से बाधित हो। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि बंगाल स्कूल सर्विस कमिशन (एसएससी) को 31 मई तक भर्ती प्रक्रिया का नोटिफिकेशन जारी करना होगा। 31 दिसंबर तक चयन प्रक्रिया पूरी हो जानी चाहिए।

बंगाल सरकार और एसएससी को 31 मई तक भर्ती का विज्ञापन जारी कर उसका पूरा शेड्यूल कोर्ट को सौंपना होगा, अगर तय समय में प्रक्रिया पूरी नहीं हुई, तो कोर्ट उचित कार्वाई और जुर्माना लगाएगा।

# भारत की जीडीपी 2025 में 6 .5% की दर से बढ़ेगी : यूएन रिपोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** 2025 में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बना रहेगा और इस दौरान देश की जीडीपी विकास दर 6.5 प्रतिशत रह सकती है।

यह जानकारी यूएनसीटीएडी की रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में कहा कि भारत की विकास दर में तेजी ऐसे समय पर बनी हुई है, जब इंटरनेशनल ट्रेडिंग सिस्टम द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पहली बार इतनी बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहा है और दुनिया मंदी के रास्ते पर जा रही है। यूएन की रिपोर्ट में भारत को उन देशों में शामिल किया गया है जो उच्च सरकारी व्यय और मौद्रिक नीति प्रोत्साहन के साथ विकास को गति दे रहे हैं। रिपोर्ट में जारी अनुमान के मुताबिक, चीन की वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत रह सकती है, जबकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था के एक प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है।

यूरोपीय संघ की वृद्धि दर भी 1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है, हालांकि, फ्रांस, जर्मनी और इटली की जीडीपी वृद्धि दर 1 प्रतिशत से कम रहने की उम्मीद है। इसी तरह, जापान की जीडीपी वृद्धि दर घटकर मात्र 0.5 प्रतिशत रह सकती है। रिपोर्ट में बताया गया कि 2024 के अंत और 2025 की शुरुआत में वैश्विक व्यापार में तेजी आंशिक रूप से फ्रंट-लोडेड ऑर्डर के कारण आई।

## अमेरिका गृह मंत्रालय ने हार्वर्ड में विदेशी छात्रों की दाखिला प्रक्रिया पर रोक लगाने की दी चेतावनी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के गृह मंत्रालय ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय को चेतावनी दी कि अगर वह अंतरराष्ट्रीय छात्र वीजा धारकों की 'अवैध और हिंसक' गतिविधियों के बारे में 30 अप्रैल तक रिकॉर्ड उपलब्ध कराने में विफल रहता है तो विदेशी छात्रों को दाखिला देने की विश्वविद्यालय की प्रक्रिया पर रोक लगा दी जाएगी। मंत्रालय ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय को दिए गए 27 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक के अनुदान को भी रद्द कर दिया है। हार्वर्ड के खिलाफ ट्रंप प्रशासन की यह ताजा कार्वाई 2.2 अरब अमेरिकी डॉलर के संघीय वित्त पोषण पर रोक लगाने के बाद की गई है, क्योंकि विश्वविद्यालय ने प्रशासन की मांगों की एक सूची को अस्वीकार कर दिया था। प्रशासन ने विश्वविद्यालय की कट्टरपंथी विचारधारा के कारण उसके कर-मुक्त दर्जे को रद्द करने का भी प्रस्ताव रखा है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि गृह मंत्री क्रिस्टी नोएम ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय को दिए जाने वाले कुल 27 लाख डॉलर के दो अनुदानों को रद्द करने की घोषणा की है।

# सेंसेक्स में 1509 और निफ्टी में आया 414 अंक का उछाल

**एजेंसी, मुंबई**



**शेयर** बाजार में वीरवार को बुधवार को गिरावट के बाद बड़ी तेजी रही। सेंसेक्स 1509 अंक (1.96 फीसदी) चढ़कर 78,553 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 414 अंक (1.77 फीसदी) की तेजी रही, ये 23,852 के स्तर पर बंद हुआ। सुबह सेंसेक्स में करीब 350 अंकों की गिरावट थी यानी निचले स्तर से सेंसेक्स करीब 1900 अंक संभला।

वहीं, निफ्टी करीब 140 अंक नीचे था। ये निचले स्तर से करीब 550 अंक संभला। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 में तेजी रही। जोमैटो 4.37 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक 3.68 फीसदी, एयरटेल 3.63 फीसदी, सनफार्मा 3.50 फीसदी और एसबीआई 3.28 फीसदी ऊपर बंद हुए। मारुति और टेक महिंद्रा में मामूली गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 43 में तेजी रही। एनएसई का निफ्टी प्राइवेट बैंक इंडेक्स 2.23 फीसदी, फाइनेंशियल सर्विसेज 2.05 फीसदी, सरकारी बैंक 1.64 फीसदी, ऑयल एंड गैस 1.23 फीसदी और ऑटो में 1.03 फीसदी की तेजी रही।

# बंगाल सरकार बोली- हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद में स्थिति नियंत्रण में है

**एजेंसी, कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल सरकार ने वीरवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के समक्ष एक रिपोर्ट पेश की और दावा किया कि हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में है।

न्यायमूर्ति सौमेन सेन और न्यायमूर्ति राजा बसु चौधरी की खंडपीठ राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि मुस्लिम बहुल जिले में सांप्रदायिक दंगों के दौरान बम विस्फोट हुए थे। याचिका में उन्होंने अनुरोध किया था कि हिंसा की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपी जाए। राज्य सरकार ने अदालत के समक्ष यह भी कहा कि जिले में हिंसा को रोकने के लिए पुलिस और प्रशासन द्वारा पर्याप्त कदम उठाए गए हैं।

### मणिपुर हिंसा : बीरेन सिंह की भूमिका संबंधी ऑडियो क्लिप की प्रामाणिकता पर रिपोर्ट तैयार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि मणिपुर में जातीय हिंसा के मामले में कथित तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह की संलिप्तता संबंधी लीक हुई ऑडियो क्लिप की प्रामाणिकता पर फॉरेंसिक रिपोर्ट तैयार है और इसे शीघ्र ही सीलबंद लिफाफे में दाखिल कर दिया जाएगा।

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड




ऑरेंज कैप
**निकोलस पूरन**
357




पर्पल कैप
**नूर अहमद**
12



सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
31

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दिल्ली | 06 | 05 | 01 | 010 |
| 2. | गुजरात | 06 | 04 | 02 | 08 |
| 3. | बेंगलुरु | 06 | 04 | 02 | 08 |
| 4. | पंजाब | 06 | 04 | 02 | 08 |
| 5. | लखनऊ | 07 | 04 | 03 | 08 |
| 6. | कोलकाता | 07 | 03 | 04 | 06 |
| 7. | मुंबई | 06 | 02 | 04 | 04 |
| 8. | राजस्थान | 07 | 02 | 05 | 04 |
| 9. | हैदराबाद | 06 | 02 | 04 | 04 |
| 10. | चेन्नई | 07 | 02 | 05 | 04 |

## स्पोर्ट्स विंडो

### लीमा विश्व कप : रेइजा ढिल्लों महिला स्कीट में पांचवें स्थान पर

**एजेंसी, लीमा (पेरू)।** पेरिस ओलंपिक खेल चुकी रेइजा ढिल्लों अपने पहले आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में महिला स्कीट स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रही। दिन की दूसरी स्पर्धा के बाद भारत दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य जीतकर चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। पूर्व जूनियर विश्व चैंपियनशिप रजत पदक विजेता और एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत चुकी रेइजा 60 शॉट के निर्णायक मुकाबले में 26 हिट के बाद बाहर हो गई। वह चौथे स्थान पर रही चीन की जियांग यितिंग से पार नहीं पा सकी, जो पेरिस ओलंपिक में मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीत चुकी है। तीन बार की ओलंपिक चैंपियन और छह बार ओलंपिक पदक जीत चुकी किंबरली रोडे ने स्वर्ण पदक जीता। अमेरिका की ही सामंथा सिमोंटोन दूसरे और पूर्व विश्व चैंपियन डानिया जो विज्जी तीसरे स्थान पर रही। भारत की गनीमत सेखों नौवें और दर्शना राठौड़ 15वें स्थान पर रहीं।



### इरफान अपनी पत्नी सफा के साथ

**मुंबई ।** भारतीय पूर्व क्रिकेटर इरफान खान की पत्नी सफा बेग खूबसूरत होने के साथ-साथ ब्यूटी विद ब्रेन का उदाहरण रही हैं। मॉडलिंग करियर के अलावा सफा की नेल आर्ट में भी गहरी रुचि है और इसमें वह काफी शानदार भी हैं। अकसर उनकी तस्वीरों में आप उनकी नेल आर्ट को देख सकते हैं। सफा मॉडल भी काम कर चुकी हैं।



### रियाल मैड्रिड को हराकर आर्सेनल चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में

**एजेंसी, मैड्रिड।** आर्सेनल ने गत चैंपियन रियाल मैड्रिड को क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में 2-1 से हराकर 2009 के बाद पहली बार चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आर्सेनल ने पिछले सप्ताह लंदन में खेले गए क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में 3-0 से जीत हासिल की थी और इस तरह से उसने रियाल मैड्रिड को कुल मिलाकर 5-1 से करारी शिकस्त दी। आर्सेनल ने इस तरह से पहली बार यूरोप की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता जीतने की संभावना बरकरार रखी। सेमीफाइनल में उसका मुकाबला पेरिस सेंट-जर्मेन से होगा।



**आईपीएल** आरसीबी को क्रुणाल पांड्या और सुयश शर्मा से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

# पंजाब की स्पिन के सामने आरसीबी को करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**एजेंसी, बेंगलुरु**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को अगर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अपने घरेलू मैदान पर पहली जीत दर्ज करनी है, तो उसके बल्लेबाजों को शुक्रवार को यहां होने वाले मैच में युजवेंद्र चहल की अगुवाई वाले पंजाब किंग्स के स्पिन आक्रमण का डटकर सामना करना होगा।

आरसीबी के बल्लेबाजों को यहां की धीमी पिच पर गुजरात टाइटंस के आर साई किशोर तथा दिल्ली कैपिटल्स के कुलदीप यादव और विपराज निगम के सामने संघर्ष करना पड़ा था तथा चहल और ग्लेन मैक्सवेल उसकी इस कमजोरी का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। यही नहीं चहल और मैक्सवेल लंबे समय तक आरसीबी की तरफ से खेलते रहे हैं और यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं।

कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ चार विकेट लेकर फॉर्म में लौटने वाले चहल का सामना करना किसी भी बल्लेबाज के लिए आसान नहीं होता, जबकि मैक्सवेल को बल्लेबाजी में खराब प्रदर्शन के बावजूद अंतिम एकादश में जगह मिलना तय है। चहल जादुई गेंदों के बजाय लेंथ के मास्टर हैं। यह लेग स्पिनर ऑफ-स्टंप के बाहर गेंद करके बल्लेबाजों को लंबे शॉट खेलने का लालच देता है जिससे कि वह सीमा रेखा के करीब कैच दे देते हैं। वह अपनी गति में भी काफी चतुराई से बदलाव करते हैं और यदि बल्लेबाजों को उनके खिलाफ छक्के मारने हैं तो उन्हें अतिरिक्त प्रयास करने की जरूरत होती है। मैक्सवेल भी एक ऐसा स्पिनर है, जो बड़े टर्न या डिपर्स के बजाय नियंत्रण पर भरोसा करता है। आरसीबी के पास क्रुणाल पांड्या और सुयश शर्मा के रूप में अच्छे स्पिनर हैं और टीम उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी।



पंजाब टीम के पास अर्शदीप सिंह और मार्को यानसन के रूप में अच्छे तेज गेंदबाज हैं, हालांकि वे आरसीबी के जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार जितने अनुभवी नहीं हैं। अगर कप्तानों की बात करें तो रजत पाटीदार और श्रेयस अय्यर में बहुत कम समानता है। इस टूर्नामेंट में एक बल्लेबाज के रूप में शानदार रिकार्ड रखने वाले अय्यर ने आईपीएल विजेता कप्तान के रूप में अपनी साख साबित की है। दूसरी तरफ पाटीदार आईपीएल में पहली बार कप्तान बने हैं, लेकिन असमानता यहीं पर खत्म हो जाती है, क्योंकि यह दोनों खिलाड़ी शांत रहकर बड़ी कुशलता से अपनी टीमों का नेतृत्व कर रहे हैं। इन दोनों खिलाड़ियों को स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अच्छा बल्लेबाज माना जाता है और इसलिए बल्लेबाजी में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

कोलकाता के खिलाफ कम स्कोर वाले मैच में जीत दर्ज करने से पंजाब का हौसला बढ़ा होगा लेकिन उसे आरसीबी से सतर्क रहना होगा, जिसकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी में काफी गहराई है और उस पर पार पाना किसी भी टीम के लिए आसान काम नहीं होता है।

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, यश दयाल, जोश हेजलवुड, फिल साल्ट, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), लियाम लिविंगस्टोन, रसिख सलाम, सुयश शर्मा, क्रुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, स्वप्निल सिंह, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, नुवान तुषारा, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, देवदत्त पडिक्कल, स्वास्तिक छिकारा, लुंगी एनगिडी। अभिनंदन सिंह, मोहित राठी।

**पंजाब किंग्सः** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), नेहल वढेरा, शशांक सिंह, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, मार्को यानसन, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, यश ठाकुर, सूर्यांश शेडगे, प्रवीण दुबे, विजयकुमार विशक, हरप्रीत बराड़, अजमतुल्लाह उमरजई, जोश इंग्लिस, जेवियर बार्टलेट, विष्णु विनोद, आरोन हार्डी, कुलदीप सेन। हरनूर सिंह, मुशीर खान, पला अविनाश।

## टी20 मुंबई लीग का चेहरा होंगे रोहित शर्मा

**एजेंसी, मुंबई**

भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा टी20 मुंबई लीग के दूत होंगे और एमसीए को उम्मीद है कि श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव जैसे सितारे भी इस टूर्नामेंट में भाग लेंगे जो कोरोना महामारी के कारण दो सत्र बाद आयोजित नहीं किया जा सका। यह लीग 2018 और 2019 में खेली गई थी जिसके बाद कोरोना महामारी के कारण बंद हो गई। रोहित टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं लेकिन आईपीएल खेलते हैं। मुंबई के नामचीन खिलाड़ियों में रोहित के अलावा सूर्यकुमार, श्रेयस, अजिंक्य रहाणे, शिवम दुबे, तुषार देशपांडे और पृथ्वी साव हैं। टेस्ट बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल कुछ दिन पहले मुंबई से गोवा चले गए। एमसीए के एक अधिकारी ने कहा,''हमने मुंबई के खिलाड़ियों के लिए इसमें भाग लेना अनिवार्य नहीं किया है, लेकिन हमें उम्मीद है कि वे टी20 मुंबई लीग खेलेंगे। इससे मुंबई क्रिकेट, क्रिकेटरों और लीग को फायदा मिलेगा। एमसीए को टूर्नामेंट के लिए 2800 से अधिक आवेदन मिले हैं।



### उबर के विज्ञापन को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय पहुंचा आरसीबी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने वीरवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर करके एक यूट्यूब विज्ञापन पर उसके ट्रेडमार्क का अपमान करने का आरोप लगाया। न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की अंतरिम याचिका पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना आदेश सुरक्षित रखा।

रॉयल चैलेंजर्स स्पोर्ट्स प्राइवेट लि. ने उबर इंडिया सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ मुकदमा दायर किया और दावा किया कि उबर मोटो का यूट्यूब विज्ञापन उसके ट्रेडमार्क का अपमान करता है। इस विज्ञापन का शीर्षक 'बैडीज इन बेंगलुरु फीट ट्रैविस हेड' है। आरसीबी ने कहा कि वीडियो में मुख्य किरदार सनराइजर्स हैदराबाद के क्रिकेटर हेड ने उसके ट्रेडमार्क का अपमान किया है।

## सनराइजर्स हैदराबाद की खराब शुरुआत

**एजेंसी, मुंबई**

आईपीएल का 33वां मैच मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। मुंबई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। रोहित शर्मा को इम्पैक्ट प्लेयर में रखा गया है। ओपनिंग बल्लेबाजी करने उतरे अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड ने अच्छी शुरुआत की। विल जैक्स ने मैच की पहली गेंद पर अभिषेक शर्मा का कैच छोड़ा, जो कि मुंबई को महंगा साबित हुआ। उसके बाद अभिषेक ने 28 गेंदों में 40 रन बनाए और पांड्या ने उन्हें राज अंगद बावा के हाथों कैच करवाया। उसके बाद ईशान किशन बल्लेबाजी करने आए और वह भी 3 गेंदों में 2 रन बनाकर चलते बने। ईशान को विल जैक्स ने स्टपिंग करवाया। उसके बाद ट्रैविस हेड ने थोड़ी देर पारी को संभाला, लेकिन वह भी कुछ खास नहीं कर पाए और 29 गेंदों में 28 रन बनाकर मिचेल सेंटनर के हाथों कैच दे बैठे। समाचार लिखे जाने तक हैदराबाद ने 12 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 83 रन बना लिए थे। नितिश कुमार रेड्डी (6) रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे और उनका साथ हैनरिक क्लासेन दे रहे थे।




## दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल पर जुर्माना

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल पर यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक जमा किया गया है। बुधवार को खेला गया यह मैच काफी रोमांचक रहा था, जिसमें दिल्ली ने सुपर ओवर में जीत हासिल की थी।

आईपीएल के बयान के अनुसार, ''भारत के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने आईपीएल आचार संहिता के खेल भावना से विपरीत आचरण करने से संबंधित अनुच्छेद 2.20 के लेवल एक का अपराध स्वीकार कर लिया है।'' बयान में कहा गया है, ''दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल पर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक जमा कर दिया गया है। मुनाफ ने मैच रेफरी के इस फैसले को स्वीकार कर लिया है।''



बयान में यह नहीं बताया गया है कि मुनाफ ने क्या गलती की थी लेकिन माना जा रहा है कि एक मैच अधिकारी के साथ बहस करने के कारण उन्हें दंडित किया गया है। मुनाफ संदेश देने के लिए अपने एक खिलाड़ी को मैदान में भेजना चाहते थे, लेकिन मैच अधिकारियों ने उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी।

## साई बिलासपुर बना यूथ स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में ओवरऑल विजेता



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

शिमला में 14 से 16 अप्रैल, 2025 तक आयोजित यूथ स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में साई एसटीसी बिलासपुर की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल टीम चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। खिलाड़ियों ने अनुशासन, समर्पण और अद्भुत खेल भावना का परिचय देते हुए पूरे प्रदेश में संस्थान का नाम रोशन किया।

टीम के साहिल ठाकुर (50 किग्रा), प्रांजल ठाकुर (55 किग्रा), सागर ठाकुर (70 किग्रा) और अनिकेत ठाकुर (85 किग्रा) ने स्वर्ण पदक हासिल किए। प्रांजल ठाकुर को प्रतियोगिता का 'बेस्ट बॉक्सर' घोषित किया गया। इसके अतिरिक्त, ऋषव बिमटा (60 किग्रा) ने रजत पदक के साथ 'बेस्ट चैलेंजर/लूजर' का खिताब जीता, जबकि शिवम थांक (65 किग्रा) ने रजत और अर्मान ठाकुर (60 किग्रा) ने कांस्य पदक प्राप्त किया। साई बिलासपुर के इंचार्ज विजय नेगी ने बताया कि स्वर्ण पदक विजेता सभी खिलाड़ी आगामी 20 अप्रैल से नोएडा (उत्तर प्रदेश) में आयोजित होने जा रही यूथ नेशनल्स बॉक्सिंग चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण ने संस्थान को गौरवान्वित किया है। साथ ही उन्होंने आगामी प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं भी दीं।

## स्मृति मंधाना बनी रत्नागिरी जेट्स की आइकन खिलाड़ी

**एजेंसी, पुणे**

भारत की उपकप्तान स्मृति मंधाना को वीरवार को रत्नागिरी जेट्स का आइकन खिलाड़ी नामित किया गया जो महिला महाराष्ट्र प्रीमियर लीग (डब्लूएमपीएल) में खेलेगी। डब्लूएमपीएल का पहला टूर्नामेंट पिछले साल जून में खेला जाना था, लेकिन दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम के भारत दौरे के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था और बाद में इसके आयोजन के लिए सही तारीख नहीं मिल पाई थी।



रत्नागिरी जेट्स ने लगातार दो वर्षों तक महाराष्ट्र प्रीमियर लीग का पुरुष टूर्नामेंट जीता है। मंधाना ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''फ्रेंचाइजी ने एमपीएल में सफलता और महिलाओं के खेल के लिए स्पष्ट दृष्टिकोण दिखाया है। मैं इस सफर को नए मुकाम पर पहुंचाने को लेकर उत्साहित हूं।''

## नीरज चोपड़ा ने जीती पॉट इनविटेशनल ट्रैक प्रतियोगिता

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में पॉट इनविटेशनल ट्रैक प्रतियोगिता जीतकर अपने सत्र की शानदार शुरुआत की। चोपड़ा ने वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर चैलेंजर प्रतियोगिता में 84.52 मीटर की दूरी तक भाला फेंककर छह खिलाड़ियों के बीच चले मुकाबले में शीर्ष स्थान हासिल किया। चोपड़ा दक्षिण अफ्रीका के 25 वर्षीय डौव स्मिट से आगे रहे, जिनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 82.44 मीटर था। चोपड़ा का प्रदर्शन हालांकि उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर से कम था, जबकि स्मिट अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 83.29 मीटर के करीब पहुंच गए।




**फैसला** वरिष्ठ स्टार खिलाड़ी के बीच की लड़ाई में नायर बने 'बलि का बकरा'

# नायर को भारतीय टीम के सहायक कोच पद से हटाया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम के सहायक कोच अभिषेक नायर को सहयोगी स्टाफ के एक हाई-प्रोफाइल सदस्य के साथ अनबन की अटकलों के बीच सिर्फ आठ महीने बाद ही पद से हटा दिया गया है, हालांकि इसका कारण न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैचों में हार को बताया जा रहा है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों की मानें तो नायर को सहयोगी स्टाफ से हटाने के बीसीसीआई के फैसले के बारे में पहले ही सूचित कर दिया गया है।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, ''भारत की टेस्ट क्रिकेट में हाल की हार (न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ) के बाद सहयोगी स्टाफ को लेकर मंथन चल रहा था, लेकिन बीसीसीआई में यह भी महसूस हो रहा है कि सहयोगी स्टाफ के एक महत्वपूर्ण सदस्य और एक वरिष्ठ स्टार खिलाड़ी के बीच की लड़ाई में नायर बलि का बकरा बन गए।'' फील्डिंग कोच टी दिलीप और स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच सोहम देसाई का भी अपने-अपने पदों पर तीन साल से अधिक समय पूरा करने के बाद बाहर होना तय है, क्योंकि बीसीसीआई की नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) ने सहयोगी स्टाफ का कार्यकाल तीन साल तक सीमित कर दिया है।

पता चला है कि भारत के पहले स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच एड्रियन ले रॉक्स के दूसरे कार्यकाल के लिए लौटने की संभावना है। विश्व कप 2003 के दौरान तत्कालीन सौरव गांगुली की अगुवाई वाली भारतीय टीम में एक नई फिटनेस संस्कृति की शुरुआत करने के लिए दक्षिण अफ्रीका के इस कोच को बहुत श्रेय दिया जाता है। जब बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया से पीटीआई ने संपर्क किया, तो उन्होंने न तो इसकी पुष्टि की और न ही इससे इनकार किया।



**सहयोगी स्टाफ में भी होगा बदलाव**

सैकिया ने अटकलों के बारे में पूछे जाने पर कहा, ''कुछ चीजों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आपको कुछ दिनों में इस बारे में सूचित कर दिया जाएगा।''

बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने कहा, ''ऑस्ट्रेलिया दौरे के ठीक बाद बीसीसीआई ने समीक्षा बैठक की थी, जिसमें सचिव देवजीत सैकिया और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला सहित बोर्ड के शीर्ष अधिकारी, भारतीय टीम से जुड़े महत्वपूर्ण सदस्य और राष्ट्रीय चयनकर्ता उपस्थित थे।'' उन्होंने कहा,''इस बैठक में सहयोगी स्टाफ से एक वरिष्ठ सदस्य ने नायर की भूमिका को लेकर आशंका व्यक्त की थी और कहा था कि उनकी उपस्थिति से ड्रेसिंग रूम में विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। बीसीसीआई ने तुरंत कार्रवाई नहीं की, लेकिन वे कोटक को ले आए। यह चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान नायर को किनारे करने का एक तरीका था।''

## स्टार्क ने डेथ ओवरों में सिर्फ यॉर्कर फेंकने की योजना बनाई थी: अक्षर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सुपर ओपर में मिली जीत का श्रेय मिचेल स्टार्क को देते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलिया के इस अनुभवी तेज गेंदबाज ने यॉर्कर फेंकने की योजना बनाई थी और इसे काफी अच्छी तरह अंजाम दिया।

दिल्ली के 189 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स की टीम नितीश राणा (51 रन, 28 गेंद, छह चौके, दो छक्के) और यशस्वी जायसवाल (51 रन, 37 गेंद, चार छक्के, तीन चौके) के अर्द्धशतक के बावजूद चार विकेट पर 188 रन ही बना सकी, जिससे मैच सुपर ओवर तक खिंचा। रॉयल्स की टीम एक समय 14वें ओवर में एक विकेट पर 112 रन बनाकर काफी मजबूत स्थिति में थी लेकिन दिल्ली की टीम स्टार्क (36 रन पर एक विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से वापसी करने में सफल रही। स्टार्क ने अपने अंतिम दो ओवर में सिर्फ 16 रन दिए। स्टार्क ने इसके बाद सुपर ओवर में भी रॉयल्स को सिर्फ 11 रन पर रोक दिया। अक्षर ने डेथ ओवरों में लगातार यॉर्कर फेंकने की योजना को बेहद प्रभावी तरीके से लागू करने और बाउंसर आदि का इस्तेमाल करके विविधता लाने का प्रयास नहीं करने के लिए स्टार्क की जमकर तारीफ की।



अक्षर ने कहा, ''अंत में जब स्टार्क के दो ओवर बचे हुए थे तो मुझे भरोसा था कि अगर दाएं-बाएं हाथ के बल्लेबाजों का संयोजन है तो भी स्टार्क अपनी गति से उन्हें छका सकता है।''